किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 323 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 02 सितंबर 2022 http://samajjagran.in पेजः 12 मूल्य 05 रुपया

शासकीय आयोजनः जिलाधिकारी ने किया राष्ट्रीय पोषण माह का जनपद में शुभारम्भ

बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा सितंबर माह में होगा यह कार्यक्रम

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिलाधिकारी बलिया द्वारा विकास भवन में पोषण माह सितम्बर 2022 का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की।

माह सितम्बर, 2022 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में ग्रामीण स्तर पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में गठित ग्राम पंचातय की विभिन्न समितियों एवं पोषण पंचायत का गठन करते हुए संभव अभियान के अर्न्तगत चिन्हित सैम एवं गम्भीर अल्पवजन बच्चों में सुधार लाने, स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता कराकर स्वस्थ बालक एवं बालिका को पुरूस्कृत करने, स्कूलों में पोषण मेले का आयोजन करने, जन आंदोलन के माध्यम से जनसंवेदीकरण करने एवं पोषण अभियान डैशबोर्ड पर उपरोक्त गतिविधियों को दिनांक 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयोजित कर दिन प्रतिदिन अपलोड किया जायेगा। राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2022 के गतिविधियों को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने हेतु शुभारम्भ के समय श्री प्रवीण कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी व कन्वर्जेन्स विभाग के अधिकारी उपायुक्त मनरेगा, बलिया जिला विकास अधिकारी, बलिया, जिला पंचायत राज अधिकारी परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास, बलिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बलिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर एवं हनुमानगंज तथा बाल विकास परियोजना शहर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पोषण माह सितम्बर की रैली को हरी झण्डी दिखाई गयी। जनपद की भाँति जनपद के विकास खण्डों पर बाल विकास परियोजनाओं के अर्न्तगत पोषण माह सितम्बर का शुभारम्भ बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया गया। राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर में आयोजित किये जाने वाले पोषण माह का मुख्य थीम महिला और स्वास्थ्य बच्चा एवं शिक्षा पोषण भी, पढाई भी, लैंगिक संवेदनशीलता आधारित पेयजल संरक्षण एवं प्रबन्धन एवं जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं एवं बच्चों हेतु परम्परागत खाइ समूह का प्रोत्साहन है अंतविभागीय कन्वर्जेन्स स्थापित करते हुये पंचायत स्तर पर पोषण गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर सावधान यात्रा निकाल रहे सुभासपा अध्यक्ष

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 75 जिलों में सावधान यात्रा निकाल रहे है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को स्थानीय नवसृजित नगर पंचायत के बीका भगत के पोखरे पर पहुंचे।

इस दौरान मंच से उन्होंने कहा कि सभी जातियों को जोड़ने के लिए यह यात्रा निकाली जाएगी। जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के लोग जब सत्ता में रहते है तो कुछ नहीं करते। सत्ता से बेदखल होते ही जातिगत गणना की बात, एक समान शिक्षा की बात, गरीबों के फ्री इलाज की बात , बिजली माफी की बात ,पुरानी पेंशन बहाल करने की बात,सामाजिक न्याय समिति लागू करने की बात करते हैं। आखिर गरीब जनता की बात क्यों नहीं करते हैं। सभी जातियों को सावधान करने के लिए सावधान रैली निकाली जा रही है। वर्तमान सरकार में गुंडा टैक्स वसूलने वाले अपराधियों पर अंकुश लगा है। लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम को अधिकारी निचले स्तर पर नहीं उतरने दे रहे। आम जनता परेशान है। इसके पूर्व दक्षिण चट्टी पर फूल मालाओं से कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। उसके बाद समाजसेवी विनीत सिंह के आवास पर पहुंचे वहां से गाड़ी का काफिला बीका भगत के पोखरे पर पहुंचा जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह, पवन सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, मुकेश वर्मा, प्रमोद गोंड, आत्मा पासवान, राम प्रकाश गुप्त, मु०हसीब आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुग्रीव राजभर एवं संचालन नगर अध्यक्ष अजय राजभर ने किया।

गायत्री मंदिर भेडौरा में मनाया गया ऋषि पंचमी पूजन कार्यक्रम

चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र के कराया अपने निवास पर माताओं/बहनों से ऋषि पंचमी पूजन

दैनिक समाज जागरण/ ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नंबर 04 चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र के निज निवास एवं गायत्री मंदिर के प्रांगण में ऋषि पंचमी व्रत पूजन कार्यक्रम हुआ जिसमें नगर की महिलाएं/माताएं/बहनों को पं०उत्तम कुमार मिश्र ने वेदमन्त्र उच्चारण करते हुए पूजन कराया यह ऋषि पंचमी व्रत पूजन में कदली स्तम्भ, आम्र पल्लव,पंचपल्ल,कलश, यज्ञोपवीत,लाल वस्त्र, सफेद वस्त्र, कुमकुम, सिंन्दूर,गुड,धूप, तुलसी दल, दूध,पानपत्ता,दीपक,लौंग, इलायची, दूर्वा, कपूर, आदि से ऋषि भगवान की प्रतिमा,देवी देवताओं के चित्र पूजन स्थल पर रखा जाता है यह व्रत जाने अंजाने में हुए पापों को दूर करने के लिए यह व्रत और पूजन किया जाता है यह बात पंडित उत्तम कुमार मिश्र ने उपस्थित महिलाओं को बताया ऋषि पंचमी व्रत कथा भादो मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है यह व्रत समस्त पापों से छुटकारा, ऐश्वर्यों को देने वाला, स्त्रियो के सभी पापों को नाश करने वाला है और समस्त तीर्थ यात्राओ, समस्त व्रतों और दानों से जितना फल मिलता है वह सब केवल ऋषि पंचमी के व्रत पूजन से मिलता है। कथा के द्वारा आचार्य उत्तम कुमार मिश्र ने बताया इसमें महिला और पुरुष दोनों ही इस व्रत को कर सकते हैं इस पूजन व्रत मे गीता मिश्रा,आरती देवी, मीरा देवी,काजल देवी शिवांगी गुप्ता, दामिनी देवी, रोहिनी गुप्ता, निहारिका, ममता देवी, सरिता देवी, आरती देवी, बबिता देवी रोली गुप्ता, चांदनी देवी, वैशाली, महिमा देवी शशिकला, दुर्गा देवी,पारुल, सरोजनी देवी मानू गुप्ता, उर्मिला देवी आदि अनेक महिलाएं/ माताएं/बहने इस ऋषि पंचमी पूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

धूमधाम से मनाया गया पनोरमा ग्रुप का स्थापना दिवस, इको होम्स का हुआ भव्य लांचिंग

दैनिक समाज जागरण

पूर्णियां । बिहार की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी पनोरमा ग्रुप ने कल अपने सफलतम छह वर्ष पूरे किए जिसके उपलक्ष्य में ई होम्स पनोरमा, एन एच 31, बाईपास में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। माननीय मुख्य अतिथि प्रमंडलीय आयुक्त श्री गोरखनाथ, पूर्व महापौर श्रीमती बिभा कुमारी ,एवं पनोरमा ग्रुप के संस्थापक सह प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर हजारों लोगों की मौजूदगी में माननीय मुख्य अतिथि के हाथों इको होम्स का भव्य लांचिंग किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि पनोरमा ग्रुप ने पूर्व के छह वर्षों में सराहनीय कार्य किया है । पूर्णियाँ को महानगर जैसा दृश्य देने में पनोरमा ग्रुप ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस शुभ अवसर पर कंपनी ने अपने कर्मचारियों की उनके उपलब्धि हेतु सम्मानित भी किया। मौके पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने कहा कि आज हमने छह वर्ष का सफलतम सफर पूरा किया है जिसमें हमें कोशी सीमांचल के लोगों का भरपूर स्नेह व विश्वास मिला है जिसके लिए उन्होंने कोशी सीमांचल समेत पूरे बिहार के लोगों का आभार व्यक्त किया।

ध्वस्त हो चुके ट्विन टावर की जगह पर बनेगा भव्य मंदिर, रामलला और भोलेनाथ होंगे विराजमान

आरडब्ल्यूए ने मीटिंग कर इस बात पर फैसला लेने की बात कही है और यह कहा है कि सभी सोसाइटी वाली वासियों की भी यही मर्जी है. हालांकि सबसे बड़ी बात है कि अभी तक सुपरटेक के एमरोल्ड टावर का हैंडोवर सोसाइटी को नहीं हुआ है.

उत्तर प्रदेश के नोएडा में बना ट्विन टावर ध्वस्त हो चुका है. उसके बाद वहां क्या बनाया जाएगा इस बात को लेकर आज (गुरुवार) आरडब्ल्यूए की मीटिंग हुई. मीटिंग में यह फैसला लिया गया है कि वहां पर एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा. जहां पर रामलला और भोलेनाथ के साथ अन्य भगवान की मूर्तियों को स्थापित किया जाएगा. साथ ही साथ बच्चों को खेलने के लिए एक बड़ा पार्क पर बनाया जाएगा, जिसमें हरियाली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा.

आरडब्ल्यूए ने मीटिंग कर इस बात पर फैसला लेने की बात कही है और यह कहा है कि सभी सोसाइटी वाली वासियों की भी यही मर्जी है. हालांकि सबसे बड़ी बात है कि अभी तक सुपरटेक के एमरोल्ड टावर का हैंडोवर सोसाइटी को नहीं हुआ है. अभी भी मालिकाना हक बिल्डर का है.अगर बिल्डर वहां पर किसी तरीके का कोई भी कंस्ट्रक्शन करता है तो उसे दो तिहाई सोसाइटी वालों की सहमति लेनी होगी.

आरडब्ल्यूए के लोगों का कहना है कि सोसाइटी वाले पूरी तरह से आरडब्ल्यूए के साथ हैं और अगर इस पर फिर से कोई कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी तो वह तैयार रहेंगे.

सोसाइटी की तरफ से वहां एक हरे-भरे पार्क और एक भव्य मंदिर के लिए पहले से योजना बनाकर रखी गई है और यह भी कोशिश की जा रही है कि जो पार्क बनाया जाएगा. इसमें सबसे ज्यादा हरियाली रहे ताकि बच्चों को खेलने के साथ-साथ बुजुर्गों को बैठने और टहलने के लिए एक उचित स्थान मिले.

मलबे से क्या बनेगा?

ट्विन टावर के मलबे के निस्तारण सेक्टर 80 में बने सीआईडी वेस्ट प्लांट में किया जाएगा. सेक्टर-80 सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में जाएगा. ये प्लांट रैमकी कंपनी चला रही है. नोएडा का रोजाना का करीब 250 से 300 मैट्रिक टन मलबे का निस्तारण यहीं किया जाता है. अब इस प्लांट में ट्विन टावर के मलबे का निस्तारण होगा.

मलबा निस्तारण के लिए इस प्लांट पर काम दो शिफ्टों में होगा. प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा ने बताया कि प्लांट की क्षमता 850 टन की है, लेकिन नोएडा में मलबा निकलने के हिसाब से निस्तारित कराया जाता है. अब दो शिफ्टों में काम किया जाएगा,जिसके लिए मैन पावर को बढ़ाया जा सकता है. इस मलबे से टाइल्स, क्लिंकर, ईंट और अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे.

रोजाना ट्विन टावर की साइट से 250 मेट्रिक टन मलबा डंपर के जरिए साइट पर पहुंचाया जाएगा. इसके लिए 20 डंपर लगाए गए हैं. प्रति डंपर क्षमता 10 से 12 मेट्रिक टन की है. एनजीटी के नियमों के पालन करते हुए इस मलबे को ग्रीम शीट और उस पर पानी डालकर ले जाया जाएगा ताकि धूल नहीं उड़े.

ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद जो मलबा निकला है उसका आकलन करीब 80 हजार मेट्रिक टन है. इसमें 52 हजार मेट्रिक टन मलबा बेसमेंट और आसपास को भरने में काम आएगा. 28 हजार मेट्रिक टन मलबे का निस्तारण होगा.

यात्रियों सहित स्कूली बच्चों की जिंदगी के साथ हो रहा खिलवाड़,

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा - जनपद में डग्गामार वाहनों की बाढ़ सी आ गई है। जनपद की लगभग सभी प्रमुख रोड़ों में डग्गामार वाहन मनमानी तरीके से यात्रियों से पैसा भी लूटते हैं, एवं मनमानी तरीके से सवारी भर कर उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ भी करते हैं। साथ ही कुछ डग्गामार वाहन स्कूली बच्चों को भी स्कूलों तक छोड़ने व लाने का काम कर रहे हैं। लेकिन अपनी क्षमता से तीन से चार गुना यात्रियों व बच्चों को बैठाया जाता है। सभी जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मौन धारण किए हुए हैं।

आपको बतादे की बांदा शहर में बिना रजिस्ट्रेशन के ई रिक्शा चलाते हुए ज्यादातर लोग मिलेंगे साथ ही नाबालिक बच्चे ई रिक्शा चलाते मिल जाएंगे, लेकिन इस पर प्रशासन के द्वारा कोई अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया गया। वही तीन पहिए वाहन में उसकी स्कूली बच्चों को लाना ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित होने के बावजूद तीन पहिए के डग्गामार वाहन ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा सहित अन्य वाहनों में बच्चों को मनमानी तरीके से भर कर उनके जिंदगी से खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है। इस पर प्रशासन को कोई बड़ा कदम उठाते हुए कार्यवाही करनी चाहिए, अगर कोई भी वाहन अपनी मानक से ज्यादा सवारियों को बैठता है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, इसके अलावा छोटे-छोटे नाबालिक बच्चे ई रिक्शा चला रहे हैं इस पर भी रोक लगाई जानी चाहिए, आप शहर की चाहे जिस रोड में निकल जाए हर रोड में आपको कहीं ना कहीं कोई नाबालिक बच्चा ई-रिक्शा चलाते हुए मिल जाएगा,

कुछ ऑटो चालक एक ऑटो में लगभग 19 से 20 बच्चों को बैठा कर आवागमन कर रहे हैं। लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहे है। इस पर प्रशासन को नकेल कसना चाहिए, और जो भी डग्गामार वाहन स्कूली बच्चों व यात्रियों को मनमानी तरीके से भर कर आवागमन करते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए,

वही सहायक परिवहन अधिकारी बांदा शंकर सिंह से जब इस मामले में बात की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि जल्द ही इस मामले में कोई बड़ा कदम उठाया जाएगा, डग्गामार वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, लेकिन देखने वाली बात यह है कि आखिर कब डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही होगी या किसी बड़े हादसे के बाद ही परिवहन विभाग की नींद खुलेगी,

राज्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप से बांदा

कई दिनों से लगातार जारी है वितरण कार्य

बांदा।तिंदवारी विधानसभा के समूचे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से संवाद व संपर्क कर उनकी समस्याओं का निदान करते हुए लगातार एक हफ्ते से ज्यादा समय से उन्हें राहत सामग्री पहुंचाने के क्रम में क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बृहस्पतिवार को लौमर, चिल्ला, मदनपुर आदि गावों व मजरों में अपनी टीम के साथ पहुंचकर जरूरतमंदों को राहत सामग्री बांटी।

बाढ़ की विभीषिका झेल रहे यमुना व केन के तटीय गांवों में बीते 1 हफ्ते से ज्यादा समय से लगातार जरूरतमंदों को राहत सामग्री व अन्य आवश्यक मदद पहुंचा कर एक बार फिर से क्षेत्रीय नेता व जनप्रतिनिधि के रूप में राम के निषाद का नाम क्षेत्रीय जनता के मुख से बरबस निकल पड़ता है। कोरोना महामारी के विश्वव्यापी संकट के दौरान भाजपा जिलाअध्यक्ष के रूप में रामकेश निषाद ने पूरे जनपद में अपनी जान की परवाह न करते हुए सेवा ही संगठन को चरितार्थ किया था।

वर्तमान में क्षेत्रीय भाजपा कार्यकताओं व जनप्रतिनिधियों की कई टीमें लगातार क्षेत्रीय विधायक रामकेश निषाद के निर्देशन में गांव गांव पहुंच रही हैं और और प्रभावित लोगों को राहत सामग्री व अन्य आवश्यक सहायता पहुंचा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री होते हुए बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन कर प्रदेश की राजधानी व प्रदेश के अन्य जनपदों में सरकार के निर्देशन पर अन्य कार्यों में व्यस्तता के बावजूद अपनी विधानसभा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पहुंचकर प्रभावित लोगों को आवश्यक मदद पहुंचा रहे हैं। इस क्रम में बृहस्पतिवार को राज्यमंत्री निषाद लौमर, चिल्ला, मदनपुर, तारा आदि गांवों में अपनी टीम के साथ पहुंचकर प्रभावित लोगों को राहत सामग्री सौंपी।

इस अवसर पर भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजनारायण द्विवेदी, जसपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद,दिलीप गुप्ता लौमर प्रधान योगेंद्र मिश्रा, चिल्ला प्रधान रामकिशन निषाद, मदनपुर प्रधान शमशाद अली, तारा प्रधान वीरेंद्र पटेल, बलबीर सिंह, शिव मोहन सिंह, कमलेश सोनकर, जिला पंचायत सदस्य संतराम सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित निगम, जसपुरा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, जसपुरा प्रधान राज बहादुर सिंह, भाजपा नेता राकेश सिंह चौहान, प्रकाश सेंगर आदि भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डॉ. पवन बने मनोहर लाल टेकरीवाल महाविद्यालय सहरसा के प्रभारी प्रधानाचार्य

मधेपुरा/सहरसा । बीएनएमयू के पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार को मनोहर लाल टेकरीवाल महाविद्यालय, सहरसा के प्रभारी प्रधानाचार्य नियुक्ति किया गया है। इसके पूर्व वे विश्वविद्यालय में नियुक्ति कोषांग के निदेशक और स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग, पश्चिमी परिसर, सहरसा के अध्यक्ष भी रहे हैं। डॉ. पवन को डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, परिसंपदा पदाधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार, विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री, उप कुलसचिव स्थापना डॉ. सुधांशु शेखर आदि ने बधाई दी है।

मालूम हो कि डॉ. पवन ने अपने विद्यार्थी जीवन का अधिकांश भाग पटना विश्वविद्यालय, पटना में बिताया है। वहीं से 1982 में स्नातक, 1985 में स्नातकोत्तर एवं 1994 में पी-एच. डी. की डिग्री प्राप्त की है। इन्होंने 6 नवंबर, 1996 को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया। 6 नवंबर, 2013 से इनकी प्रोफेसर के रूप में प्रोन्नति हुई है।

नव गठित आईक्यूएसी के पच्चीस सदस्य

मधेपुरा । नव गठित आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ अर्थात इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) में कुल पचीस सदस्य शामिल हैं। कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तथा प्रति कुलपति डॉ. आभा सिंह उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसमें छः प्रशासनिक अधिकारी यथा- वित्तीय परामर्शी नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बीएन विवेका, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, महाविद्यालय निरीक्षक कला एवं वाणिज्य डॉ. गजेन्द्र कुमार, महाविद्यालय निरीक्षक विज्ञान डॉ. भूपेंद्र नारायण सिंह, केंद्रीय पुस्तकालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. अशोक कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. पी. राजेश के नाम शामिल हैं। प्रकोष्ठ में आठ शिक्षकों को भी स्थान दिया गया है। इनमें विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार, वाणिज्य विभाग के डॉ. पी. एन. सिंह, वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार मल्लिक, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एम. आई. रहमान, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सिन्हा, असिस्टेंट प्रोफेसर (दर्शनशास्त्र) डॉ. सुधांशु शेखर, जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं। प्रकोष्ठ में सिंडिकेट की ओर से विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव को स्थान दिया गया है। साथ ही विधायक चंद्रहास चौपाल, शोधार्थी विभिषण कुमार, पूर्ववर्ती छात्र डॉ. मिथिलेश कुमार, शिक्षक डॉ. विमल सागर, उद्यमी प्रीति गोपाल, छात्र रंजन कुमार कुमार को भी विभिन्न रूपों में शामिल किया गया है। रसायनशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. नरेश कुमार को निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन से संबंधित कार्यों को गति दिया जा रहा है। इस कार्य के सुगम

एवं त्वरित निष्पादन हेतु विश्वविद्यालय आईक्यूएसी का पुनर्गठन किया गया है।

कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि नैक मूल्यांकन के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय प्रशासन से हर प्रकार का सहयोग किया जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि नए निदेशक नैक मूल्यांकन के कार्यों को गति देंगे

विश्व नारियल दिवस

विश्व नारियल दिवस प्रत्येक वर्ष 2 सितंबर को मनाया जाता है। नारियल दिवस के दिन नारियल से बनी विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनियाँ लगाई जाती

हैं। नारियल एक ऐसा फल है, जिसके प्रत्येक भाग का हम तरह-तरह से उपयोग करते हैं। नारियल दिवस नारियल की महत्ता को रेखांकित करता है। यह मिल-बैठकर यह पता लगाने का दिवस है कि किस प्रकार से हम इसे और उपयोग में ला सकते हैं। आजकल हमारा देश पॉलिथीन के कहर से गुजर रहा है, जो सड़ता नहीं है और नालों, रेल पटरियों तथा सड़क के किनारों को गंदा एवं प्रदूषित कर देता है। पॉलिथीन को हटाकर हम नारियल की जटा से बने थैलों का उपयोग कर सकते हैं। नारियल हर तरह से हमारे लिए उपयोगी है।

नारियल की उपयोगिता
नारियल की खेती हमारे देश में लगभग एक करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करती है। देश के चार दक्षिणी प्रदेश केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में नारियल की सघन खेती की जाती है। देश का 90 प्रतिशत तक नारियल यहीं से प्राप्त किया जाता है। यह नमकीन मिट्टी में समुद्र के किनारे उगाया जाता है।

यह नारियल-पानी पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। गर्मी के मौसम में नारियल-पानी पीकर हम अपनी प्यास बुझाते हैं। जब नारियल पकता है, तो इसमें अंदर से सफेद नारियल का फल प्राप्त होता है। यह पूजा में काम आता है। सफेद नारियल हम कच्चा भी खाते हैं, मिठाई और कई पकवान बनाने में भी इस्तेमाल करते हैं। नारियल के रेशों से गद्दे, थैले तथा और भी कई प्रकार की उपयोगी चीजें बनाई जाती हैं। नारियल को विभिन्न प्रकार से उपयोग कर हम भिन्न-भिन्न वस्तुएँ बनाते हैं और देश के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों में इनका व्यापार भी करते हैं। इससे बनी वस्तुओं के निर्यात से हमारे देश को लगभग 470 करोड़ रुपए की राष्ट्रीय आमदनी होती है। नारियल का उपयोग धार्मिक कर्मकांडों में भी किया जाता हैं। भारत में इस लिए यह पवित्र माना गया है।[1]

उत्पादक देश
नारियल का वैज्ञानिक नाम 'कोकस न्यूसिफेरा' है और यह पाम फैमिली से संबंध रखता है। दुनिया के मुख्य नारियल उत्पादक देश फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, किरिबाटी, मलेशिया, मार्शल आइलैंड, पपुआ न्यू गिनीया, फिलीपिंस, समोआ, सोलोमन आइलैंड, श्रीलंका, थाइलैंड, टोंगा, वनोतु, विएतनाम, जमैका और केनिया हैं, जिनमें सबसे ज्यादा नारियल उत्पादन इंडोनेशिया, फिलीपींस, भारत, ब्राजील और श्रीलंका में होता है। विश्व नारियल दिवस मनाने का उद्देश्य नारियल को उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप उपयोग किए जाने को प्रोत्साहन देना और इसके उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। इससे उद्योगों और नारियल उत्पादक किसानों को फायदा होगा।

टी. के. माधवन

टी. के. माधवन (जन्म- 2 सितम्बर,1885, कार्थिकापल्ली, ज़िला अलापुझा, केरल; मृत्यु- 27 अप्रैल, 1930) केरल के प्रसिद्ध समाज-सुधारक एवं पत्रकार थे। उन्होंने बहुत सी कुरितियों के खिलाफ आंदोलन किए थे।

परिचय
टी. के. माधवन का जन्म मध्य त्रावनकोर (कार्थिकापल्ली, ज़िला अलापुझा, केरल) में 1885 ई. में हुआ था। उनके पिता केसवन चन्नर थे। उनकी औपचारिक शिक्षा अधिक नहीं हो पाई, पर अपने अध्यवसाय से उन्होंने मलयालम के साथ-साथ अंग्रेजी और संस्कृत का भी अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। वह केरल के प्रसिद्ध समाज-सुधारक और हरिजन नेता थे। उनके ऊपर दादा भाई नौरोजी, स्वामी विवेकानंद, गाँधी जी आदि के विचारों का और ह्यश्रीमद्भागवद्गीताह्न का भी बहुत प्रभाव था।[1]



वायकोम सत्याग्रह
वायकोम सत्याग्रह केरल के पिछड़े वर्ग के लोगों का संघर्ष था, जो दक्षिण केरल के एक शहर वायकोम की मंदिर की सड़कों पर चलने का अपना अधिकार स्थापित करने के लिए था। अनुसूचित जाति के लोगों के साथ उन दिनों जिस प्रकार का भेद-भाव किया जाता था, इसका अनुभव माधवन को बाल्यकाल से ही अपनी पाठशाला से हो गया था। इस भेद-भाव को देखकर ही उन्होंने इसे मिटाने के प्रयत्न में अपना जीवन लगाने का निश्चय किया।

1924 के वायकोम मंदिर सत्याग्रह के नेता के रूप में माधवन को प्रसिद्धि मिली। हरिजनों के मंदिर प्रवेश को लेकर यह सत्याग्रह 20 महीनों तक चला। इसमें माधवन गिरफ़्तार भी किए गये। [1]

गाँधीजी से मुलाकात
टी. के. माधवन ने तिरुनेलवेली में गांधी से मुलाकात की और वायकोम की यात्रा करने के लिए उन्हें मनाया। गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एजेंडे में इस मुद्दे को शामिल करने के लिए सहमत हुए। मार्च 1925 में गाँधी जी वायकोम पहुँचे। वे माधवन के साथ ठहरे और सत्याग्रह आंदोलन सफलता के साथ समाप्त हुआ।

पत्रकार
प्रभावशाली वक्ता माधवन पत्रकार भी थे। उन्होंने मलयालम के दो पत्रों का संपादन किया और अनेक पुस्तकों की रचना की।

निधन
टी. के. माधवन का निधन 27 अप्रैल, 1930 को उनके निवास पर हुआ था। उनके सम्मान में चेत्तीकुलंगरा में एक स्मारक बनाया गया। 1964 में नांगीरकुलंगरा में उनके नाम पर टी. के. माधवन मेमोरियल कॉलेज की स्थापना की गई थी।

आर्य धर्म और संस्कृति



आर्य धर्म और संस्कृति - आर्य धर्म प्राचीन आर्यों का धर्म और श्रेष्ठ धर्म दोनों समझे जाते हैं। प्राचीन आर्यों के धर्म में प्रथमतः प्राकृतिक देवमंडल की कल्पना है जो भारत, ईरान, यूनान, रोम, जर्मनी आदि सभी देशों में पाई जाती है। इसमें द्यौस् (आकाश) और पृथ्वी के बीच में अनेक देवताओं की सृष्टि हुई है। भारतीय आर्यों का मूल धर्म ऋग्वेद में अभिव्यक्त है, ईरानियों का अवेस्ता में, यूनानियों का उलिसीज और ईलियद में। देवमंडल के साथ आर्य कर्मकांड का विकास हुआ जिसमें मंत्र, यज्ञ, श्राद्ध (पितरों की पूजा), अतिथिसत्कार आदि मुख्यतः सम्मिलित थे। आर्य आध्यात्मिक दर्शन (ब्रह्म, आत्मा, विश्व, मोक्ष आदि) और आर्य नीति (सामान्य, विशेष आदि) का विकास भी समानांतर हुआ। शुद्ध नैतिक आधार पर अवलंबित परंपराविरोधी अवैदिक संप्रदायों- बौद्ध, जैन आदि-ने भी अपने धर्म को आर्य धर्म अथवा सद्धर्म कहा।

सामाजिक अर्थ में 'आर्य' का प्रयोग पहले संपूर्ण मानव के अर्थ में होता था। कभी-कभी इसका प्रयोग सामान्य जनता विश के लिए ('अर्य' शब्द से) होता था। फिर अभिजात और श्रमिक वर्ग में अंतर दिखाने के लिए आर्य वर्ण और शूद्र वर्ण का प्रयोग होने लगा। फिर आर्यों ने अपनी सामाजिक व्यवस्था का आधार वर्ण को बनाया और समाज चार वर्णों में वृत्ति और श्रम के आधार पर विभक्त हुआ। ऋक्संहिता में चारों वर्णों की उत्पत्ति और कार्य का उल्लेख इस प्रकार हैः

ब्रह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पदभ्यां शूद्रोऽजायत ।।

(इस विराट् पुरुष के मुंह से ब्राह्मण, बाहु से राजस्व (क्षत्रिय), ऊरु (जंघा) से वैश्य और पद (चरण) से शूद्र उत्पन्न हुआ।) आजकल की भाषा में ये वर्ग बौद्धिक, प्रशासकीय, व्यावसायिक तथा श्रमिक थे। मूल में इनमें तरलता थी। एक ही परिवार में कई वर्ण के लोग रहते और परस्पर विवाहादि संबध और भोजन, पान आदि होते थे। क्रमशः ये वर्ग परस्पर वर्जनशील होते गए। ये सामाजिक विभाजन आर्यपरिवार की प्रायः सभी शाखाओं में पाए जाते हैं, यद्यपि इनके नामों और सामाजिक स्थिति में देशगत भेद मिलते हैं।

प्रारंभिक आर्य परिवार पितृसत्तात्मक था, यद्यपि आदित्य (अदिति से उत्पन्न), दैत्य (दिति से उत्पन्न) आदि शब्दों में मातृसत्ता की ध्वनि वर्तमान है। दंपती की कल्पना में पति पत्नी का गृहस्थी के ऊपर समान अधिकार पाया जाता है। परिवार में पुत्रजन्म की कामना की जाती थी। दायित्व के कारण कन्या का जन्म परिवार को गंभीर बना देता था, किंतु उसकी उपेक्षा नहीं की जाती थी। घोषा, लोपामुद्रा, अपाला, विश्ववारा आदि स्त्रियां मंत्रद्रष्टा ऋषिपद को प्राप्त हुई थीं। विवाह प्रायः युवावस्था में होता था। पति पत्नी को परस्पर निर्वाचन का अधिकार था। विवाह धार्मिक कृत्यों के साथ संपन्न होता था, जो परवर्ती ब्राह्म विवाह से मिलता जुलता था।

प्रारंभिक आर्य संस्कृति में विद्या, साहित्य और कला का ऊँचा स्थान है। भारोपीय भाषा ज्ञान के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित हुई। इसमें काव्य, धर्म, दर्शन आदि विभिन्न शास्त्रों का उदय हुआ। आर्यों का प्राचीनतम साहित्य वेद भाषा, काव्य और चिंतन, सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। ऋग्वेद में ब्रह्मचर्य और शिक्षणपद्धति के उल्लेख पाए जाते हैं, जिनसे पता लगता है कि शिक्षणव्यवस्था का संगठन आरंभ हो गया था और मानव अभिव्यक्तियों ने शास्त्रीय रूप धारण करना शुरू कर दिया था। ऋग्वेद में कवि को ऋषि (मंत्रद्रष्टा) माना गया है। वह अपनी अंतर्दृष्टि से संपूर्ण विश्व का दर्शन करता था। उषा, सवितृ, अरण्यानी आदि के सूक्तों में प्रकृतिनिरीक्षण और मानव की सौंदर्यप्रियता तथा रसानुभूति का सुंदर चित्रण है। ऋग्वेदसंहिता में पुर और ग्राम आदि के उल्लेख भी पाए जाते हैं। लोहे के नगर, पत्थर की सैकड़ों पुरियां, सहस्रद्वार तथा सहस्रस्तंभ अट्टालिकाएं निर्मित होती थीं। साथ ही सामान्य गृह और कुटीर भी बनते थे। भवननिर्माण में इष्टका (ईटं) का उपयोग होता था। यातायात के लिए पथों का निर्माण और यान के रूप में कई प्रकार के रथों का उपयोग किया जाता था। गीत, नृत्य और वादित्र का संगीत के रूप में प्रयोग होता था। वाण, क्षोणी, कर्करि प्रभृति वाद्यों के नाम पाए जाते हैं। पुत्रिका (पुत्तलिका, पुतली) के नृत्य का भी उल्लेख मिलता है। अलंकरण की प्रथा विकसित थी। स्त्रियां निष्क, अज्जि, बासी, वक, रुक्म आदि गहने पहनती थीं। विविध प्रकार के मनोविनोद में काव्य, संगीत, द्यूत, घुड़दौड़, रथदौड़ आदि सम्मिलित थे।

(4) श्रेष्ठ, शिष्ट अथवा संज्जन - नैतिक अर्थ में 'आर्य' का प्रयोग महाकुल, कुलीन, सभ्य, सज्जन, साधु आदि के लिए पाया जाता है। (महाकुलकुलीनार्यसभ्यसज्जनसाधवः।-अमर. 7।3)। सायणाचार्य ने अपने ऋग्भाष्य में 'आर्य' का अर्थ विज्ञ, यज्ञ का अनुष्ठाता, विज्ञ स्तोता, विद्वान्‌ आदरणीय अथवा सर्वत्र गंतव्य, उत्तमवर्ण, मनु, कर्मयुक्त और कमार्नुष्ठान से श्रेष्ठ आदि किया है। आदरणीय के अर्थ में तो संस्कृत साहित्य में आर्य का बहुत प्रयोग हुआ है। पत्नी पति को आर्यपुत्र कहती थी। पितामह को आर्य (हिं. आजा) और पितामही को आर्या (हिं. आजी, ऐया, अइया) कहने की प्रथा रही है। नैतिक रूप से प्रकृत आचरण करनेवाले को आर्य कहा गया हैः

कर्तव्यमाचनरन्नकार्यमकर्तव्यमनाचरन्न।
तिष्ठति प्रकृताचारे स आर्य इति उच्यते ।।

प्रारंभ में 'आर्य' का प्रयोग प्रजाति अथवा वर्ण के अर्थ में भले ही होता रहा हो, आगे चलकर भारतीय इतिहास में इसका नैतिक अर्थ ही अधिक प्रचलित हुआ जिसके अनुसार किसी भी वर्ण अथवा जाति का व्यक्ति अपनी श्रेष्ठता अथवा सज्जनता के कारण आर्य कहा जाने लगा।

राशि फल

आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी, शुक्रवार, 02 सितम्बर 2022 का दिन आपके लिए कैसा रहेगा। आज आपके जीवन में क्या-क्या परिवर्तन हो सकता है, आज आपके सितारे क्या कहते हैं, यह जानने के लिए पढ़ें आज का भविष्यफल।

मेष राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में नए योजनाओं पर काम कर सकते हैं, जिससे अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। पैसों के लेन-देने में सावधानी बरतें। परिजनों और मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए समय अच्छा है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। सेहत भी अच्छी रहेगी।

वृषभ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यभार की अधिकता से परिश्रम अधिक करना पड़ेगा और भागदौड़ भी रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नए लोगों से मुलाकात होगी, जो लाभदायक रहेगी। जमीन-जायदाद और कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधानी बरतें और लेन-देन से बचें। सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार और कामकाज के बीज उलझन महसूस करेंगे। परिजनों से कलह हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

मिथुन राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में स्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। नौकरी-व्यवस्था में उन्नति या वेतन वृद्धि का मामला टल सकता है। काम के प्रति सक्रिय रहें और सावधानी बरतें, क्योंकि अचानक असुविधाजनक स्थिति बन सकती है। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। दाम्पत्य जीवन भी खुशहाल रहेगा। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश फायदेमंद हो सकता है। सेहत अच्छी रहेगी। यात्रा को टालें।

कर्क राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधे में धन लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सहकर्मियों का अच्छा सहयोग मिलेगा और सभी कार्य सफल रहेंगे। व्यावहारिक मामले आसानी से निपट जाएंगे। कार्यभार की अधिकता से तनाव में रह सकते हैं और थकान का अनुभव करेंगे। बिना सोचे-समझे निवेश करने से बचें। करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी। वाणी पर संयम बरतें। समाज के कार्यों में भाग लेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन जिम्मेदारियां काम में रुकावट बन सकती हैं। काम की अधिकता से दिनभर भागदौड़ रहेगी। उधार लेन-देन से बचें। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश फायदेमंद होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव कर सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। दाम्पत्य जीवन भी खुशहाल रहेगा। अध्यात्म से जुडड्ने का मौका मिलेगा।

कन्या राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम रहेगा, जिससे कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार-धंधे में लाभ रहेगा, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नये लोगों से संबंध बनेंगे, जिनसे लाभ होने की संभावना है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। क्रोध करने से बचें, अन्यथा विवाद में फंस सकते हैं। सेहत के मामले में सावधानी बरतनी होगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। पार्टी या पिकनिक का प्रोग्राम बन सकता है। खान-पान का ध्यान रखें।

तुला राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में धनलाभ के योग रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को स्थान परिवर्तन के साथ पदोन्नति का लाभ मिल सकता है, जिससे आय में वृद्धि होगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन आर्थिक स्थिति में सुधार होने से सुख-समृद्धि में इजाफा होगा। परिवार का माहौल ठीक रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। घर की सजावट पर भारी संख्या पर खर्च हो सकता है।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आएगा। कारोबार में अच्छे लाभ की संभावना है। परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्य आसानी से निपटेंगे। सरकारी कार्यों में भी सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकड्ड भाग लेंगे, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। निवेश के मामले में सावधानी बरतें। विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सफलता मिलेगी। अध्ययन और कला से जुड़े लोग सम्मानित होंगे। आर्थिक मामलों में जोखिम लेने से बचें। वाणी पर संयम रखें। सेहत का ध्यान रखें।

धनु राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। सहकर्मियों के साथ-साथ दोस्तों-परिजनों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से निर्णय लेने से सभी कार्य सफल होंगे। काम की अधिकता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा विवाद में फंस सकते हैं। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा, ध्यान रखें कि आपकी बातों से किसी को ठेस न पहुंचे। राजनीति में नए रिश्ते लाभकारी होंगे। सेहत अच्छी रहेगी।

मकर राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। आकस्मिक धनलाभ की संभावना है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। मित्रों और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति रहेगी और परिवार में सुख की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा फायदेमंद रहेगी। जीवन में सार्थकता की तलाश में योग, अध्यात्म और धार्मिक गतिविधियों को समय दे सकते हैं। परिवार में कोई धार्मिक या मांगलिक आयोजन हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें।

कुम्भ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ मिलेगा और आय में वृद्धि के योग रहेंगे। रुका हुआ धन भी मिल सकता है। नए कार्यों में शीघ्रता से बचें। अनावश्यक खर्च बढड्डे की संभावना रहेगी। कारोबार और परिवार में सामंजस्य स्थापित होगा। बाहर जाने की योजना टल सकती है। मनोरंजन पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष की भावना अनुभव करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियां बखूबी से निभाएंगे। सेहत का ध्यान रखना होगा।

मीन राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। थकान के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा बेवजह विवाद हो सकता है। विदेश यात्रा के अवसर मिलेंगे। कार्यों में सफलता से धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत भी अच्छी रहेगी।

नारद उवाच (गीता भाग 156)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान

विश्वनाथ त्रिपाठी

सक्तस्य बुद्धिश्क्षति ,
मोहजाल विवर्धनी ।
मोहजालावृतो दुःखमिह,
चामुत्र सोऽनुते ।।

नारद जी ने कहा--
विषाक्त पुरुष की बुद्धि चंचल हो जाती है ।वह चंचल बुद्धि मोहजाल को बढ़ाने वाली होती है। मोहजाल में फंसा हुआ व्यक्ति इस संसार में तथा मरने के बाद वहां दोनों जगह कष्ट ही झेलता है उसे कहीं भी शांति नहीं मिलती`

सवोर्पायात तु कामस्य,
क्रोधस्य च विनिग्रह ।
कार्यः श्रेयोऽर्थिना तौ
हि श्रेयोघातार्थमुद्यतौ ।।

जो भी कल्याण प्राप्त करने की इच्छा रखता हो , उसे हर प्रकार के प्रयत्नों से का व क्रोध पर नियंत्रण करना चाहिए क्यों कि ये दोनों प्रकार के दोष कल्याण का नाश करने में तत्पर रहते हैं`

नित्या क्रोधात तपो रक्षेत,
श्रियं रक्षेत मत्सरात ।
विद्यां मानावमानाभ्यां,
आत्मानं तु प्रमादतः।।

मानव को चाहिए कि तप की रक्षा क्रोध से दूर कर करें ,लक्ष्मी की रक्षा ईर्ष्या से हट कर करें, विद्या की रक्षा के लिए मानापमान का भाव हटा कर करें, स्वयं की रक्षा प्रमाद से बच कर करें`
अनृशंस्यं परो धर्मः ,
क्षमा च परं बलम् ।
आत्मज्ञान परं ज्ञानं
न सत्यात विद्यते परम् ।।

क्रूर स्वभाव का। त्याग करना परम धर्म है ।क्षमा व्यक्ति का सबसे बड़ा बल है ।आत्म ज्ञान ही सबसे बड़ा ज्ञान है ।सत्य से बढ़कर तो कुछ भी नहीं है

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइटः www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

प्रवक्ता प्रमोद कुमार तोमर का सेवा निवृत्ति व विदाई समारोह संपन्न

समाज जागरण (हरेशउपाध्याय)दिल्लीः- नंद नगरी ए -ब्लाक स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय में वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद कुमार तोमर (हिन्दी) का सेवा निवृति व विदाई समारोह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रमुख जय प्रकाश ने की तो वहीं

बखूबी मंच का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता गुलाम कादिर ने किया। इस मौके पर विद्यालय के इंचार्ज करन सिंह,स्टाफ सेक्रेटरी नरेश कुमार, पूर्व उपप्रधानाचार्य एच सी उपाध्याय, प्रवीण कुमार शर्मा,नसरुद्दीन सहित कई प्रबुद्ध साथियों ने अपने संबोधन में, प्रमोद कुमार तोमर के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए,उनकी सादगी,सहजता,सरलता की स्मृतियों को मानस पटल पर उकेरा।इस अवसर पर डाक्टर राजवीर सिंह कमल ने काव्य पाठ कर तोमर को आशीष प्रदान किया।विद्यालय मेंटोर श्रीमती सरिता व कपिल देव के अतिरिक्त तोमर जी की पूज्य माता,भाई व पुत्र और पौत्र तथा ईष्ट मित्र आदि भी मौजूद रहें।प्रमोद कुमार ने भी अपने कालखंड के तमाम अनुभव साझा किए।अनेकों साथियों ने उन्हें उपहारोंआदि से भी सम्मानित किया। अंत में,एच ओ एस जय प्रकाश व प्रमोद कुमार ने सभी आंगतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस उपलक्ष्य में,स्वरुचि भोज का आयोजन भी किया गया।

नोएडा के शंभू प्रसाद पोखरियाल समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए

समाज जागरण नोएडा सपा नोएडा महानगर के निवर्तमान महासचिव शंभू प्रसाद पोखरियाल को समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, इसके लिए उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का तहे दिल से धन्यवाद दिया , और कहा कि वह पूरी मेहनत

के साथ उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी को बढ़ाने का काम करेंगे और समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे, पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी व निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दीपक विग ने भी शंभू प्रसाद पोखरियाल को बधाई दी और अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया कि उन्होंने नोएडा के शंभू प्रसाद पोखरियाल को उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव ने भी शंभू प्रसाद पोखरियाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

गणेश चतुर्थी पर पौधारोपण किया गया

समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा महर्षि आश्रम नोएडा में चल रहे गणेश चतुर्थी पूजा महोत्सव 31 अगस्त से 9 सितंबर में प्रस्तावित पौधरोपण के कार्यक्रम के लिए पर्यावरण चिंतक राजीव शर्मा द्वारा महर्षि आश्रम के व्यस्थापक(एडमिन) विनीत कुमार श्रीवास्तव व मीडिया प्रभारी ए के लाल को अमरूद, बाँस, जामुन, आँवल, अर्जुन , अलस्टोनिया

आदि के 200 पौधे भेंट स्वरूप दिये गए , ए के लाल ने बताया कि राजीव शर्मा मुख्यमंत्री योगी जी के 25 करोड़ पौधरोपण के सपने को साकार करने में जी जान से लगे हुए हैं व पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते है व कई नगरों में हजारों पौधे रोपित कर उनको सिंचित करने का पावन कार्य कर रहे है।

अधिवक्ताओं की महत्व पूर्ण बैठक आज

समाज जागरण

आगरा` पुलिस की मनमानी के खिलाफ अधिवक्ताओं में आक्रोश है` प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर वकीलों में गुस्सा फूट पड़ो आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पहले गेट नंबर 2 और उसके बाद आगरा बार हाल में बैठक का आयोजन कियो इस बैठक में पुलिस और न्यायिक अधिकारियों की गठजोड़ पर निंदा का प्रस्ताव लाया गया` अधिवक्ताओं ने पुलिस द्वारा अकारण दर्ज किए गए मुकदमों के विरोध में आर-पार की जंग लड़ने का ऐलान किया है आंदोलन की रणनीति को प्रभावी बनाने और वकीलों को एकजुट करने के लिए कल या यानी 2 सितंबर को पूर्वाहन 1:30 बजे आगरा बार हाल में समस्त बार एसोसिएशन की एक बैठक बुलाई गई है बैठक में सेंट्रल कमेटी का गठन किया जाएगो कमेटी अधिवक्ताओं की पीड़ा और पुलिस और न्यायिक व्यवस्था की मनमानी से निजात दिलाने के लिए रणनीति बनाएगी बैठक में आगरा बार के अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव महासचिव शिशुपाल सिंह कसाना दुर्ग विजय सिंह भैया अशोक भारद्वाज अजय चाहर सुरेंद्र लाखन करतार सिंह भारती विजेंद्र फौजदार हेमंत भारद्वाज राजेंद्र कर्दम रमेश चंद्र सुरेंद्र सिंह पप्पू उमेश वर्मा प्रवीण पाराशर कृपाल सिंह वर्मा अरुण पचौरी हरजीत अरोड़ा मुकेश शर्मा सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे बैठक का संचालन अधिवक्ता अधर कुमार शर्मा ने किया

दिल्ली-दनकौर के बीच फिर चली ट्रेन

गौतमबुद्ध नगर के लिए तोहफा, सुरेंद्र सिंह नागर की मांग हुई पूरी

देव मणि शुक्ल
ब्यूरो प्रभारी समाज जागरण

नोएडा गौतमबुद्ध नगर वासियों के लिए बड़ी खबर है। रेल मंत्रालय ने दनकौर और दिल्ली के बीच रेल सेवा एक बार फिर शुरू कर दी है। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने 30 मार्च 2022 को सदन में यह मुद्दा उठाया था। दरअसल, कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली और एनसीआर के बाकी शहरों के बीच चलने वाली इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट ट्रेन (ईएमयू) को बंद कर दिया गया था। महामारी खत्म होने के बाद भी इन्हें रेल मंत्रालय ने शुरू नहीं किया। जिस पर सुरेंद्र सिंह नागर ने सदन में मांग उठाई। अब रेल मंत्रालय ने उनकी मांग पूरी करते हुए गौतमबुद्ध नगर के दनकौर कस्बे और दिल्ली के बीच रेल सेवा बहाल कर दी है। गुरुवार को दोबारा ईएमयू ट्रेन का संचालन हुआ। सांसद ने रेलमंत्री को धन्यवाद दिया है।

गौतमबुद्ध नगर के हजारों दैनिक यात्रियों को मिला लाभ

राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने सदन को बताया था कि गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली के बीच रोजाना हजारों की संख्या में कर्मचारी आवागमन करते हैं। इनके लिए ईएमयू ट्रेन सस्ता, सुलभ और सहज यातायात का साधन है। इसके बंद होने से जिले के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब कोरोना वायरस के कारण फैली महामारी समाप्त हो चुकी है। लिहाजा, ईएमयू ट्रेन को दोबारा शुरू किया जाना चाहिए। इस पर रेल मंत्री ने सदन में जल्दी ईएमयू ट्रेन सेवाएं बहाल करने का आश्वासन सांसद को दिया था। अब गुरुवार को यह सेवा बहाल कर दी गई है।

राज्यसभा में उठाया था मुद्दा

राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने बीते 30 मार्च 2022 को राज्यसभा में मुद्दा उठाते हुए कहा था, "पहले कोरोना लॉकडाउन के दौरान रेलवे मंत्रालय ने दिल्ली से चलने वाली लोकल ट्रेन ईएमयू को बंद करने का निर्णय लिया था दिल्ली से उत्तर प्रदेश के बीच दिल्ली दनकौर दिल्ली से खुर्जा और दिल्ली से अलीगढ़ के बीच चलने वाली ईएमयू ट्रेन को भी बंद करने का निर्णय लिया अब कोरोना की सारी पाबंदी खत्म हो गई है। इन ईएमयू से रोजाना हजारों लोगों को फायदा मिलता है। इन ट्रेनों के माध्यम से रोजाना दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और खुर्जा के लोग यात्रा करते हैं। जिसमें नौकरी करने वाले लोग और व्यापारी यात्रा करने के लिए आते हैं। इसमें दनकौर और खुर्जा में रहने वाले लोग रोजाना दूध की आपूर्ति दिल्ली में करते हैं।"

लोगों की परेशानियों को देखते हुए उठाई मांगे उन्होंने आगे कहा था, "इन ट्रैन को चलाने के लिए पहले भी रेल मंत्रालय ने घोषणा की थी, लेकिन 2 वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी अभी तक इन ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि दैनिक यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए, नौकरी पेशा के लोगों की परेशानी को देखते हुए और छोटे व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए इन ईएमयू का संचालन दोबारा से शुरू किया जाए।"

सुरेंद्र सिंह ने रेल मंत्री को धन्यवाद दिया।सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा, "दनकौर से दिल्ली के बीच चलने बाली ईएमयू ट्रेन का आज से पुनः संचालन शुरू करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह रेल सेवा गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर जिले के दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी फायदेमंद है। सुबह दिल्ली जाने और शाम को वापस घर लौट कर आने के लिए यातायात का सबसे अच्छा साधन है। महामारी के बीच इसका संचालन बंद होने से स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर से ग्रामीण इलाकों के लोग परेशान थे। अब यह समस्या दूर हो गई है।

शैलेन्द्र कुमार ने अपनी टीम सहित सपा से किया किनारा

समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा महानगर समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल के श्रीकांत त्यागी(सोसाइटी के महिला के साथ बदतमीजी एवं धक्का-मुक्की के साथ वैश्य जाति पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने की अपराधी) के परिवार से मिलने के पार्टी के निर्णय से असहमत हूं।

जिला उपाध्यक्ष नोएडा महानगर ने कहा कि अपने पद एवं समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सोसायटी के अपने सभी सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे रहा हूं '

महिलाओं के साथ गाली गलौज धक्का-मुक्की और बदतमीजी मुझे या मेरे किसी भी सहयोगी को बर्दाश्त नहीं है '

आखिर राष्ट्रीय अध्यक्ष 9 सदस्य प्रतिनिधिमंडल इनाम घोषित अपराधी श्रीकांत त्यागी के परिवार से मिलने की अनुमति कैसे दे सकते हैं ?

जिस अपराधी प्रवृति के व्यक्ति से बीजेपी दामन छुड़ा ली उससे सपा कैसे चिपक सकती है?

सोसाइटी के अलावा नोएडा उत्तर प्रदेश और पूरे देश में हर कोई महिला की साथ दुर्व्यवहार पर दुखी हैं '

ज्ञात रहे जिस दिन विशेष वर्ग की रैली श्रीकांत के पक्ष में हुई थी उसी दिन सोसायटीओं में महिलाओं ने जोरदार विरोध किया था '

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जी को मैं बताना चाहता हूं कि उस रैली में, नोएडा के किसी भी सोसाइटी के 10 लोग भी श्रीकांत के पक्ष में नहीं पहुंचे थे ' सभ्य समाज में कोई भी इंसान महिला के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेगा चाहे वह किसी भी जाति धर्म संप्रदाय लिंग या भाषा का हो

मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय से पूछना चाहता हूं कि जब यह मामला ठंडा पड़ रहा था तो अचानक महिला विरोधी निर्णय क्यों?

आखिर कहीं ठंडे तवे पर रोटी सिकती है क्या?

महिला की प्रतिष्ठा से छेड़छाड़ का यह संवेदनशील मामला है जिसमें आधी आबादी श्रीकांत त्यागी के इस घृणित कृत्य से दुखी है और न्याय चाहती है ' इसका वीडियो भारत के हर महिलाओं एवं बच्चियों के पास पहुंच चुका है 'इसके अलावा जातिसूचक शब्द का गंदे तरीके से प्रयोग श्रीकांत द्वारा किया गया है '

प्रतीत होता है कि यह प्रतिनिधिमंडल सिर्फ श्रीकांत त्यागी को संतुष्ट करने के लिए भेजा जा रहा है क्योंकि ज्यादातर सदस्य उसी के जात के हैं,जबकि पीड़ित महिला के जाति के एक भी सदस्य को उस डेलिगेशन में रखा नहीं गया है '

इसका मतलब यह है समाजवादी पार्टी के इस डेलिगेशन भेजने से जातीय संघर्ष को बढ़ावा मिलेगा ' समाजवादी पार्टी पर पहले से ही जातीयता का ठप्पा लगते रहा है '

विधानसभा चुनाव में सुनील चौधरी जी ने सोसायटी के लोगों को जोड़ने की कोशिश की थी और इसका फायदा चुनाव में भी मिला ' जहां सोसायटी ओं में बस्ते नहीं लगते थे पोलिंग एजेंट नहीं बनते थे इस बार मेरे नेतृत्व में बना ' जहां सोसाइटी की महिलाएं समाजवादी पार्टी के तथाकथित गुंडागर्दी के कारण, समाजवादी पार्टी से दूर रहती थी ,मेरे आने से उनका पार्टी पर भरोसा बढ़',सोसाइटी की महिलाएं बढ़-चढ़कर चुनाव एवं समाजवादी कार्यक्रम में हिस्सा लिया ' कई महिलाएं पोलिंग एजेंट भी बनी 'अब वही महिलाएं अब श्रीकांत त्यागी मामले पर सपा का पक्षधर होने पर प्रश्न उठा रही है जिसका जवाब देना मेरे लिए कठिन हो रहा है '

इन्हीं कारणों के से व्यथित होकर मैं अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष पद एवं प्राथमिक सदस्यों से इस्तीफा दे रहा हूं '

युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र होगा अभिलेखागार कार्यालय।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ब्रज प्रांत के अभिलेखागार कार्यालय का हुआ उद्घाटन।

आगरा !राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अभिलेखागार कार्यालय का उद्घाटन आज माननीय क्षेत्र प्रचारक महेंद्र शर्मा जी एवं माननीय प्रांत प्रचारक डा. हरीश रौतेला जी ने पारस पर्ल्स अपार्टमेंट में किया । अभिलेखागार कार्यालय में ब्रज प्रांत की संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े दस्तावेज एवं प्रमुख आंदोलन की जानकारी के साथ साथ उनके अहम दस्तावेज भी रखे गए है ।

संघ अपने कार्य के 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है, इस विराट कालखंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हुई कार्यविस्तार एवं इस कार्य में योगदान देने वाले प्रमुख कार्यकर्ता , प्रचारक कार्यकर्ता आदि की जानकारी उपलब्ध रहेगी । संघ द्वारा राष्ट्र हित में ब्रज प्रांत में अबतक किए गए कार्यों एवं आंदोलनों की जानकारी रखी जायेगी जिससे आगे आने वाली पीढ़ी इन सामाजिक परिवर्तन के वाहकों को एवं घटनाकर्मों को पढ़ कर उनसे प्रेरणा लेते हुई समाज हित में योगदान देने को प्रेरित हो । इस अवसर पर मा. क्षेत्र प्रचारक महेंद्र

शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की योजनानुसार देश भर में विश्व संवाद केंद्र के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से एक अभिलेखागार कार्यालय स्थापित किया जा रहा है ।

मा. प्रांत प्रचारक डा. हरीश रौतेला ने कहा कि संगठन शीघ्र ही अपनी शताब्दी आयु पूरी करने जा रहा है ।

अभिलेखागार कार्यालय के उद्देश्य के बारे में बताते हुए प्रांत अभिलेखागार प्रमुख मानवेन्द्र भारत ने कहा कि इस अभिलेखागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुसांघिक सँगठनों के कार्यो में सलंग्न रहे वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकताओं के अनुभव तथा दस्तावेज भावी पीढ़ी के मार्गदर्शन व जानकारी के लिए सुरक्षित किया जायेगा ।

इस उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ प्रचारक बाँकेलाल , विभाग संघचालक भवेन्द्र , सह विभाग संघचालक विजय गोयल , हरिशंकर ,प्रमोद चौहान , केशव ,दिलीप , अशोक कुलश्रेष्ठ ,आनन्द विभाग प्रचारक , मुकेश जैन ,दीदी रेणुका डंग , हेमेंद्र यादव ,रवि दुबे , राजकिशोर ,भानु महाजन ,रामबाबू हरित , संतोष कटारा , भारत सोलंकी , अनुज जैन , पंकज भाटिया ,सचिन ,अमित गोस्वामी , शिवम कुमार शिवा ,सोनवीर , विनय वार्ष्णेय ,आशीष पाराशर ,विजय सामा ,रामदेव भगौर ,भाग प्रचारक श्रीराम ,भूपेंद्र भाटी आदि सम्मानित स्वयंसेवक बन्धु उपस्थित रहे।

लोनी मे अपराध के ग्राफ में कमी के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी को सम्मानित किया गया

समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय) गाजियाबादः- जनपद गाजियाबाद के अंतर्गत लोनी क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार उपाध्याय को लोनी मे अपराध के ग्राफ में कमी के उपलक्ष्य में उनके कार्यालय पर भारतीय सहारा दैनिक अखवार की टीम, जिसमें पत्रकार अंकित गोस्वामी, पत्रकार संदीप गुप्ता के द्वारा सम्म्मानित किया गया। क्योंकि पिछले दिनों गाजियाबाद मे उपमुख्यमंत्री के आकस्मिक कार्यक्रम और व्यस्यता के कारण,वह कार्यक्रम में

नहीं आ पाए थें। इसलिए भारतीय सहारा दैविक की टीम ने उनके कार्यालय में जाकर वहां शील्ड प्रदान कर, उनको सम्मानित किया।अब लोनी में अपराध के ग्राफ मे बहुत कमी आई हैऔर कानून व्यवस्था में पहले के मुकाबले में बहुत सुधार हुआ है। क्षेत्राधिकारी लोनी से लोनी के तीनो थानों मेंअपराध के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि तीनो थानो ट्रोनिका सिटी थाना, लोनी थाना व लोनी बार्डर थाना में अपराध में कमी आई है। लूट के छः मामले का खुलासा हुआ हैऔर अपराधियों की धडपकड में बहुत तेजी आई है। फिर उनसे लोनी मे बढ़ रही नशा वृद्धि के बारे में पूछा गया तो उन्होने बताया कि लोनी मे निरंतर तीनों थानों में नशे का अवैध व्यापार करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करके सख्त कार्यवाही की जा रही है।

बेसहारा पशुओं पकड़ने अभियान में बाधा पहुचानें वालो पर होगी कार्रवाई- महापौर गौतम सरदाना

समाज जागरण

हिसार (राजेश सलूजा) महापौर गौतम सरदाना ने कहा कि शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी है बेसहारा पशु से शहर के लोग परेशान थे, घटनाएं हो रही थी। नगर निगम में बेसहारा पशु पकड़ो अभियान जोर-शोर से चलाया हुआ है। अब रोजाना 60 के लगभग बेसहारा पशुओं को पकड़ा जा रहा हैं। शहर के लोग इस अभियान से बहुत खुश हैं। कुछ लोग पशु पकड़ो अभियान में बाधा बन रहे हैं। महापौर गौतम सरदाना ने वासियों से अपील है कि ऐसे लोगों पर ध्यान न देकर बेसहारा पशु पकड़ने में नगर निगम का साथ दें। महापौर कहा कि जो लोग पशु पकड़ो

अभियान में बाधा पहुंचाएंगे उनके खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

बेसहारा पशु टीम के इंचार्ज देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि जो गाय मरी थी वह पहले से ही बीमार थी हमारी टीम ने उसे कोई दवाई या इंजेक्शन नहीं लगाया। उन्होने बताया कि आज 43 बेसहारा पशु पकड़े गये। सुंदर नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 33, ऋषि नगर व प्रेम नगर से सभी पशुओं को पकड़कर गौ अभ्यारण्य पहुंचाया गया।

केजरीवाल का सनसनीखेज दावा वोट बैंक 4%बढाऔर 6% बढ़ जायेगा

(हरेश उपाध्याय) नई दिल्ली :राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच सियासी खींचतान का असर दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र में देखने को मिला। गुरुवार को दिल्ली विधानसभा विशेष सत्र के पांचवें दिन की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। जिसके चलते सदन की अध्यक्षता कर रही डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान ने बीजेपी विधायक विजेंद्र गुप्ता को पूरे सत्र से निष्कासित कर दिया।फिर बीजेपी के 6 अन्य विधायकों को मार्शल की सहायता से बाहर कर दिया गया।जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह

बिधूड़ी ने सत्र से वाकआउट कर दिया।इस सब के बाद विश्वास मत पर दोबारा चर्चा शुरू हुई।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विश्वासमत के दौरान कहा कि मनीष सिसोदिया पर झूठा केस दर्ज किया गया।कहा जा रहा है कि सिसोदिया शराब घोटाले में भ्रष्टाचार करते पकड़े गए। उन्होंने पैसा खा लिया।मनीष सिसोदिया से सीबीआई ने जितने भी सवाल पूछे, उन सब का जवाब दिया है। सीबीआई ने 14 घंटे की छापेमारी के दौरान उनके घर पर गद्दे, तकिए, दीवारें हर एक चीज छान मारी, लेकिन कुछ नहीं मिला।मैं पहले भी कहता रहा हूं कि हम लोग प्रधानमंत्री से पहले भी ईमानदारी का चिप लेकर आए हैं।सिसोदिया को प्रधानमंत्री से ईमानदारी की क्लीन चिट मिल गई है।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब से मनीष सिसोदिया पर सीबीआई ने रेड मारी है। हमारा गुजरात में चार परसेंट वोट शेयर बढ़ गया है। जिस दिन गिरफ्तार करेंगे, तो 6 फीसदी और वोट बढ़ जाएगा।इस बीच अगर दो बार गिरफ्तार हो गए तो गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार भी बना सकती है। आज हम ही नहीं पूरे देश की जनता मांग कर रही है कि पहले जो आप एमएलए खरीदते हो वो बंद हो।पेट्रोल और डीजल के दाम कम हो। दोस्तों के जो कर्जे माफ करते हो वो रिकवर किया जाना चाहिए। उनकी जगह स्टूडेंट्स और किसानों के कर्जे माफ किए जाएं।यह डिबेट अभी अमेरिका और ब्रिटेन में भी चल रही ।

एमजी रोड का भी बदलने जा रहा है नक्शा, डिवाइडर के ऊपर चलेगी आगरा मेट्रो

प्रोजेक्ट के दूसरे कारिडोर के लिए सर्वे शुरू 16 किमी होगी लंबाई

समाज जागरण आगरा । आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट अब रफ्तार पकड़ रहा है। उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम ने मेट्रो के दूसरे कारिडोर के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। मेट्रो का दूसरा कारिडोर आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से कालिंदी विहार तक 16 किमी लंबा होगा। यह एमजी रोड के डिवाइडर के ठीक ऊपर से होकर गुजरेगा। यह पूरा एलीवेटेड ट्रैक होगा। शहर में मेट्रो ट्रैक की लंबाई तीस किमी होगी। जिसमें सिकंदरा तिराहा से ताज पूर्वी गेट तक पहला कारिडोर 14 किमी और दूसरा कारिडोर 16 किमी लंबा होगा। मेट्रो के तीन एलीवेटेड और तीन अंडरग्राउंड स्टेशनों का निर्माण शुरू हो गया है। यह कार्य एक से डेढ़ साल में पूरा होगा जबकि यूपीएमआरसी की टीम ने अब दूसरे कारिडोर का निर्माण शुरू किया है। यूपीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि मेट्रो में कुल 27 स्टेशन होंगे जिसमें बीस एलीवेटेड और सात अंडरग्राउंड स्टेशन शामिल हैं। प्राथमिकता वाले कारिडोर में छह स्टेशन शामिल हैं। इसमें तीन एलीवेटेड और तीन अंडरग्राउंड स्टेशन शामिल हैं।

32 मिनट में पहुंचेगी मेट्रो

आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से कालिंदी विहार तक मेट्रो को पहुंचने में 32 मिनट लगेंगे। मेट्रो एक किमी की दूरी दो मिनट में तय करेगी।

कालिंदी विहार में बनेगा दूसरा डिपो

मेट्रो का पहला कारिडोर 15वीं पीएसी ग्राउंड और कमिश्नरी में बन रहा है जबकि दूसरा डिपो कालिंदी विहार में बनेगा। इसे चिन्हित किया जा रहा है।

क्षेत्र का तेजी से होगा विकास

सेवानिवृत्त नगर नियोजक वीआर सिंह का कहना है कि कालिंदी विहार में मेट्रो पहुंचने और डिपो बनने से क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलें

वेब रजिस्ट्रेशन की तिथि 15सितब्रर तक बढ़ी

समाज जागरण आगरा !। यदि आपने आंबेडकर विवि में प्रवेश लेना चाहते हैं और अब तक वेब रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाएं हैं तो विवि ने आपको एक और मौका दिया है। अब डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए वेब पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 सितंबर कर दिया गया है। अब तक अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश की तिथि बढ़ाने के कई अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

जनपद में चल रहा है मोबाइल सेक्स रैकेट

समाज जागरण आगरा !जनपद में वर्तमान समय में तीव्र गति से मोबाइल सेक्स राकेट चल रहा है पहले महिलाएं अपना ह्वाट्सएप ड्ट भेज कर सेक्स की बातें करती है और वाद में अपने जाल में फंसाकर कर पैसे की मांग करती है !ऐसा ही एक नजारा विगत दिनों देखने को मिला शहर में रहने वाले एक युवक के पास अंजलि शर्मा नाम की महिला का ह्वाट्सएप आया की मेरे साथ सेक्स की बात करो मैं सेक्स सिखाती हूं और ह्वाट्सएप पर असलील वाते करने लगी वीडियो काल पर असलील हरकतें कर दिखाने लगी इसी दौरान महिला ने युवक का असलील वीडियो बना कर भेज दिया गया और यूंटूव पर चलाने की धमकी का फोन विभिन्न ड्डबर से आने लगा और रुपये की मांग की जाने लगी युवक द्वारा पैसे न देने की बात पर लगातार धमकी युवक को विभिन्न ड्डबर से दी जा रही !इस संबंध में युवक ने पुलिस को भी अवगत करा दिया है !साथ ही पुलिस ने ऐसे ड्डवरो से सावधान रहने की भी सलाह दी है

*वेंटिलेटर पर राजू श्रीवास्तव, तेज बुखार की शिकायत *

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली :-राजू श्रीवास्तव के स्वास्थ्य को लेकर नया अपडेट सामने आया है।कॉमेडी के बादशाह कहे जाने वाले राजू श्रीवास्तव की हेल्थ को लेकर एक बड़ा अपडेट उनके पीआरओ के माध्यम से आया है कि उनकी तबीयत थोड़ी खराब हुई है। कॉमेडियन के पीआरओ नारंग के मुताबिक, राजू श्रीवास्तव को फिर से वेंटिलेटर पर रखा गया है। तेज बुखार के कारण डॉक्टर्स ने यह कदम उठाया है। हालांकि, राजू श्रीवास्तव होश में हैं।

वह पहले से ज्यादा अपने बॉडी मूवमेंट कर रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि एक सप्ताह पहले ही राजू श्रीवास्तव को होश आया था। इसकी जानकारी उनके दोस्त सुनील पाल ने दी थी।राजू श्रीवास्तव जल्द ठीक होकर घर लौट आएं। इसके लिए डॉक्टर्स, परिवार के लोग, फैन्स और दोस्त, सभी दुआएं कर रहे हैं। डॉक्टर्स अपनी कोशिश में लगे हैं कि राजू श्रीवास्तव जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।इससे पहले डॉक्टर्स ने बताया था कि राजू श्रीवास्तव के दिमाग की तीन नस में से एक नस ब्लॉक है। जिसके ट्रीटमेंट के लिऐ न्यूरोफिजियोथेरेपी की मदद ली जा रही थी।इसके अलावा कॉमेडियन की मानसिक कंडीशन ठीक करने के लिये, उन्हें अमिताभ बच्चन की आवाज भी सुनाई जा रही थी।बिग बी के शोज और परफॉर्मेंस की वॉयस रिकॉर्डिंग सुना कर, उन्हें होश में लाने की कोशिश की जा रही थी। जानकारी के अनुसार, कार्डियक अरेस्ट के दौरान राजू श्रीवास्तव के ब्रेन को भारी नुकसान पहुंचा था।

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की पहल,स्कूल पहुंचकर नवनियुक्त अध्यापक को किया सम्मानित:

पटौदी/सुरेश कोहली : समाज जागरण

देश व समाज से भ्रष्टाचार मिटाने की जागरूकता ला रहे व शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने के लिए कार्यरत गैर राजनीतिक संगठन एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने आज पटौदी विधानसभा के लगते गांव कारोला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर अध्यापक सतपाल सिंह यादव नए स्कूल में कार्यभार संभालने पर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। साथ ही उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर बुके से बधाई भी देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें की नामित अध्यापक का तबादला मुमताजपुर से इस स्कूल में हो गया है। जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय मुख्य प्रभारी मास्टर सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया की संगठन पूरे देश में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है जो कि भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता अभियान पर कार्य कर रहा है। जिसमे स्वास्थ्य संबंधी

क ै ं ा लगवाना,कानूनी शिविर, भ्रष्टाचार पर रोक, स- ा र्व ज ि न ि क समस्याओं को दूर करने आदि विषयों पर कार्य करना है । उन्होंने बताया कि संस्था की तरफ से अभी तक समय -समय पर सैंकड़ों से भी ज्यादा लोगों को सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर संगठन से जुड़े आर टी आई एक्टिविस्ट चिराग गोयल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमित पहलवान, प्राचार्य अभय सिंह, रामफल,जगदीश, कर्मवीर,विक्रम शास्त्री,राजवीर शास्त्री,सुरेश कुमार शास्त्री सहित काफी गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कर्मचारियो ने किया विरोध प्रदर्शन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबादः- भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ नजीबाबाद में एजेंट कर्मचारियों ने काला रिबन बांधकर प्रदर्शन कियो 1 सितंबर 2022 से 7 सितंबर 2022 तक सभी एजेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर काला रिबन लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे लेकिन यह आंदोलन 30 सितंबर तक चलेगा`डॉक्टर हुकम सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जीवन बीमा एजेंट कर्मचारियों ने काले फीते लगाकर प्रदर्शन कियो आंदोलन समाप्त होने तक अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक का बहिष्कार, अभीकताओं की मांगों का निपटारा, शाखा में भोजन अवकाश के समय काला फीता लगाकर नारेबाजी, बीमा सप्ताह में अभिकर्ता दिवस के दिन

अभिकर्ता विश्राम दिवस तय किया गया है जिसको लेकर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक शाखा परिसर में धरना दिया जाएगा और कोई भी व्यवसायिक गतिविधियां नहीं की जाएंगी, एजेंट कर्मी हेमंत अग्रवाल ने बताया कि एजेंटों को जो बोनस दिया जाता है वह हर साल घटा कर दिया जाता है उसको बढ़ाया जाए, लोन पर ब्याज घटना चाहिए, जीएसटी घटनी चाहिए, एजेंटों का वेलफेयर फंड बढ़ना चाहिए, मेडिकल स्कीम लागू करनी चाहिए, पेंशन स्कीम लागू की जाए, आदि अनेक मांगों को लेकर भारतीय जीवन बीमा एजेंट कर्मचारियों ने आंदोलन किया एवं नारेबाजी भी की आंदोलन में शामिल होने वालों में अध्यक्ष डॉक्टर हुकम सिंह, सचिव हुकम सिंह, मुख्य कलाकार हेमंत अग्रवाल, संरक्षक विजय पाल सिंह, उपाध्यक्ष अर्जुन त्यागी, संगठन मंत्री राजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष तिलकराम, सचिन गुप्ता राम अवतार सिंह दीपक राणा सिंह मनोहर लाल निहाल आदि अनेक एजेंट आंदोलन में शामिल हुए

नवविवाहिता को पेट्रोल डालकर जला कर मारने के आरोप में पति को किया गिरफ्तार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

दो दिन पहले थाना क्षेत्र के एक गांव में नवविवाहिता को पेट्रोल डालकर जिंदा आग लगाकर जान से मारने का प्रयास करने वाले पति को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के गांव रायपुर गढ़ी निवासी सलोनी पुत्री टीकम सिंह का विवाह थाना क्षेत्र के ही गांव बेनीपुर निवासी प्रदुम सिंह के साथ एक वर्ष पहले हुआ था विवाह के बाद से ही सलोनी के ससुराल वाले दहेज में चार पहिया वाहन की मांग करने के साथ ही सलोनी का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करते चले आ रहे थे। जिसके चलते हुए मंगलवार को नवविवाहिता सलोनी पर पेट्रोल

डालकर आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया गया था। जिसके उपरांत सलोनी के चाचा की ओर से पुलिस को तहरीर देकर सलोनी के पति सहित ननद व नंदोई पांच के खिलाफ हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके चलते हुए बुधवार को बढ़ापुर पुलिस ने सलोनी के नंदोई वह एक ननंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरुवार को बढ़ापुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुख्य आरोपी सलोनी के पति प्रदुम सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया तथा संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

थाना प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि नवविवाहिता सलोनी के हत्या का प्रयास करने के मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

भाकियू ने सात सूत्रीय मांग पत्र जेई को सौंपा

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

कोतवाली देहात।भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने कोतवाली देहात बिजली घर के जेई को ज्ञापन सौंपकर जर्जर तार बदलवाने, फुंके ट्रांसफार्मर तुरन्त रखवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत चौधरी के नेतृत्व में कोतवाली देहात स्थित विद्युत उप केंद्र पहुंचे तथा उन्होंने सात सूत्रीय मांग पत्र जेई को सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत सिंह ने कहा कि कई स्थानों पर 11000 केवीए की लाइन लटक गई हैं जिससे कोई भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।उन्हें तुरंत बदला जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को कई बार गलत बिल निकाल कर दिए जा रहे हैं जिनमें सुधार नहीं किया जा रहा है। ऐसी समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाए। इस दौरान राम भजन सिंह, राहुल चौधरी, अब्दुल गफ्फार, नरदेव सिंह, शोभित सिंह, यादराम सिंह, सुनील कुमार,सद्दीक आदि मौजूद रहे।

कलयुगी माँ ने ही 7 माह के बच्चे को उतरा मौत के घाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना।बच्चे को गोद में लेकर सड़क पर जा रही एक बच्ची से अज्ञात बाइक सवार सात माह के एक बच्चे को छीन कर फरार हो गये। इस अप्रशचित घटना को लेकर नगर व मुहल्ले में हड़कम्प मच गया।थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुँच कर मौका मायना कर घटना का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। नगर के मुहल्ला लुहारी सराय निकट बारात घर निवासी साबिर के दो पुत्र रहते है जिसमे उसके पुत्र मुहम्मद आसिफ की शादी कुदसिया के साथ हुई है।आसिफ के एक सात माह का पुत्र अरहान को सुमैय्या 8 वर्ष गोद में लेकर सड़क पर टहल रही थी।रात्रि के लगभग 8 बजकर 30 मिनट के समय सड़क पर सामने से आ रहे बाइक पर सवार दो युवक जब सुमैय्या के पास आये और फुर्ती के साथ सुमैय्या के हाथ से अरहान को छीन कर फरार हो गये।इस तरह एक बच्चे की छीन कर ले जाने की घटना से मुहल्ले व नगर में सनसनी दौड़ गई बड़ी संख्या में लोग मुहम्मद आसिफ के घर पर जमा हो गये

जबकि कुछ लोगों ने बाइकों को दौड़ा कर अरहान को तलाश शुरू कर दी लेकिन बच्चे का कही कोई पता नही लग सका सूचना पर थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और पीड़ित परिवार से जानकारी प्राप्त कर ।थाना प्रभारी ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक करनी शुरू कर दी पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तो एक जगह सड़क पर लड़की को बच्चे के साथ जाते हुए देखा गया कुछ आगे जाने पर बच्चा नाले में गिरता हुआ दिखता है।पुलिस तुरन्त उस स्थान पर जाकर बच्चे को निकाला और हॉस्पिटल पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मृत्यु हो गई।और उस लड़की से घटना की जानकारी ली जिसमें पता चला कि बालिका ने उसकी मां के कहने में ही आकर बच्चे को नाले में फेंका है इसी क्रम में पता चला की बच्चे की मां खुदसिया ताजीम उर्फ अफसा ने ही सात माह के बच्चे को नाले में बालिका से फिक वाया गया था इसके संबंध में अफसा को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय पेश किया गया और आग्रीम कार्रवाई की गई ।गिरफ्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह उप निरीक्षक कुलदीप राणा कांस्टेबल सोमेश कांस्टेबल विपिन कांस्टेबल भूपेंद्र कांस्टेबल मीनाक्षी कांस्टेबल स्वाति में शामिल रहे।

मंडावर पुलिस ने चार यूवको का शांति भंग में किया चालान

दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह

थाना मंडावर क्षेत्र में अमन चैन रह सके मंडावर पुलिस आतंक मचाने वालों यूवको का शांति भंग में कर रही है चलान जैसे कि सतीश कुमार पुत्र राम कुमार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मोहम्मदपुर देवमल व प्रदीप पुत्र यादराम उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम टीप

ललित कुमार पुत्र नरेश कुमार उम्र 30 वर्ष ग्राम गैबलीपुर लोकेंद्र पुत्र सूरज उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम दयालवाला इन यूवको का धारा 151 सीआरपीसी के तहत चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया!

बिना साक्ष्य सबूत के बच्चा चोरी की अफवाह ना फैलाएं- एसएसपी

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

बरेली ----- बरेली जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जनपद में बच्चा चोरी की झूठी अफवाह ना फैलाएं बिना सबूत के इस प्रकार की कोरी अफवाह फैलाकर अशांति ना फैलाई जाए

संभ्रांत लोगों को पुलिस का सहयोग करते हुए ग्रामीणों को समझाएं के इस प्रकार की कोई ऐसी बात नहीं है पूरे जनपद में कहीं इस प्रकार की घटना य बच्चा चोर गैंग होने की कोई सबूत नहीं सब यह झूठी अफवाह है इन पर ध्यान ना दें संयम से काम ले श्री पंकज बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की बच्चा चोरी की झूठी अफवाह पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में बयान दे रहे थे उन्होंने उन्होंने इस अफवाह के बाबत बताया के जांच उपरांत कोई भी इस प्रकार का सबूत नहीं मिला और पूरी की पूरी बात अफवाह निकली

जनसहयोग से लड़ी जायेगी कुपोषण से जंग-जिलाधिकारी उमेश मिश्रा

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

जनपद बिजनौर ।राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माह सितम्बर 2022 को "राष्ट्रीय पोषण माह" के रूप में मनाये जाने के शासन/निदेशालय से प्राप्त हुए निदेर्शों के अनुपालन में आज पूर्वाह्न 11:00 कलैक्ट्रेट प्रांगण से जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर पोषण रैली को रवाना किया गया। रैली कलैक्ट्रेट प्रागण से आरम्भ होकर विकास भवन पर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ बनाना ही हमारा प्रथम उददेश्य है क्योंकि इनके स्वस्थ्य होने से भविष्य में जन्म लेने वाले बच्चे जो कि हमारे देश का भविष्य है, स्वस्थ्य बनेंगे तथा कुपोषण से जंग जीतेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोषण माह सफलतापूर्वक आयोजन कराएं तथा अंर्तविभागीय कन्वर्जेन्स स्थापित करते हुए पंचायत स्तर पर पोषण गतिविधियों को पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेन्द्र मिश्र उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस बार "राष्ट्रीय पोषण माह" की 04 सप्ताह के लिए 04 अलग अलग थीम निर्धारित की गई हैं, जिनमें पहले सप्ताह के लिए "महिला एंव स्वास्थ्य" दूसरे सप्ताह के लिए "बच्चा एवं शिक्षा-पोषण भी पढ़ाई भी" तीसरे सप्ताह के लिए "लैंगिंग संवेदनशीलता आधारित पेयजल संरक्षण एवं प्रबन्धन" तथा चौथे एवं अंतिम सप्ताह के लिए "जन जातिय क्षेत्रों में महिलाओं एंव बच्चों के लिए परम्परागत खाद्य समूह का प्रोत्साहन पर कार्य" शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया "राष्ट्रीय पोषण माह" का सफलतापूर्वक आयोजन कराने के लिए आई०सी०डी०एस० के साथ-साथ अन्य विभाग यथा-स्वास्थ्य, पंचायती राज, नमामि गंगे एंव ग्रामीण जलापूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग को भी सम्मिलित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए पोषण पंचायत का गठन कर पोषण पंचायत के माध्यम से पोषण की गतिविधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जायेंगी तथा 25 सितम्बर 2022 से 30 सितम्बर 2022 के मध्य वजन सप्ताह का भी आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई/लम्बाई ली जायेगी। स्वस्थ बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन भी इस बार पोषण माह के दौरान किया जाएगा, जिसमें स्वस्थ्य बच्चों को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा तथा पुरस्कृत भी किया जायेगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह,अपर जिलाधिकारी प्रशा० विनय कुमार सिंह, एंव वित्त / राजस्व अरविंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर मोहित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नागेन्द्र मिश्र एंव अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भोजीपुरा पुलिस को लगी फिर बड़ी कामयाबी हाथ डेढ़ किलो डोडा के साथ युवक गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

धौरा टांडा/ भोजीपुरा (बरेली) ---- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज बरेली द्वारा चलाये जा रहे अभियान मादक पदार्थ/शराब की तस्करी की रोकथाम के क्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल महोदय बरेली पुलिस अधीक्षक अपराध बरेली व क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा नवाबगंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक अश्विन कुमार भोजीपुरा के कुशल नेतृत्व में थाना भोजीपुरा पुलिस सहित स्थानीय

पुलिस चौकी धौरा टांडा द्वारा दिनांक 31 अगस्त 2022 को दौराने रात्रि गस्त के दौरान ग्राम मियांपुर से पहले ईदगाह को जाने वाला रास्ते के पास तिराहा के पास से अभियुक्त रेहान उर्फ गुड्डू पुत्र सलीम शाह नि0 ग्राम मियांपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली को समय 22.30 बजे मय डेढ किलोग्राम डोडा छिलका के गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 450/2022 धारा 8/15 ठउढर अउळ बनाम रेहान उर्फ गुड्डू उपरोक्त के पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

बरेली की बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक युवक का अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल हो रहा था जिसकी सूचना पुलिस को हुई तो कोतवाल सतेंद्र भड़ाना के नृतत्व में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

समाज जागरण संवाददाता मो शादाब

बरेली के बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के गांव आमडंडा के रहने वाले एक युवक समीर पुत्र इरफान का अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल हो रहा था जिसकी सूचना कोतवाल सतेंद्र भड़ाना को हुई तो पुलिस ने युवक को युवक को आमडंडा जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से दो कारतूस सहित 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। बहेड़ी पुलिस ने बताया है कि युवक के पर 695/22, धारा 3/25 के तहत कार्यवाही कर जेल भेजने की तयारी की जा रही है।

बिजनौरः आगामी 3 सितंबर को मुख्यमंत्री कर सकते है संभावित दौरा

बिजनोर। माननीय योगी आदित्यनाथ जी के दौरे से पहले बिजनौर कलेक्ट्रेट परिसर में दिखी चहल पहल वही महात्मा विदुर सभागार कलेक्ट्रेट बिजनौर का करेंगे उद्घाटन जिलाधिकारी बिजनौर व एसपी बिजनौर ने किया न्यू सभागार कलेक्टरेट बिल्डिंग का निरीक्षण बिजनौर में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा कर सकते है। सीएम के दौरे की सूचना मिलने के साथ ही प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सीएम का बिजनौर दौरा प्रस्तावित है। हालांकि अभी शासन से सीएम के आने का कोई कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। डीएम एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस नवनिर्मित पुलिस लाइन व अफजलगढ़ स्थित जन सुविधा केंद्र पहुंचे। जहां तैयारियों का जायजा लिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बिजनौर में 3 सितंबर को संभावित दौरा लगा हुआ है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर पुलिस

प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस प्रशासन ने तेजी से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। संभावना है कि मुख्यमंत्री अफजलगढ़ या फिर बिजनौर आ सकते हैं। जहां पर कलेक्ट्रेट स्थित नई बिल्डिंग का लोकार्पण भी कर सकते हैं। जिसे लेकर प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई है। प्रशासन तैयारी में जुट गया है। क्या-क्या व्यवस्था होगी किन-किन योजनाओं का शिलान्यास या लोकार्पण किया जाएगा। इसका ब्यूरो जुटाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों को पूरी करने में जुटा हुआ है।

बढ़ापुर पुलिस ने स्कॉर्पियो में भरी कच्ची शराब पकड़ी, आरोपी फरार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

स्थानीय पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अपमिश्रित कच्ची शराब व यूरिया से भरी एक स्कॉर्पियो गाड़ी को पकड़ लिया। जबकि आरोपी पुलिस की गिरफ्त से भागने में कामयाब रहे। गुरुवार को बढ़ापुर पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

बढ़ापुर थाना क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार कुटीर उद्योग का रूप ले चुका था जिसको बन्द कराने के लिए बढ़ापुर पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि अवैध शराब के इस कारोबार से लोगों को काल का ग्रास बनाने के लिये कुछ शराब माफिया एक स्कॉर्पियो गाड़ी में कच्ची शराब व यूरिया लेकर मिलावटी जहरीली शराब बनाकर इलाके में बेचने के लिये निकले थे। मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिलने पुलिस इन शराब माफियाओं को दबोचने के लिये घेराबंदी कर चुकी थी। थाना क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद खोबड़ा के जंगलों में बढ़ापुर पुलिस को कच्ची शराब से भरी स्कॉर्पियो गाड़ी मिल गई परन्तु पुलिस को देखकर आरोपी शराब से भरी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस शराब से भरी गाड़ी को लेकर थाना बढ़ापुर आ गई औड्ड फरार शराब माफियाओं की तलाश में लग गई। गाड़ी की जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस को गाड़ी से दस कट्टों में बंद करीब 350 लीटर अपमिश्रित शराब व एक कट्टे से करीब तीन किलो यूरिया मिला। उक्त गाड़ी पर नंबर न पड़े होने के कारण पुलिस एक बार फिर पशोपेश की स्थिति में थी। परन्तु पुलिस को पता लगा कि शराब का यह भंडार रवि पुत्र गंगाराम निवासी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद अपने साथी जोगा पुतरु गज्जू निवासी भोगपुर ठाम जिला उधमसिंहनगर उत्तराखंड स्कॉर्पियो गाड़ी द्वारा बेचने के लिये लेकर निकले थे। मौके से फरार होने के बाद से ही बढ़ापुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को नामजद कर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। तथा उनकी तलाश शुरू कर दी थी। सूत्रों की माने तो गुरुवार को बढ़ापुर पुलिस ने नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा दूसरे की तलाश जारी है।

इस सम्बंध में थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी में भरी कच्ची शराब सहित पकड़ा था जिसके सम्बंध में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई आरोपियों की तलाश जारी है।

अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम ने की छापेमारी मिट्टी से लदा एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

तहसील गुन्नौर क्षेत्र के अंतर्गत गांव गोठना के पास मुखबिर द्वारा गुन्नौर के उप जिला अधिकारी रामकेश सिंह धामा को सूचना मिली की ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है बृहस्पतिवार की शाम उप जिला अधिकारी ने गांव घुटना के पास से मिट्टी से लदा हुआ ट्रैक्टर ट्राली पकड़ लिया ट्रैक्टर का चालक मौके से फरार हो गया उप जिला अधिकारी ने ट्रैक्टर ट्राली को थाना कोतवाली गुन्नौर में दाखिल करा दिया गुन्नौर के उप जिला अधिकारी रामकेश सिंह धामा ने बताया कि बृहस्पतिवार को गुन्नौर क्षेत्र से मिट्टी से लगा हुआ अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा गया है जिसे थाना कोतवाली गुन्नौर में दाखिल करा दिया गया है अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

सिद्धिविनायक मंदिर संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह द्वारा आयोजित की गई पूजा अर्चना

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद इस बार 38 वे महोत्सव में चौधरी शैलेंद्र एडवोकेट को बनाया मटकी संयोजक नजीबाबाद दिन बुधवार को मुख्य अतिथि नहटौर विधानसभा क्षेत्र विधायक ओम कुमार विशिष्ट अतिथि कुँवर दीप देशवाल जिला अध्यक्ष भारत तिब्बत सहयोग मंच की उपस्थिति में कार्यक्रम कराया गया। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की।चौधरी शैलेंद्र कुमार एडवोकेट पूर्व विशेष प्रतिनिधि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवास पर चौधरी कॉन्प्लेक्स कोतवाली कोटद्वार रोड मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया उसके बाद वहां से सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा की गई इस कार्यक्रम के संयोजक शैलेंद्र कुमार एडवोकेट एवं आगामी कार्यक्रम के मटकी संयोजक गणेश चौथ महोत्सव समिति कानूनी सलाहकार चौधरी शैलेंद्र एडवोकेट एवं नहटौर विधानसभा क्षेत्र विधायक ओम कुमार पत्नी शोभा रानी कार्यक्रम में बहुत हर्षोल्लास के साथ गणपति

महोत्सव का कार्यक्रम हुआ उन्होंने मोनिका चौधरी ने भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के साथ सम्मान समारोह में उपस्थित रही। गणेश जी की पूजा में मौजूद रहे मुख्य अतिथि कुलवीर सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं संरक्षक गणेश चौथ महोत्सव समिति नजीबाबाद गन्ना अधिकारी ढाका किसान सहकारी चीनी मिल के महाप्रबंधक सुखबीर सिंह,अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा,मटकी संयोजक शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट,मोनिका चौधरी एडवोकेट प्रचार मंत्री डॉ संदीप तायल राहुल वर्मा,सूर्य प्रताप सिंह,शक्ति चौधरी आदि कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

श्रीमती शोभा रानी पत्नी ओम कुमार विधायक कार्यक्रम में बहुत हर्षोल्लास के साथ गणपति महोत्सव का कार्यक्रम हवन पूजन का कार्य कराया उन्होंने मोनिका चौधरी को साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मोनिका यादव के द्वारा किया गया सम्मान समारोह मैं भी भाग लिया

गणेश महाउत्सव के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि यह कार्यक्रम उनके द्वारा सतीश वर्षों से कराया जाता है इस कार्यक्रम में चौधरी कुलबीर सिंह हमेशा की तरह इस बार भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

भारतीय किसान यूनियन संगठन ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण

संभल। भारतीय किसान यूनियन संगठन के कार्यकर्ताओ ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में धरना प्रदर्शन विरोध मार्च करते हुए कहा की हमारा प्रदेश इस समय गंभीर सूखा ग्रस्त है और पूरे प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए इसके अलावा किसानों को प्रति एकड़ ड्ड15000 क्षतिपूर्ति देने का आदेश पारित करा जाए और किसानों का बिजली बिल एवं किसानों के कृषि संबंधित ऋण को माफ किया जाए जिससे आने वाले समय में किसान खेती के काम को आगे बढ़ा सके और उत्तर प्रदेश विधानसभा में विद्युत संशोधन बिल 2022 को निरस्त करने का प्रस्ताव पास किया जाए केंद्र सरकार को तत्काल भेजा जाए एवं किसानों के निजी नलकूपों पर लगाए जा रहे बिजली मीटरो को तुरंत हटाया जाए तथा आवारा पशुओं की समस्याओं का समाधान किया जाए जिससे कि किसानों को निजात दिलाने की कार्यवाही की जाए और आवारा पशुओं के कारण फसली नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को मुआवजा दिलाया जाए जिससे की किसान अपना जीवन और खेती को बचा सकें इस दौरान मोहम्मद हाफिज ब्लॉक अध्यक्ष

अमरपाल चौधरी अर्जुन सिंह आरिफ हुसैन मोहम्मद फाजिल मोहम्मद यूसुफ कामेश त्यागी गंगाफल मुदित सिरोही डॉक्टर जावेद अनीस अहमद नगर अध्यक्ष चौधरी संजीव गांधी प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि उपस्थित रहे

मझौआ गंगापुर मुहर्रम विवाद में लगातार गिरफ्तारियां जारी इसी क्रम में एक और आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज बरेली पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल बरेली पुलिस अधीक्षक अपराध बरेली व क्षेत्राधिकारी नवाबगंज चमन सिंह चावड़ा के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा अश्विन कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 9 अगस्त 2022 को ग्राम मझौआ गंगापुर में मोहर्रम के जुलूस को निकाले जाने के संबंध में हुई घटना के बाबत पंजीकृत मु0अ0सं0 398/22 धारा 147/452/323/336/352/427/307 IPC व 7 उछ अउळ के नामजद अभियुक्त नसीम पुत्र बलवल उर्फ रोशनबक्श निवासी ग्राम मझौआ गंगापुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली को मुखबिर की सूचना पर बैकुण्ठापुर फाटक के पास से समय 13.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है' थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

एक सप्ताह पूर्व घर से गायब हुई नाबालिग किशोरी सहित दो सगी बहनों को पुलिस ने किया बरामद

थाना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के अंतर्गत एक सप्ताह पूर्व घर से एक युवती एवं एक नाबालिग किशोरी जो दोनों सगी बहने थी अचानक घर से गायब हुई थी। परिजनों ने जिसकी सूचना थाना कोतवाली गुन्नौर को दी थी। तभी से पुलिस दोनों बहनों की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार को सर्विलेंस टीम के साथ गुन्नौर पुलिस के सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, सब इंस्पेक्टर रेनू राठी, सब इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा, कांस्टेबल ज्योति, कांस्टेबल रवि आदि पुलिसकर्मियों ने इंदिरा चौक बबराला से बरामद कर लिया। गुन्नौर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया ने बताया कि 24 अगस्त को थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी एवं एक युवती जो सभी बहने थी घर से कहीं चली गई थी जिन्हें बृहस्पतिवार को सर्विलेंस टीम के साथ मिलकर बबराला नेहरू चौक से बरामद कर लिया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

फेफना थाना क्षेत्र के हैबतपुर निवासी सृष्टि राय को उठाई गाजीपुर पुलिस

-अमिताभ ठाकुर की अधिकार सेना ने मामले को लिया गंभीरता से

-कहा नोटबंदी में आईएएस अफसरों के पैसे से जुड़ा हैबतपुर प्रकरण

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण बलिया : सृष्टि राय पुत्री रामाशीष राय उम्र 20, हैबतपुर, बलिया को 31 अगस्त की गाजीपुर पुलिस द्वारा घर से ले जाने के मामले में अधिकार सेना ने गंभीरता से लिया है। राष्ट्रीय संयोजक अमिताभ ठाकुर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश सिंह और सदर विधानसभा प्रभारी सनक पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल हैबतपुर गांव पहुंचा।

प्राथमिक जांच में पाया गया कि सृष्टि के जीजा उपेन्द्र राय निवासी ग्राम गोडउर, थाना करीमुद्दीनपुर, गाजीपुर के रहने वाले हैं। उनके तमाम आईएएस अफसरों से संबंध होना बताया गया। यह भी सामने आया कि नोटबंदी के समय तमाम अफसरों ने उसे अपना काला धन सफेद करने के लिए दिया था, जिसको लेकर उन सभी में आपस में विवाद हो गया। यह सारा मामला उसी काले धन से जुड़ा बताया गया और यह कहा गया कि उसी पैसे को वापस पाने के लिए वे आईएएस अफसर एसपी गाजीपुर सहित गाजीपुर पुलिस पर दवाब बना रहे हैं। यह भी बताया गया कि श्रृष्टि और उसके परिवार वाले इससे पूर्णतया अनजान थे और उन्हें अनावश्यक फंसाया जा रहा है। इसी के तहत पहले सृष्टि के भाई को गाजीपुर पुलिस गैरकानूनी ढंग से ले गयी और कई दिन थाने में रखने के बाद छोड़ा और अब सृष्टि को ले गयी है। इस मुकदमे में झूठा फंसा रही है। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी पाया कि सृष्टि को सूर्यास्त के बाद पकड़ा गया है जो सीआरपीसी के नियमों का घोर उल्लंघन है। प्रतिनिधि मंडल ने अपनी जाँच रिपोर्ट अमिताभ ठाकुर को सौंप दी है। जिसके आधार पर अधिकार सेना द्वारा इस मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में ओम प्रकाश राय, रितेश पाण्डेय, रिशु श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, सुबोध ओझा, डॉ महबूब आलम आदि शामिल थे।

दर्द बाढ़ पीड़ितों का ना जाने कहाँ छुपे हुए हैं अपने आप को गरीबों का मसीहा कहने वाले

-बाढ़ से बचाव को एनएच पर शरण लिए लोग बिलबिला रहे भूख से

शंकर सिंह, दैनिक समाज जागरण

लक्ष्मणपुर (बलिया) : तुलसीदास द्वारा लिखी यह बात शत प्रतिशत सटीक बैठती है कि स्वारथ लाई करें सब प्रीति। ,ही है कि बिना स्वार्थ के कोई भी कुछ नहीं करता है आजकल के जमाने में।

सब चीज दिखावे पर ही सीमित हो गया है। जो लोग अपने आप को अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए गरीबों का मसीहा कहा करते थे और गरीबों के हितेषी बनते थे आजकल ना जाने कहां छुप गए हैं। बाढ़ के पानी से लाचार बेबस होकर एनएच 31 पर शरण लिए बाढ़ पीड़ितों की कोई मजबूरी सुनने वाला तक नहीं है। बाढ़ पीड़ितों के भोजन की फिक्र बिल्कुल ही किसी को नहीं है उनके घरों के बच्चे बिन भोजन के बिलबिला रहे हैं। ना ही कहीं बाढ़ चौकी ना ही कहीं कोई कैंप आखिर लोग जाए तो कहाँ जाए और किससे कहें कि हम भूखे हैं अभी तक। कोई भी जनप्रतिनिधि इन लाचारों की बेबसी को देखने तक नहीं आ रहा है। 2022 का विधानसभा चुनाव जिस समय था उस समय तमाम जगहों पर नेताओं के लंगर और फूड पैकेट बांटने की होड सी मची हुई थी। क्योंकि विधानसभा चुनाव सर पर था और सभी लोग अपने आप को गरीबों का मसीहा कहने और दिखाने में लगे थे। एक विधानसभा क्षेत्रों में कई कई बाढ चौकिया बनाई गई थी जो इस बार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक भी नहीं है।

1.98 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

सिकंदरपुर (बलिया) : थाना सिकन्दरपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जिसके पास 1.98 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने ताराचन्द पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी बाराडीह थाना सिकन्दरपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 1.98 ग्राम अवैध नाजायज हेरोइन बरामद हुई । पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेंज दिया।

रसड़ा नगर के मल्लाह टोली स्थित शौचालय में दुर्व्यवस्था, लोगों में आक्रोश

आशु खरवार,
दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : नगर पालिका में पुराने एवम जर्जर सामुदायिक शौचालय का मरम्मत नहीं होने एवम शौचालयों पर ताला लटकने से नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है।

नगर के मल्लाह टोली मछली हट्टा खरहवां इनार एवम जुगनू हॉस्पिटल स्थित पुराने सामुदायिक शौचालय देख रेख के अभाव में शोपीस बन कर रह गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा भले ही नए नए शौचालय बनवा कर स्वच्छता अभियान की दुहाई देकर अपनी पीठ थपथपा ले लेकिन ये पुराने शौचालय स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है। मल्लाह टोली स्थित शौचालय में मुहल्ले वासियों के साथ साथ मछली हट्टा होने से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन भी रहता है। शौचालय में दुर्व्यवस्था होने से लोग उसके अंदर जाना भी मुनासिफ नहीं समझते है। धार्मिक स्थल श्री नाथ बाबा परिसर स्थित सामुदायिक शौचालय देख रेख के अभाव में कई महीनों से ताला लटका है। जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन एवम प्रतिदिन कोई कोई मांगलिक कार्यक्रम शादी विवाह होते रहते है। और तो और सरया स्थित नव निर्मित शौचालय को जिलाधिकारी ने सोमवार को उद्घाटन किया था उसमे भी अभी तक ताला लटका है। नगर वासियों का ध्यान आकृष्ट करना बेमतलब ही साबित होता। सभासद प्रतिनिधि यशवंत सिंह यश, यशवर्धन जयसवाल उर्फ मिंटू, संजय कुमार, रामजी साहनी, रवि आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शौचालयों का मरम्मत के साथ साथ शौचालयों में बंद ताले खुलवाने की मांग किया। इस बाबत ईओ राजेंद्र प्रसाद ने कहा की कर्मचारी नहीं रखे जाने से शौचालय बन्द है जर्जर शौचालयों को बनवाया जायेगा।

खेत से लापता लड़की/ जंगली जानवर द्वारा उठाने की आशंका निराधार/सकुशल बरामद

खेत में तेदुआ होने की दहशत बरकरार लड़की सकुशल बरामद

समाज जागरण/
ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

धौरहरा खीरी --- लखीमपुर जनपद के अन्तर्गत आने वाली नगर पंचायत धौराहरा के मोहल्ला तिवारिन टोला से एक नाबालिग लड़की अपने खेत गई थी और वहीं से गायब होने की चर्चा की लड़की को तेंदुआ उठा ले गया यह खबर पूरे नगर में आग की तरह फैल गई ।देर रात लड़की बरामद होने की सूचना मिली। जानकारी के अनुसार धौराहरा कस्बे के मोहल्ला तिवारिन टोला निवासी रामचंद्र यादव की पुत्री रीता देवी उम्र (14) वर्ष प्रतिदिन की तरह परिजनों के लिए खाना लेकर खेत गई थी।और हंसिया लेकिन घास काटने चली गई शाम तक वापस नहीं आई जिससे अन्य लोग परेशान होने लगे घटना की सूचना पाकर कस्बे के सैकड़ों लोग रात 09 बजे बाईकों और ट्रैक्टर पर सवार होकर लाठी, डंडा, तलवार,बल्लम, टार्च लेकर घटना स्थल खेत की तरफ लड़की की तलाश के लिए दौड़े तलाश करते करते कुछ परिजन आगे निकल गए जहां मचान पर टार्च लगाकर देखा की लड़की डरी हुई मचान पर बैठी थी बरामद रीता देवी काफी डरी/सहमी लग रही थी उसने बताया कि वह घास काटने वक्त एक हिसंक जानवर देखा जिससे वह काफी डरी गई और मचान पर चढ़कर बैठ गई। इस प्रकरण में वन क्षेत्राधिकारी धौराहरा गजेन्द्र सिंह यादव ने बताया की क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना है आप सभी नगरवासी , ग्रामवासी अपने अपने खेतों की तरफ सावधानी पूर्ण जाये इस तेंदुए से किसी को किसी प्रकार छति नहीं पहुंची है । फिर भी जल्द ही इस तेंदुए को वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ लिया जायेगा ▪

तिकुनियां पुलिस द्वारा 152 ग्राम अवैध नशीला पाउडर बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त कलवंत सिंह उर्फ कुलवंत सिंह को किया गिरफतार

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी तिकोनियां--- लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत आने वाली कोतवाली तिकुनियां में पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज थाना तिकुनियां पुलिस द्वारा गस्त और चेकिंग के दौरान अभियुक्त कलवंत सिंह उर्फ कुलवंत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह निवासी रतनगर थाना तिकुनियां जनपद लखीमपुर को 125 ग्राम अवैध नशीला पाउडर सहित दाराबोझी तिराहा से गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना तिकुनियां पर मु०अ०सं०232/22 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान कर मा०न्यायालय भेजा गया

विशेष लोक अदालत हेतु आयोजित हुई प्री-ट्रायल बैठक

-सितंबर माह के अंत में आयोजित होनी है विशेष लोक अदालत

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के आदेश पर विशेष लोक अदालत के लिए प्री ट्रायल बैठक का आयोजन गुरुवार को हुआ।

हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-03, नोडल अधिकारी (लोक अदालत) की अध्यक्षता में ए0डी0आर0 भवन, दीवानी न्यायालय बलिया में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट की प्री-ट्रायल बैठक, विशेष लोक अदालत दिनांकित 26, 27, 28 व 29 सितम्बर को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। जिसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के न्यायाधीश/सचिव सर्वेश कुमार मिश्र के द्वारा किया। उक्त बैठक में एनआई एक्ट की धारा-138 के अन्तर्गत लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु विचार विमर्श किया गया। हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-03, नोडल अधिकारी (लोक अदालत) बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी विशेष लोक अदालत को, अपने न्यायालय में लम्बित एन.आई.एक्ट के मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें, तथा विशेष लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हांकित किये गये वादों की सूची यथासम्भव शीघ्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्रेषित करें। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वेश कुमार मिश्र द्वारा जनसामान्य से यह आवाहन किया गया कि धारा - 138 एन.आई.एक्ट से सम्बन्धित अपने मामलों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , बलिया के तत्वाधान में दिनांक 26, 27, 28, व 29.09.2022 को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में लगवाकर सुलह-समझौता द्वारा निस्तारण करायें तथा इस सस्ते, सुलभ न्यायिक प्रक्रिया का लाभ उठायें व लाभान्वित होवे। उक्त बैठक में गोविन्द मोहन अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं-8, प्रशान्त बिलगैया अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. प्रथम, नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. तृतीय, हरिश चन्द्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री शाम्भवी यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, सर्वेश कुमार मिश्र सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया, श्रीमती तपस्या त्रिपाठी सिविल जज (सी0डि0)/एफ.टी.सी., आशीष थिरानिया सिविल जज (जू0डि0) पश्चिमी, राजीव रंजन मिश्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, प्रवीन कुमार प्रियदर्शी अपर सिविल जज (जू0डि0) एवं धर्मेन्द्र कुमार भारती सिविल जज (जू0डि0)एफ.टी.सी. उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 25 हजार का अर्थदण्ड

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : पुलिस द्वारा चलाए गये अभियान के तहत जनपद में महत्वपूर्ण चिन्हित मुकदमें में प्रभावी पैरवी का एक परिणाम गुरुवार को मिला। दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय से 10 वर्ष की सजा और 25 हजार का जुमार्ना हुआ। अभियोग में त्वरित निस्तारण हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, विशेष लोक अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन व पैरोकारों की प्रभावी पैरवी के चलते थाना हल्दी पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 654/2017 धारा 376,120बी भादवि में माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ऋ़छ्3 प्रथम जनपद बलिया द्वारा दोष सिद्ध अभियुक्त कन्हैया गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद निवासी हल्दी बाजार थाना हल्दी को धारा 376 भादवि में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25 हजार के अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

पुलिस ने दो पर किया गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा, गिरफ्तार कर भेजा जेल

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकंदरपुर(बलिया) : सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा 02 अपराधियों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

उप्र गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम पंजीकृत कर सम्बन्धित अभियुक्त लल्लन चौहान पुत्र सरल चौहान निवासी निवासी मुड़ेरा थाना सिकन्दरपुर और राम प्रवेश प्रजापति पुत्र कुमार प्रजापति निवासी महुलानपार थाना सिकन्दरपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

रेवती पुलिस ने 100 लीटर देशी शराब संग पांच को पकड़ा

ऋतुराज तिवारी,
दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : शराब तस्करी और अवैध धंधा बंद करने को लेकर संकल्पित पुलिस अपना पुरजोर प्रयास कर रही है। रेवती पुलिस ने 100 लीटर देशी शराब के साथ पांच को गिरफ्तार किया। जनपद बलिया पुलिस द्वारा 05 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद । थाना प्रभारी रेवती हरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना रेवती पुलिस टीम द्वारा कायार्वाही करते कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से कुल 100 लीटर अबैध कच्ची शराब की बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध अंतर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजाराम पासवान पुत्र स्व0 दाडी पासवान सा0 वार्ड नं0 2 थाना रेवती, पवन पासवान पुत्र राजेश पासवान निवासी दतहाँ थाना रेवती, संतोष बिन्द पुत्र घुघुल बिन्द निवासी भोजछपरा थाना रेवती, राजेश पासवान पुत्र स्व0 सूरज पासवान निवासी वार्ड नं0 02 दुसाध टोला रेवती थाना रेवती तथा इन्दू देवी पत्नी स्व0 माधव पासवान निवासी वार्ड नं0 02 दुसाध टोला रेवती थाना रेवती शामिल हैं।

पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए आशा कार्यकताओं को दिया प्रशिक्षण

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में बृहस्पतिवार को पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान को लेकर आशा कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण चिकित्साधिकारी डा. अमित वर्मा के नेतृत्व में दिया गया।

इस दौरान डा. अमित वर्मा ने बताया कि 18 सितम्बर से पल्स पोलियो अभियान शुरू हो रहा है। जिसमें शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाना है। एक भी बच्चा छूटने न पाए इस बात पर विशेष ध्यान रखना है। डब्लूएचओ के मानिटर नीरज सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान भ्रमणशील एवं प्रवासी आबादी की निगरानी करते हुए उनके बच्चों को प्रतिरक्षित करने, विशेष रूप से इस दौरान नवजात शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाने पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। बीपीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि पोलियो अभियान के दौरान क्षेत्र में परिवार नियोजन, कोविड टीकाकरण के साथ ही संस्थागत प्रसव की भी जानकारी दिया जाए। बीसीपीएम अनिल कुमार ने बताया कि इस अभियान के लिए ब्लाक में कुल 95 बूथ बनाए गए है। वहीं क्षेत्र में भ्रमण टीम की संख्या 45 है। चार ट्रांजिट टीम के माध्यम से बस स्टेशन एवं चौराहों पर निगरानी रखी जाएगी

सर्पदंश से 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत

ऋतुराज तिवारी बिन्दू, दैनिक समाज जागरण रेवती (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के दतहां गांव निवासी एक 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत सर्प दंश के पश्चात मऊ सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों औऋ गांव में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के दतहां में बीते 23 अगस्त की रात घर के बगल स्थित खेत में सो रहे तथा दतहां निवासी जयराम साहनी 53 वर्ष पुत्र स्व. रामरतन साहनी को सांप ने डस लिया। परिजन उसे आनन-फानन में जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे मऊ के लिए रेफर कर दिया। जहां मऊ स्थित एक निजी चिकित्सालय में उसका उपचार चल रहा था। बीते 29 अगस्त को निजी चिकित्सालय के चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन जयराम को लेकर सदर अस्पताल मऊ में भर्ती कराए। जहां इलाज के दौरान 31 अगस्त की शाम जयराम की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शाम को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

केशरवानी वैश्य समाज ने मनाई महर्षि कश्यप की जयंती

ऋतुराज तिवारी बिन्दू, दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : केसरवानी वैश्य समाज की नगर इकाई के तत्वावधान में गोत्राचार्य महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती मनाई गयी। गुरुवार की शाम गाजा बाजा के साथ शोभायात्रा यात्रा का जुलूस अध्यक्ष सुनील केशरी व पप्पू केशरी के संयुक्त नेतृत्व में निकाला गया।

बड़ी बाजार सती स्थान से शोभायात्रा का जुलूस आरंभ होने से पूर्व महर्षि की फोटो प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका वंदन किया गया । जुलूस बाजार,थाना , बस स्टैंड, हनुमान मंदिर,गुदरी बाजार, बीज गोदाम के रास्ते मठिया बाजार पहुंच कर संपन्न हुआ। इस दौरान शंकर जी केशरी, संतोष केशरी, अनिल केशरी, पंकज केशरी, सन्नी केशरी , धनंजय केशरी ,अंकित केशरी ,विनय केशरी , राजेश केशरी गुड्डू, शान्तिल गुप्ता, रमेश मणिक , राजेश केशरी, सूरज केसरी, बबलू, रणजीत, कन्हैया, अश्वनी, गोविंद आदि मौजूद रहे।

संगठन में बदलावः हरिनारायण मिश्र "रंजीत" को मिली ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन बलिया की कमान

जिलाध्यक्ष रहे शशिकांत मिश्र ने दिया अपने पद से इस्तीफा

बलिया : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बलिया जिला संगठन में बदलाव हो गया है। प्रदेश संगठन ने जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र के इस्तीफे के बाद जिले की समस्त इकाइयों को भंग कर दिया है। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण मिश्र "रंजीत" को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नामित किया है।

रंजीत मिश्र इससे पहले जिला संगठन में जिला संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। ग्रापए के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बलिया जिले के संगठन को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। सनद रहे 30 अगस्त को ही संगठन का विशेष प्रांतीय सम्मेलन झांसी में आयोजित हुआ था और सम्मेलन के दो दिन बाद ही ग्रापए की स्थापना करने वाले जिले में एक साथ सभी कमेटी को भंग कर नया जिलाध्यक्ष नामित किया गया है।

आंगनबाड़ी राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का शुभारंभ

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : ब्लॉक के डवाकरा हाल परिसर में बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा आँगनबाड़ी राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख अतुल प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यक्रतियों को सम्बोधित करते हुए सीडीपीओ राहुल कुमार ने प्रत्येक सप्ताह की गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समेकित विकास पर जोर डालना तथा समाज में कुपोषित बच्चों के सुपोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है। आंगनवाड़ी कार्यक्रतियों ने जागरूकता रैली भी निकाला। संचालन मोहन सिंह ने किया। इस मौके पर अमरदेव सिंह, विनय चौरसिया, मुख्य सेविका कांति श्रीवास्तव, राजकुमारी पांडेय सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रहीं।

नवागत क्रीड़ाधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जनपद में नवागत क्रीड़ाधिकारी धीरेन्द्र पुरूषोत्तम ने बृहस्पतिवार को जिला खेल कार्यालय पर कार्यभार ग्रहण किया। वीर लोरिक स्पोर्टस स्टेडियम में नवागत क्रीड़ाधिकारी का स्वागत जनपद के तमाम खेल पदाधिकारियों व वरिष्ठ खिलाड़ियों ने किया। उप क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार सिंह, जिला वालीबाल एसोसिएशन से नीरज राय, वरिष्ठ क्रिकेटर अजीत सिंह 'बाबू', मोहम्मद जावेद, सेतु नाथ सिंह, मारूति नंदन राय, रोहित भारद्वाज आदि ने नवागत क्रीड़ाधिकारी का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। अयोध्या से बलिया स्थानांतरित होकर पहुंचे क्रीड़ाधिकारी धीरेन्द्र पुरूषोत्तम ने कहा कि 'बलिया खिलाड़ियों के लिए उर्वरा भूमि है, यहां खेल का बढ़िया वातावरण है । हमारी प्राथमिकता रहेगी कि जनपद की खेल गतिविधियों को और तीव्रता प्रदान की जाएगी, इसके लिए सभी खेल संगठनों व खिलाड़ियों को साथ लेकर खेल विकास की योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। साथ ही स्टेडियम में संचालित विभिन्न खेल प्रशिक्षण शिविरों का बेहतर संचालन प्राथमिकता होगी।

उपजिलाधिकारी को दिया पत्रक,आत्मदाह की चेतावनी

नित्यानंद सिंह , दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : जमीन की पैमाइस नहीं होने से नाराज पीड़िता ने एसडीएम बैरिया को पत्रक देकर आत्मदाह करने की चेतावनी दिया हैं।

बैरिया थाना क्षेत्र के चकिया गांव की रहने वाली देवान्ति देवी देवी पत्नी रमेश राम ने अपने पत्रक में आरोप लगाया हैं कि एसडीएम बैरिया के आदेश के बावजूद उसके जमीन की पैमाइस नहीं हो पा रही हैं। वह तहसील की परिक्रमा करते करते थक गई हैं। पीड़िता का कहना है कि अगर उसके जमीन की पैमाइस तीन सितंबर तक नहीं होती हैं तो चार सितंबर को वो तहसील पर आत्मदाह कर लेगी। उपजिलाधिकारी ने पत्रक को गंभीरता से लिया है।

25 पेटी देशी शराब और तमंचा के साथ नरहीं पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

विवेक राय, दैनिक समाज जागरण

नरहीं (बलिया) : अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और अवैध शराब तस्करी रोकने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत नरहीं पुलिस को एक सफलता मिली है। पुलिस ने 25 पेटी देशी शराब और एक अवैध तमंचा के साथ एक को गिरफ्तार किया है। उ0नि0 अजय कुमार यादव हमराहों के साथ भरौली गोलम्बर के पास मौजूद थे। उ0नि0 उमापति गिरि भी मय हमराह वहां आ गए। उन्हें सूचना मिली की एक व्यक्ति गोविन्दपुर खेल मैदान के पास झाड़ियों में कई पेटी अवैध शराब पीली तिरपाल से ढक कर रखा है वह उसे बिहार राज्य में ले जाने की फिराक में है। मौके पर पहुंचकर अजय कुमार उर्फ गुरिया पुत्र अनिल राम ग्राम अमांव थाना नरहीं को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व 25 पेटी देशी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर उसे न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।

ढाई किलो गांजा संग अगरौली के एक अभियुक्त को हल्दी पुलिस ने दबोचा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : अवैध रुप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अगरौली गांव के एक अभियुक्त को हल्दी पुलिस ने ढाई किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार, कब्जे से 2.5 किलो गांजा बरामद ।*

उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय मय महराह ने नीरुपुर चौराहे के पास से मंजीत यादव पुत्र भीम सागर यादव निवासी अगरौली दोपही थाना हल्दी को 2.5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग दर्ज कर चालान न्यायालय किया गया।

संक्षिप्त न्यूज

टप्पेबाज महिलाओं को पकड़ने से बचती कुंडा पुलिस

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

- जिले में गरीबों को नही मिलता न्याय। सिर्फ मुकदमा दर्ज करना बहादुरी समझती है प्रतापगढ़ की खाकी।*

पांच दिन पूर्व बैक में पैसा जमा करने पहुंची महिला हुई थी टप्पेबाजी का शिकार। पीड़ित महिला को दो महिलाओं ने बात में उलझाया और तीसरी महिला ने बैग में चीरा मारकर उड़ा दिए थे पचास हजार

स्टेट बैंक कुंडा के अंदर हुई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद फिर भी टप्पेबाज महिलाओं का गिरोह पुलिस की पकड़ से दूर।

पीड़ित सावित्री देवी का आरोप- कुंडा पुलिस रोज थाने बुलाकर कराती है घंटों इंतजार। बैंक जाने पर होती है बदसलूकी

पीड़ित गरीब महिला दर दर भटकने को मजबूर। पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामला ठंडे बस्ते में डाला। बड़ा सवाल? आखिर कब पकड़ में आएगा इन शातिर टप्पेबाज महिलाओं का गिरोह।

60 वर्ष या उससे अधिक के वृद्ध पत्रकार पेंशन का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक कागजात जमा करें

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 60 वर्ष या उससे अधिक के वृद्ध पत्रकारों को पेंशन दिये जाने की अपेक्षा की गयी है। जनपद के 60 वर्ष या उससे अधिक के वृद्ध पत्रकार अपने संस्थान का प्राधिकार पत्र, आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं एक फोटो जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ में तीन दिवस के अन्दर उपलब्ध करा दें ताकि समय से सूचना निदेशालय को भेजा सके।यह जानकारी जिला सूचना अधिकारी की ओर से दीगयी है

कामर्शियल L P G सेलेंडर पर 100 रुपए की कमी से। लोग खुश

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

देश में महंगाई की मार झेल रही जनता को महीने के पहले दिन बड़ी राहत मिली. 1 सितंबर को गैस सिलेंडर (LPG cylinders) के दामों में कमी देखने को मिली है. एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की भारी कटौती हुई है. हालांकि, दामों में यह कमी सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर पर हुई है. जबकि 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर पुराने दामों पर ही मिल रहा है. 1 सितंबर से दिल्ली में 1 इंडेन के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 91.50 रुपये, कोलकाता में 100 रुपये, मुंबई में 92.50 रुपये, चेन्नई में 96 रुपये सस्ता मिलेगा. कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में हुई कटौती का लाभ लगभग देश के हर कोने में मिलेगा. दिल्ली में आज से 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1976.50 की जगह 1885 रुपये होगी. वहीं, कोलकाता में अब कीमतें घटकर 1995.5 रुपये रह गई है. जबकि पहले यह 2095 रुपये थी. मुंबई में सिलेंडर की कीमत 1844 रुपये रह गई है. घरेलू सिलेंडर की कीमत में 6 जुलाई से कोई बदलाव नहीं हुआ है. यानी अभी भी सिलेंडर उसी कीमत पर मिलेगा. इंडेन सिलेंडर की दिल्ली में 1053 रुपये होगी, वहीं, कोलकाता में 1079, मुंबई में 1052, चेन्नई में 1068 रुपये कीमत होगी. गैस कंपनियां महीने की हर 1 तारीख को सिलेंडर के दाम तय करती हैं. इससे पहले अगस्त में भी सिलेंडर के दामों में कटौती की गई थी. उस वक्त कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 36 रुपये कटौती की गई थी. दिल्ली में 19 किलो के सिलेंडर की कीमत पहले 2012.50 पैसे थी, इस कटौती के बाद कीमत 1976.50 रुपये रह गई थी.

नशे के काले कारोबारी पर मेहरबान पुलिस।

विश्व नाथ त्रिपाठी समाज जागरण प्रतापगढ़

जनपद प्रतापगढ़ के कई थाना क्षेत्रों में मानिकपुर के गांजा तस्कर का जाल फैला होने के कारण युवा पीढ़ी नशे की आदी बनती जा रही है ।

पुलिस ने इसे कई बार पकड़ा और जेल भी भेजा

लेकिन कड़ी कार्रवाई न होने पर जेल से छूटते ही फिर शुरू कर देता है मादक पदार्थों का काला कारोबार।यह पूरे जनपद में काले धंधे को चलाता है और पुलिस की मिली भगत से धड़ल्ले से बिक रहा चरस अफीम गांजा। 50 से 100 रुपए में गांजा और 600 रूपए में खुलेआम बिक रहा चरस। नशे की लत बर्बाद कर रही युवा पीढ़ी है । नशे की लत के कारण अपराध के दलदल में फंस रहे युवा।

*नशे की लत पूरा करने के लिए युवा आपराधिक घटनाओं को अंजामदेने लगते हैं जिसके कारण क्षेत्र में लूट, छिनैती, टप्पेबाजी और चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं *

*सूत्रों की मानें तो नशे के सौदागर पुलिस को देते हैं मोटी रकम। सिपाही से लेकर हल्का दरोगा तक सब मैनेज हो जाते हैं यदि पुलिस ऐसे ही अपराधियों को बढ़ावा देती रही तो समाज में जरायम की अधिकता ही नजर आएंगी

गाजे-बाजे के साथ स्थापित हुए गणपति

विश्व नाथ त्रिपाठी समाज जागरण प्रतापगढ़

वैसे तो भारतीय संस्कृति में गणेश जी देवताओं में प्रथम पूज्य मानने गये हैं इसी मान्यता के तहत हिंदुओं का प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान में विघ्नहरण भगवान गणेश की पूजा सबसे पहले की जाती है । प्रत्येक मास में लोग चततर्थी तिथि को गणेश जी का व्रत वपूजन करते हैं लेकिन विशेष मान्यताओं के कारण भादों मास में शुक्लपक्ष की चतुर्थी का विशेष महत्व बताया गया है इसी महत्व के कारण ११ दिवसीय भजन पूजन

के साथ गणेशोत्सव का भजन पूजन मूर्ति स्थापना के साथ पूरे जनपद में गांजे बाजे के साथ प्रभु को स्थापित किया गया` सभी बाजारे व गांव के विभिन्न स्थानों पर मूर्तियां रखी कर लोगों ने जोरजोर से गणपति बप्पा मोरया का नारे लगाते रहें ।बच्चों को छोड़ें बुजुर्गों का उत्साह देखने लायक था। उनकी थिरकन देखते ही बनती थी`

सुंदर सजे पंडाल उसमें बजती क्मधुर संगीत सब के मन को मोह रही थी` आचार्य जी मंत्रों के साथ पूजन कराने के बाद सब को प्रसाद दिये ग्रे

थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में

प्र0नि0 अरुण कुमार द्विवेदी थाना जगदीशपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 322/22 धारा 376डी व ३ पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त महसूफ आलम पुत्र मकबूल आलम नि0 मखदूमपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब 10:15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना जगदीशपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

समझौता कराने गए प्रधान से मारपीट, धमकी

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ

समझौता कराने गए ग्राम प्रधान पर दबंग हमलावर हो गए। मारपीट करने के साथ ही जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेवली प्रधान अमित कुमार पुत्र विजय कुमार गांव में हुए दो पक्ष के विवाद में समझौता करने पहुंचे। तभी गांव के ही कुछ दबंग प्रधान को जातिसूचक गालियां देते हुए हमलावर हो गए और मारपीट करने लगे। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। एसओ सुधीर सोनी का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई जाएगी।

अमेठी तहसील में छात्रा के साथ छेड़छाड़ : छात्राओं ने न्याय के लिए किया प्रदर्शन , मेष कर्मचारी पर लगाए अश्लील हरकत करने के आरोप

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी में एक छात्रा फिर छेड़छाड़ की शिकार हो गई। आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय की एक बीमार छात्रा ने मेस के कर्मचारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

जिसके बाद स्कूल की छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्राओं ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि हॉस्टल में हम लोगों की हालात बहुत बदतर है।

आक्रोशित छात्राओं ने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और आश्रम पद्धति विद्यालय की छात्राएं धरने पर बैठ गई है।

मेष कर्मचारी ने छात्रा के साथ की छेड़छाड़

जिला मुख्यालय स्थित आश्रम पद्धति आवासीय बालिका विद्यालय की बड़ी लापरवाही सामने आई। प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने बताया कि विद्यालय के हॉस्टल में हम लोगों के लिए सुविधाएं नहीं है। बीमार होने पर पैदल अस्पताल जाना पड़ता है। आज एक छात्र की तबीयत विगड़ने

पर मेष कर्मचारी उसे साइकिल पर बिठाकर

अस्पताल ले जा रहा था । तभी मेष कर्मचारी ने रास्ते में छात्र के साथ अश्लील हरकत करने लगा।

विद्यालय प्रशासन मौन

छात्राओं ने कहा कि हम लोगों को न्याय चाहिए अभी तक स्कूल के प्रिंसिपल और कोई अध्यापक यहां तक नहीं आए है।

वही पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इस मामले में थानाध्यक्ष गौरीगंज राहुल कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला छेड़छाड़ का प्रतीक हो रहा है।

पंचायत भवन का ताला तोड़कर हजारों के सामान चोरी, थाने में तहरीर

समाज जागरण
प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ

कुंडा कोतवाली के नोहर सिंह का पुरवा सरांय कीरत गांव में बने पंचायत भवन में मंगलवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। पहले दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन कामयाब नहीं होने पर कमरे की लोहे की जाली काट कर भीतर घुसे। कमरे में रखा इनवर्टर, दो बैटरा, कैमरा, कंट्रोलर आदि हजारों का सामान चोर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। यूपी 112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची और मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही। प्रधान स्वरुपा देवी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश यादव (बच्चा) ने बताया कि यह चौथी चोरी है। जून महीने में चोरी होने पर एक युवक को रंगे हाथ पक ड कर पुलिस को ग्रामीणों ने दिया था, उसने तीन साथियों के नाम भी बताए लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत 02 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्नशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत उ0नि0 इन्द्रेश कुमार थाना मुंशीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 अभियुक्त 1.मुकेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह पुत्र संतोष सिंह नि0 कोरारी हीरशाह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, 2.मनोज उर्फ घिर्राउ पुत्र गोपी प्रसाद नि0 ग्राम पूरे शिवबक्स दूबे का पुरवा मजरे जलामा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को भुसियावां शाहगढ़ तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त मुकेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह के कब्जे से 01 किलो 50 ग्राम गांजा तथा अभियुक्त मनोज उर्फ घिर्राउ के कब्जे से 01 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ । थाना मुंशीगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था को लेकर मा. राज्यमंत्री ने जनपदीय अधिकारियों के साथ की बैठक।

शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के दिए निर्देश ग्राम धनी जलालपुर में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं एवं विभिन्न लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र।

मा. राज्यमंत्री ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों का लिया हाल-चाल मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

मा. राज्यमंत्री नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश श्री राकेश राठौर जी ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था को लेकर जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विकास कार्यक्रमों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने एवं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में मा. राज्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं मा. राज्यमंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके उपरांत मा. राज्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालय धनी जलालपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया एवं जन सामान्य की शिकायतें सुनी तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। चौपाल के दौरान मा. राज्यमंत्री ने

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पंचायती राज विभाग के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सुखी, बीसी सखी, बैंक सखी, रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले समूह स्वयं सहायता समूह, महिला मेट, सामुदायिक शौचालय में कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय परिसर में हरिशंकरी का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चौपाल के दौरान मा. राज्य मंत्री जी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसके उपरांत मा. राज्यमंत्री ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल जाना एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीएम ने अधिकारियों को सब अच्छा है वाली थ्योरी पर लगाई फटकार

समाज जागरण/शिवशंकर
पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रशासकीय अधिकारियों का ह्लसब अच्छा है-सब अच्छा हैह्व का रवैया नहीं चलेगा। मूलभूत सुविधाओं और जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जन-सामान्य की राय महत्वपूर्ण है। जिले के प्रभारी मंत्री, स्थानीय मंत्री, विधायक और जन-प्रतिनिधि प्रति माह जिले की सघन समीक्षा करें। हमें टीम मध्यप्रदेश के रूप में सभी के विकास और कल्याण के लिए कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने 01 सितम्बर को अपने निवास कार्यालय से बालाघाट जिले की वर्चुअल समीक्षा के दौरान यह बात कही।

इस वीडियो कांफ्रेंस में बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग, राज्यमंत्री आयुष एवं जल संसाधन विभाग रामकिशोर नानो कावरे भी शामिल हुए। इसमें मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव वर्चुअली शामिल हुए। कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट के एनआईसी वीडियो कांफ्रेंस रूम में मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक गौरीशंकर बिसेन, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास

योजना, खाद्यान्न वितरण, बिजली आपूर्ति और स्वनिधि योजना की समीक्षा कर सीएम राईज स्कूल की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के प्रदाय और जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जनता की संतुष्टि का स्तर महत्वपूर्ण है। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही विभिन्न समस्याओं का सटीक विश्लेषण कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आयी अनुचित राशि की माँग संबंधी शिकायतों और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी-कर्मचारी की सेवाएँ समाप्त की जाए।

वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को नियत समय सीमा में पूर्ण किया जाये। नल-जल योजनाओं का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ हो। नल-जल योजनाओं के पाईप फुटे होने या नलों में टोटियां नहीं होने जैसी स्थिति कहीं पर भी नहीं होना चाहिए। नल-जल योजना के कार्य की गुणवत्ता के साथ ही उससे प्रदाय किये जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता भी देखी जाये। आम जन को साफ स्वच्छ पानी पीने के लिए उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। नल-जल योजना के कार्यों एवं पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला प्रशासन तत्परता से कार्य करे। जिले में कहीं पर भी इस संबंध में शिकायत मिले कि ठेकेदार द्वारा सही काम नहीं किया गया है तो उसकी तत्काल जांच कर दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही करें। स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाये।

हमारा प्रयास है कि आवास योजना के हितग्राहियों को सस्ती दर पर रेत मिलना चाहिए। जो ठेकेदार आवास योजना के हितग्राहियों को सस्ती दर पर रेत नहीं देंगें, उनके विरूद्ध जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही करे।

BRMGSS श्रमिक सम्मेलन बंगाल के खरगपुर पर।

समाज जागरण
बंगाल,खरगपुर(सुमित पालित)

बीआरएमजीएसएस यानी भारतीय रेलवे के दक्षिण पूर्व रेलवे जोन मालगोदाम श्रमिक संघ ने 1 सितंबर को दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल के मनोरंजन सभागार में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया। इस दिन संघ के सदस्यों सहित इस अंचल के सभी अधिकारी उपस्थित थे.स्थानीय सांसद दिलीप घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।अरुण कुमार पासवान संघ के संस्थापक और राष्ट्रीय मुख्यमंत्री थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोरंजन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष काशीनाथ गयान, दक्षिण पूर्व रेलवे जोन प्रभारी हरिदास सरदार,

शानू करमकर सहित संघ के कई शीर्ष नेतृत्व। दिलीप घोष ने अपने भाषण में संघ की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।उधर, अरुण कुमार पासवान ने अपने भाषण में मांग की कि केंद्र सरकार स्थायी रोजगार और अन्य सुविधाओं के लिए श्रमिकों की सभी 14 सूत्री मांगों का अनुपालन करे और श्रमिकों के हितों की तत्काल रक्षा करे. कई जगहों के मजदूर उम्मीद कर रहे थे कि कुछ दिनों में उनकी नौकरी और वेतन सुरक्षा का समाधान हो जाएगा। इसका जवाब समय बताएगा।

कानपुर में समस्याओं के खिलाफ लगातार सफल विधायक सुरेंद्र मैथानी का कठोर परिश्रम

पनकी स्थित कछुआ तालाब के सामने बहुप्रतीक्षित सड़क और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करने से क्षेत्रीय जनता गदगद

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर लगातार विकास कार्यों के रूप में जन समस्याएं हल करने में अव्वल चल रहे गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने आज यहां पनकी स्थित कछुआ तालाब के सामने वार्ड 53 सराय मीता के अंतर्गत मकान नंबर 99 बी शिव शंकर पाल के घर से परमानंद कुशवाहा के मकान नंबर 80 बी तक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ कर, पूजन अर्चन करके किया।

इस निर्माण कार्य की लागत 11.68 लाख होने की जानकारी देते हुए जन समस्याएं हल करने के साथ ही विकास कार्य कराने के मामले में ऐतिहासिक रूप से अव्वल जुझारू तेवरों वाले विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि यह सड़क काफी लंबे वर्षो से जर्जर हालत में पड़ी हुई थी। अपने अबतक के जुझारू राजनीतिक कार्यकाल में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराने वाले पीड़ितों की

तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित तेजतर्रार और व्यवहार कुशल विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि सड़कों के दोनों तरफ नाली के बन जाने से घरों के अंदर से निकलने वाला दूषित जल नालियों में मिलकर अपने रास्ते निकल जाएगा और भीषण जलभराव जैसी समस्या से भी निजात मिल जाएगी। जनसेवा के मामले में पूर्ण रूप से समर्पित तथा हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाली अपनी व्यवहार कुशलता के फलस्वरूप अपनी प्रगाढ़ लोकप्रियता के चलते हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले कठोर परिश्रमी विधायक सुरेंद्र मैथानी ने यह भी भरोसा दिया कि,अन्य जो भी टूटी फूटी सड़कें पड़ी हैं उनको भी जल्द से जल्द बनवा कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद दीपक सिंह,पार्षद विनोद पाल,मंडल अध्यक्ष चन्द्रमणि चौबे, ललित उपाध्याय,अनिल निषाद,कुलदीप सेंगर, अभिनव दीक्षित,पवन सविता,किरन तिवारी, बबिता निगम,आशा देवी,प्रियंका सिंह आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/शिवशंकर
पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।परसवाड़ा थानांतर्गत उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस थाना में पहुंचे एक पिता ने अपनी 16 वर्षीय बच्ची की अपहरण की शिकायत किया।जिसको लेकर पुलिस चौकन्नी होकर अपने मुखबिर तंत्र की सहायता से 16 वर्षीय नाबालिग युवती के अपहरण करने के आरोप मे चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बालिका के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी छोटी बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा है। कुछ अज्ञात युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। जिसकी खोजबीन करने पर कोई खबर नहीं मिल रही है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने सर्चिंग शुरू कर दी।

दस्तयाबी के दौरान मुखबिरों से सूचना मिली की नाबालिग को बघोली गांव का रहने वाला शैलेष कुमार उर्फ छोटू टांगसे महाराष्ट्र के रत्नागिरी भगाकर ले गया है

इसके बाद परसवाड़ा थाने के नगर निरीक्षक राजीव उइके ने टीम के साथ शैलेश को पकड़ लिया। जिसके कब्जे से नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। घटना में आरोपी के सहयोगी राहुल सोनवाने (19), विनोद कुमार (23), प्रदीप बगारे (23) थे। परसवाड़ा पुलिस ने बीती रात आरोपियों के खिलाफ धारा 363, 366, 366 (क), 376 और पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को पुलिस ने बैहर कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

बैगा आदिवासियों से रुपया लेने वाले 108 एम्बुलेंस चालक पर कब होगी कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर
पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।बिरसा जनपद आदिवासी बहुल होने से यहाँ के निवासी बहुत सीधे साधे होते है जिनका फायदा 108 एम्बुलेंस वाहन चालक खूब उठा रहे हैं।जानकारी अनुसार बिरसा जनपद अंतर्गत मछुरदा ग्रामपंचायत निवासी बैगा दंपति के यहां 07 अगस्त को गर्भवती महिला को शाम करीब 5 बजे से प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया जिसपर बिरसा से 108 एम्बुलेंस ग्राम गठिया निवासी भुखाऊ बैगा के यहां पहुंची,जहां पहुंचने पर एम्बुलेंस वाहन चालक को मालूम हुआ कि महिला की नार्मल डिलीवरी घर पर ही हो चुकी है जिससे परिजनों ने अस्पताल जाने से मना कर दिया।इस पर एम्बुलेंस चालक ने(जिसकी पहचान परिजनों ने बिरसा जनपद के ग्रामपंचायत कनिया का होना बताया) नही जाने पर रुपये की मांग करने लगा जिससे डर कर परिजनों ने 1000 हजार रुपया एम्बुलेंस वाहन चालक को दिया जो बेहद ही शर्मनाक है।जिस बैगा समाज को शासन प्रशासन राष्ट्रीय मानव का दर्जा देकर इनके संरक्षण के लिए लिए विभिन्न प्रकार की

कर रही है तो वही कुछ लोग इनके सीधेपन का फायदा उठा कर बैगाओं को लूटने में लगे हैं।ऐसा नही है कि यह पहला मामला है, इसके पहले और मामले उजागर हुए है जिस पर अधिकारियों ने लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डाल दिया जिसका नतीजा 108 एम्बुलेंस वाहन के चालको का मनोबल बढ़ता गया जिससे इस क्षेत्र के एम्बुलेंस चालक बैगाओं से रुपए की मांग कर लूट रहे हैं।इसके पहले भी करीब एक साल पहले इसी ग्रामपंचायत के बैगा परिवार से एम्बुलेंस चालक ने रुपये लिये थे जिसकी शिकायत बिरसा बीएमओ डॉ सुनील सिंह से किया गया था जिसका नतीजा कुछ नही निकला जिससे एम्बुलेंस चालको का गया और आज बैगा ग्रामो में गए चालक बिना लिए बढ़ते जिसमे हो क्षेत्रीय अधिकारी मेल हो जिसके दम लेंस चालक अपनी जो बेहद शर्मनाक देश के आयुष मंत्री रामकिशोर कांवरे ने सख्त लहजे में कहा है कि अगर कोई एम्बुलेंस चालक किसी से रुपए की मांग करता है तो उस एम्बुलेंस की निविदा निरस्त कर कानूनी कार्यवाही की जाए लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से एम्बुलेंस चालको पर कोई कार्यवाही नही होती जिससे इनका मनोबल बढ़ रहा है और रोजाना सीधे साधे बैगाओं को ये लोग अपना शिकार बना रहे हैं।अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या कार्यवाही करता है?

कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार को लिया चपेट में मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत।

समाज जागरण
संवादाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम बकरकुदा में रात 9 बजे के करीब मस्तूरी तरफ से मल्हार की ओर आ रहे बाइक सवार को आमने सामने से कैप्सूल वाहन ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को सामने से ठोकर मार मौके से फरार हो गया, बाइक में 3 लोग सवार थे जिसमें 2

लोग घायल है, और बाइक चालक मध्य नगरी चौक बिलासपुर निवासी हितेश पीपलवा की घटनास्थल में ही दर्दनाक मौत हो गई। वही मौके पर उपस्थित लोगों ने पचपेड़ी थाना पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद पचपेड़ी थाना पुलिस ने दुर्घटना कारित कैप्सूल वाहन समेत ड्राईवर को पकड़ लिया है।वही मल्हार चौकी पुलिस घटना स्थल में पहूंच आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

सगी चचेरी भाई ने 13 वर्ष की छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा / उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद के बिसंडा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकलोड़ी गांव में 13 वर्ष की छात्रा प्रियंका पुत्री राम सजीवन खंगार। को सगे चचेरे भाई ने अपने सगे चाचा की लड़की को कर रहा था प्रताड़ित करता था मोबाइल से फोन,मृतिका के पिता के द्वारा विरोध करने पर पिता के साथ किया था मारपीट। पूर्व में भी अपनी चचेरी बहन के साथ कई बार अनैतिक आचरण करने की थी कोशिश संतोष ने।

घटित घटना के पूर्व ही प्रियंका के पिता ने संतोष के घर जाकर उसके पिता से दर्ज कराया था विरोध,जिस पर संतोष के पिता ने संतोष के साथ की थी मारपीट,इस प्रकरण से गुस्साए हुए संतोष ने अपनी चचेरी सगी बहन को ले जाकर जबरदस्ती किया उसके साथ बलात्कार,जबकि मृतिका के पिता अभिभावक ढूंढते रहे उसको अन्यत्र संज्ञान होने पर संतोष के घर जाकर देखा विक्षिप्त हालत में मिली थी मेरी लड़की। उसको ले गए अपने घर। घर से उठाकर किया दुष्कर्म और बेहोशी हालत में अपने ही घर में छोड़ दिया पता चलने पर मेरी लड़की प्रियंका ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या मृतिका का नाम प्रियंका पुत्री राम सजीवन खंगार उम्र तेरा वर्ष ग्राम सिकरोड़ी थाना बिसंडा के मूल निवासी हैं परिजनों ने बताया सगे भाई का लड़का जिसका नाम संतोष पुत्र सुन बाद उम्र 22 साल सगी चाचा का लड़का अपनी चचेरी बहन को घर से उठा ले गया अपने घर उसके साथ दुष्कर्म करके घर में ही छोड़ दिया मां बाप पता चलने पर पहुंचे हाथापाई लपटी झपता गाली गलौज हुई प्रधान को बुलाकर कहासुनी भी हुई इसी बात को लेकर प्रियंका उम्र 13 साल पुत्री राम सजीवन की शमिंर्दा होकर बस घर में ही फांसी लगाकर दी जान।

पुलिस को संज्ञान मिलने पर क्षेत्राधिकारी सत्य प्रकाश शर्मा के आदेश पर बिसंडा थाना अध्यक्ष ने पंचनामा कर शव विच्छेदन के हेतु भेजा गया रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा।

दो पक्षों में मारपीट दबंगों ने पीड़ित महिला को जमकर पीटा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा / आज दिनांक 1 सितंबर 2000 22 को जनपद बांदा के बबेरू तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत फफूंदी की रहने वाली जुबेदा पत्नी अब्दुल रसूल ने बताया की 3 अगस्त को गांव के ही हनीफ पुत्र बसीर जो कि गांव के ही रहने वाले हैं व कौशिम पुत्र हनीफ और राहुल पुत्र अज्ञात निवासियों ने घर में घुसकर चोरी किया व लड़कियों को गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

मुझे पीड़िता के द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट थाना बबेरू में मुकदमा संख्या 308 / 2022 में दर्ज कराई थी। जिससे नाराज होकर पुनः दिनांक 30 अगस्त 2022 को सुबह 8:00 बजे गांव के ही नूर मोहम्मद पुत्र बशीर,लल्ली पुत्र हनीफ व कुरेशिया पत्नी हनीफ,शकीला पत्नी कासीम व हजरत पुत्री नूर मोहम्मद ने मुझको रिपोर्ट वापस लेने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर घर के अंदर से घसीट कर मारा पीटा सुलह समझौता न करने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना से मुझ पीड़िता को गंभीर चोटे आई पुनः बबेरू थाना मैं संज्ञान देने पर उक्त लोगों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। ना ही मेरी चोटों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया रात्रि 10:00 बजे तक थाने में बैठा करके रखा गया अंततः मुझको वहां से भगा दिया गया जबकि मेरे साथ की गई घटना का बेवरा मोबाइल में वीडियो की रिकॉर्डिंग के माध्यम से भी साक्ष्य के रूप में उपस्थित है पुलिस अधीक्षक महोदय से अनुरोध है कि उक्त प्रकरण की गंभीरता से जांच करवा कर घटना में संबंध नामित सभी लोगों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना मुझ गरीब के लिए न्याय हित में आवश्यक है।

संदिग्ध परिस्थिति में एक्सीडेंट में घायल युवक के उपचार के दौरान मौत

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा / विगत दिवस 29 अगस्त दिनांक में शोभा लाल उर्फ अजय कुमार निवासी मुंगूस का पुरवा थाना गिरवा तहसील नरैनी जनपद बांदा को मुंगूस पुरवा के ही निवासी देवीदीन पुत्र राम सजीवन दिलीप पुत्र नत्थू एवं देवीदीन की पत्नी आशा किसी विवाद में वांछित होने पर अजय को जमानत लेने हेतु मुंगूस के पुरवा से जनपद बांदा मुख्यालय में न्यायालय शहर मजिस्ट्रेट के यहां लाए गए थे। वापसी पर संज्ञान आशा पत्नी देवीदीन के द्वारा दिया गया की शोभा लाल उर्फ अजय को दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में घायल होने के कारण भर्ती कराया गया है योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्य को घटना का रूप देने में पूर्ण सार्थक प्रयास नजर आएगा।

शोभा लाल के पिता श्रवण कुमार जो कि अनुसूचित जाति के हैं उन्होंने बताया कि चिकित्सीय परामर्श में शोभालाल को कानपुर इलाज हेतु रिफर किया गया था। जिसका इलाज डिवाइन मेडिकल केयर यशोदा नगर में दौरान इलाज करने वाले डॉक्टर के द्वारा भी मेरे पुत्र शोभा लाल उर्फ अजय को दुर्घटना में ना मानते हुए किसी प्रकार का कोई नशीला और जहरीले पदार्थ की उपस्थिति की आशंका व्यक्त की थी। इलाज के दौरान 30 तारीख की रात्रि लगभग 2:00 बजे के बाद मृत्यु हो गई जिसको वहां से लाकर जिला चिकित्सालय बांदा से पुलिस को संज्ञान देकर शव विच्छेदन हेतु कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किया गया है। पिता और परिवारी जन को संदेह सुनियोजित तरीके से की गई मेरे पुत्र की हत्या जबकि जमानत के लिए लिवा लाए लोगों ने ही दुर्घटना का दिया था संज्ञान, उसी तरीके से प्रथम सूचना भी दी गई थी दुर्घटना होने की,पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होने पर कार्यवाही की है मांग।

नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा एक बार फिर से जनता के धन का दुरुपयोग कर अपनी वाह वाही बटोरने का प्रयास किया गया।

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

आज दिनांक 01.09.22को नगर पालिका परिषद बांदा द्वार३ शवों को श्मशान घाट, मुक्तिधाम तक ले जाने के लिए 'स्वगारोहण-विमान' का शुभारंभ और शवों को सुरक्षित रखने के लिए डी फ्रीजर का लोकार्पण* आज नगरपालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष श्री मोहन साहू द्वारा किया गया ।

मगर ध्यान से देखा जाए तो बांदा जनपद बने इलेक्ट्रिक शव दाह ग्रह राज घाट वा हरदोली घाट करोना काल से बंद पड़े हैं।

जिनकी मरम्मत करना नगर पालिका परिषद बांदा ने उचित नहीं समझा आखिर क्यों।

आज बांदा नगर पालिका परिषद बांदा में पहले से दो शव वाहन है जिन्हे पूर्व विधायक विवेक सिंह वा एक मुक्ति धाम कमेटी के द्वारा चलाया जा रहा है।

अब आप लोग ही बताए की एक शव के अंतिम संस्कार में चार कुंतल लकड़ी सात सो रूपए के भाव से 2800 रुपए की लगती हैं तो मशीन में ना लें प्रदूषण होगा और जंगल भी बचे रहेगी।

दो गाड़ियों में एक ड्राइवर हैं।

एक गाड़ी हरदौली मुक्ति धाम में धूल खा रही है। नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा इलेक्ट्रिक शव दाह मशीनों की मरम्मत कराने की जगह एक अन्य शव वाहन वा डी फ्रीजर लगवा कर अपनी वाह वाही लुटने का काम किया जा रहा है।

रही बात डी फ्रीजर की तो पहले मशीन की जरूरी है न कि डी फ्रीजर नगर पालिका का काम साफ सफाई वा नगर प्रकाश की व्यवस्था करना है वह कार्य भी सही से नही कर पाती और दिखावा कर जनता के धन का दुरुपयोग कर वाह वाही लुटने की कोशिश में लगी है।

बेसहारा पशुओं पकड़ने अभियान में बाधा पहुचानें वालो पर होगी कार्रवाई- महापौर गौतम सरदाना

हिसार (राजेश सलूजा)

महापौर गौतम सरदाना ने कहा कि शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी है बेसहारा पशु से शहर के लोग परेशान थे, घटनाएं हो रही थी। नगर निगम में बेसहारा पशु पकड़ो अभियान जोर-शोर से चलाया हुआ है। अब रोजाना 60 के लगभग बेसहारा पशुओं को पकड़ा जा रहा हैं। शहर के लोग इस अभियान से बहुत खुश हैं। कुछ लोग पशु पकड़ो अभियान में बाधा बन रहे हैं। महापौर गौतम सरदाना ने वासियों से अपील है कि ऐसे लोगों पर ध्यान न देकर बेसहारा पशु पकड़ने में नगर निगम का साथ दें। महापौर कहा कि जो लोग पशु पकड़ो अभियान में बाधा पहुंचाएंगे उनके खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

बेसहारा पशु टीम के इंचार्ज देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि जो गाय मरी थी वह पहले से ही बीमार थी हमारी टीम ने उसे कोई दवाई या इंजेक्शन नहीं लगाया। उन्होने बताया कि आज 43 बेसहारा पशु पकड़े गये। सुंदर नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 33, ऋषि नगर व प्रेम नगर से सभी पशुओं को पकड़कर गौ अभ्यारण्य पहुंचाया गया।

समस्त नगर पालिका अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी ने लंपी रोग की रोकथाम हेतु पशुपालन विभाग, समस्त नगर पालिका अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

नोडल अधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक कर ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को किया जागरूक एवं रोग से प्रभावित ग्राम पंचायत का किया भ्रमण तथा संचालित गौशाला का किया निरीक्षण

जनपद में कोई बाहरी पशु प्रवेश ना करें यह किया जाए सुनिश्चित....नोडल अधिकारी

लंपी रोग की रोकथाम हेतु पशुपालकों को किया जाए जागरूक..... नोडल अधिकारी

लंपी रोग के सूचना आदान-प्रदान हेतु बनाए गए कंट्रोल रूम में पशु चिकित्सा अधिकारी को किया जाए तैनात..... नोडल अधिकारी

बिना अनुमति के कोई भी पशु चिकित्सा अधिकारी जनपद मुख्यालय नहीं छोड़ेगा... जिलाधिकारी

दैनिक समाज जागरण बहजोई । कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में प्रबंध निदेशक, पीसीडीएफ कुणाल सिल्कू (आईएएस) एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल के अध्यक्षता में लंपी स्किन डिजीज(एलएसडी) की रोकथाम के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 9 लाख पशु हैं। तथा जनपद में संचालित गौशालाओं की संख्या 41 है। एवं उन्होंने पशुपालन विभाग में कार्यरत कर्मियों तथा जनपद में बनाए गए एपिसेंटर, आइसोलेशन गौशाला, कंट्रोल रूम तथा लंपी रोग के संबंध में जनपद में की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। और उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन एवं सैनिटाइजेशन का कार्य जनपद में युद्ध स्तर पर चल रहा है। कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। रोग से रोकथाम हेतु 8 टीमें गठित कर दी गई हैं और लक्षण युक्त पशुओं का उपचार जारी है। नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह बीमारी एक संक्रामक बीमारी है। और कोविड-19 समान ही यह वायरस के द्वारा फैलती है। इसमें पशु मृत्यु दर एक से दो पर्सेंट है। तथा जनपद में अभी केसों की संख्या कम है इसकी रोकथाम के लिए अभी से युद्ध स्तर पर कार्य करना है ताकि इस बीमारी से छुटकारा पा सकें। और उन्होंने कहा कि कोई भी निराश्रित एवं छुट्टा गोवंश संचालित गौशालाओं में नहीं संरक्षित किया जाए। अगर कोई छुट्टा पशु जो लक्षण युक्त है उसे जनपद में बनाई गई आइसोलेशन गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। ताकि अन्य पशु सुरक्षित रह सकें।

यह रोग मक्खी मच्छर तथा मानव के द्वारा भी फैलता है। तथा मच्छर मक्खी से बचाव के लिए प्रत्येक ग्राम एवं शहर या कस्बों में फॉगिंग का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए तथा सैनिटाइजर का प्रयोग भी प्रत्येक दशा में किया जाए। लक्षण युक्त पशुओं के गोबर मूत्र एवं लार का डिस्पोजल यथाशीघ्र किया जाए। तथा गोबर को किसी गड्ढे में दबा दिया जाए। तथा मूत्र पर चूना डाला जाए। एपिसेंटर के 500 से 1000 मीटर तक के रेडियस में जितने भी पशु प्रभावित हैं। उनके गोबर मूत्र आदि का निस्तारण करवा लिया जाए। तथा फॉगिंग और सैनिटाइजर भी करा ले। पशुओं की देखभाल करने वाले केयरटेकर सैनिटाइजर का प्रयोग करें पशुपालक के परिवार के लोग जहां तक हो सके ऐसी स्थिति में घर से बाहर जाने में एहतियात बरतें वैक्सीनेशन के लिए एपिसेंटर के पास रिंग बनाकर 500 से 1000 मीटर को छोड़ते हुए सबसे पहले बाहर से लगभग 5 किलोमीटर के दायरे से वैक्सीनेशन करते हुए अंदर के लिए वैक्सीनेशन का कार्य करें।

लंपी रोग लक्षण तथा उसकी रोकथाम के लिए प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान दें प्रत्येक ग्राम पंचायत में लक्षण और रोकथाम के संबंध में पंपलेट प्रत्येक गोपालक के यहां प्रत्येक दशा में चस्पा हो जाना चाहिए। तथा प्रत्येक गांव में कम से कम दो फ्लैक्सी बोर्ड मुख्य स्थानों पर लोगों को जागरूक करने के लिए लगवाए जाएं। तथा इससे संबंधित तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक भी कर ली जाएं। खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने स्तर से यह भी सुनिश्चित करें कि समस्त ग्राम प्रधान अपने अपने गांव में इस रोग के विषय में लोगों को जागरूक करें। प्राइवेट गौशालाओं में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाए। पुलिस प्रशासन भी यह सुनिश्चित करें जनपद से बाहर का कोई भी पशु जनपद में प्रवेश नहीं करें। जनपद में पशुओं का आना जाना प्रतिबंधित रहेगा एवं जनपद में पशु मेले का आयोजन प्रत्येक दशा में ना किया जाए। तथा जनपद में बनाए गए कंट्रोल रूम में एक डॉक्टर की तैनाती की जाए। जिससे सूचना मिलने पर उसका निस्तारण शीघ्रता से संभव हो सके। मृत पशु को खुले में ना छोड़े तथा उस को ढक कर किसी सुरक्षित स्थान पर गड्ढा खोदकर उसको डिस्पोजल किया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि बीमारी की रोकथाम के लिए लोगों को प्रत्येक दशा में जागरूक किया जाए पशुपालक सेनीटाइजर का प्रयोग करें। प्रत्येक गांव में प्रचार प्रसार युद्ध स्तर पर किया जाए जिससे ग्रामवासी लोग जागरूक हो। जिला पंचायत राज अधिकारी प्रत्येक गांव में पंपलेट लगवाना सुनिश्चित करें। पशुपालक इस रोग को लेकर सावधानी बरतें लक्षण युक्त पशु का गोबर, मूत्र आदि का डिस्पोजल तत्काल कराना सुनिश्चित करें। और जिलाधिकारी ने कहा कि बिना अनुमति के कोई भी पशु चिकित्सा अधिकारी जनपद मुख्यालय नहीं छोड़ेगा अगर ऐसा संज्ञान में आता है तो उस-ाके खिलाफ कार्यवाही संज्ञान में लायी जायेगी।

इसके उपरांत विकासखंड संभल सभागार में नोडल अधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ एक बैठक की तथा उसमें लंपी रोक के लक्षण एवं रोकथाम के विषय में बताया जिसमें उन्होंने कहा कि सैनिटाइजर प्रयोग प्रत्येक पशुपालक करें। जिससे लोग को रोका जा सके। और सभी ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने स्तर से लोगों को वृहद रूप से जागरूक करें। ताकि इस रोग से पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। और उन्होंने कहा की पशुओं में कोई भी लक्षण पाया जाता है तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 94110 96168 पर सूचना दे सकते हैं।

इसके उपरांत ग्राम पंचायत सिंहपुर सानी में जाकर ग्राम पंचायत सभागार में ग्राम वासियों से रूबरू होते हुए लंपी रोग के लक्षण एवं रोकथाम आदि के विषय में ग्राम वासियों को बताया और ग्राम वासियों को अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए क-हा। इसके उपरांत ग्राम पंचायत शरीफपुर में संचालित गौशाला का भ्रमण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुन्ना लाल यादव, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन, ब्लाक प्रमुख संभल, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखंड अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत नि:शुल्क कोचिग कक्षाओं को संचालन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा / मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत चलाई जा रही निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन डी०ए-०वी० इंटर कालेज बांदा में किया जा रहा है। योजनान्तर्गत उ०प्र० प्रशासन एवं
प्रबन्धन अकादमी लखनऊ (उपाम) स्तर से आनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से
चयनित एवं कार्यालय स्तर आफलाइन के माध्यम से वर्ष 2022-23 हेतु चयनित
छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सभी छात्र / छात्रायें अपनी कक्षाओं में
ससमय एवं शतप्रतिशत उपस्थित होकर कोचिंग में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें

जिससे योजनान्तर्गत भविष्य में मिलने वाले लाभ जैसे टैबलेट एवं अन्य सुविधायें से
लाभान्वित किया जा सके

नूतन बाल समाज के सौ वर्ष पूरे होने पर गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा में प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। साथ की बाल गंगाधर तिलक की मूर्ति का अनावरण किया।उसके साथ सदर विधायक प्रकाश दिवेदी, सांसद आर के पटेल,कई लोग उपस्थित रहे।

वही परिवहन मंत्री ने कहा कि नूतन बाल समाज सौ वर्ष पहले ये स्थापित था। आज इसका सताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। ये हम सब के लिए बड़ा सौभाग्य की बात है। बाल गंगाधर तिलक ने इसी धरती पर गणेश की स्थापना आज से सौ साल पहले की गई थी। जिस प्रकार आज लोगो ने कार्यकम किया है। वो कबीले तारीफ है। ये कार्यक्रम 10 दिन तक चलेगा। इसमें छोटे छोटे बच्चे अपनी कला के माध्यम से लोगो का मन मोह लेगे।

वही परिवहन मंत्री ने कहा कि अभी तो लोगो ने मोदी की आंधी को देखा था। 2014,17,22 अब 2024 में लोग मोदी की सुनामी को देखेगे। जो सुनामी आवेगी उसमे एक दो जो बचे है। उनका पता नही चलेगा। 80 के 80 सीट बीजेपी के खाते में जाने वाली है। अखिलेश यादव को सत्ता विरासत में मिली थी। मुलायम सिंह ने उनको सत्ता पर बैठा दिया था। जब से वो सत्ता में बैठे है। एक एक करके सभी चुनाव हारते गए। 2014 का चुनाव हारे 2017 का चुनाव हारे नगर पालिका का चुनाव हार गए। सपा और बसपा एक होकर लड़े तभी वो लोकसभा हारे 2022 में पहली बार कोई सरकार अपने काम के दम पर आई है। अखिलेश यादव कोई चुनावती नही है। उनके लिए चुनवती है अपनी पार्टी को संगठित रखना। जो मुलायम सिंह के वफा दार लोग एक एक कर पार्टी छोड़ रहे है। जिन्होंने सपा को अपने खून से सींचा था। वो आज अखिलेश के साथ नही है।

आजादी के अमृत महोत्सव में प्रदेश में 150 बसे चलाई गई। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम से चलाई गई है। बांदा डिपो में भी कई बसे आई है। उसमे से एक बाल गंगा धर तिलक के नाम से चल रही है। प्रदेश के सभी डिपो में बसे अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीदों के नाम से एक एक बस चलेगी। इस सरकार में जो सुवधा यात्री को दी जा रही है। इसके पहले की सरकार में नही थी। लोग खटारा बस में सफर करने के लिए मजबूर थे।

शादी करने की बात कह कर दैहिक शोषण करता रहा युवक... रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। रतनपुर थाना क्षेत्र का मामला प्रार्थिया/पीड़िता थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि रानीगॉव का रहने वाला आशीष निर्मलकर के द्वारा प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ विगत 01 वर्षों से शारीरिक शोषण करता रहा तथा अभी तक शादी नहीं किया , वर्तमान में शादी की बात करने पर शादी से साफ इंकार कर रहा है। कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधी अपराध होने से थाना रतनपुर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना से टीम रवाना कर आरोपी आशीष निर्मलकर को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

जिला अधिकारी सदर को पत्र के द्वारा संज्ञान देते हुए युवा चेतना संघ के जिलाध्यक्ष

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

आज दिनांक 1 सितंबर 2022 को किसान दलित युवा चेतना संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार द्विवेदी ने उप जिलाधिकारी सदर को पत्र के द्वारा संज्ञान देते हुए बताया कि 2011 में निर्मित विकासखंड तिंदवारी कस्बे में ही निर्माण किए गए प्रधानमंत्री सार्वजनिक शौचालय का किया जा रहा है दुरुपयोग। जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि शौचालयों के निर्माण के उपरांत एम बी भी की जा चुकी है। लेकिन केयरटेकर के द्वारा फर्जी रखकर इनको ध्वस्त कराया जा रहा है। उप जिलाधिकारी से मांग की इन शौचालयों की बिंदुवार चारों प्रधानमंत्री शौचालयों की जांच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर जनहित में यह शौचालय खुलवाए जाना चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या तेज क्षेत्रवासी परेशान

समाज जागरण

लखनऊ गोसाईगंज में मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के चौराहों पर झोलाछाप डॉक्टरों की चांदी हो गई है तथा हल्के-फुल्के रोगों में ग्रामीण क्षेत्र की जनता से काफी धन उगाही कर रहे हैं क्षेत्रवासियों द्वारा डॉक्टरों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाने हेतु क्षेत्र के गणमान्य समाजसेवी व्यक्तियों ने संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है जिसके चलते उनके मनोबल बढ़ते जा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में पनप रहे डॉक्टर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर जैसे गंगागंज भारौली हरदोईया नवीनगर नगराम आदि चौराहों पर अपने को डिग्री धारक से कम नहीं बताते सर्दी जुखाम बुखार की टेबलेट लेकर दुकान खोल कर बैठ जाते हैं और भोली भाली जनता से मनमाना धन वसूलते हैं जिसके चलते काफी मरीज मौत के घाट उतर जाते हैं पैसा खर्च करने के बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र की भोली भाली जनता को परेशान करने सिलसिला जारी है नाम ना छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि गत दिवस बच्चे के पेट में पथरी हो जाने के चलते काफी पैसा खर्च किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ काफी पैसा खर्च करने के पश्चात डॉक्टर ने कह दिया कि इसको लखनऊ मेडिकल कॉलेज में दिखाओ यहां इसका इलाज संभव नहीं है

खानवापुर ग्राम प्रधान द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

पेड़ लगाने हेतु ग्रामीणों को किया गया प्रेरित

समाज जागरण

बाराबंकी जिले खानवापुर ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम में नालियों की साफ-सफाई ग्राम प्रधान जाकिर अली की उपस्थिति में कराई गई ग्राम प्रधान द्वारा चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के समक्ष कहा कि हमारे भारत देश को निर्मल पावन संपन्न बनाने हेतु स्वच्छ भारत अभियान हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी ने किया उन्हीं के निदेर्शानुसार हम सब स्वच्छता को परम लक्ष्य मानकर ग्राम में स्वच्छता चल रही है वृक्षारोपण पंचायत मैं करवाया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान जाकिर अली द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में प्रशासन के निदेर्शानुसार वृक्षारोपण में लगभग 2000 छायादार पेड़ लगवाए गए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में सफाई कर्मी अनवरत सफाई हेतु सदैव तैनात रहता है स्वच्छता के संबंध में ग्राम प्रधान सदैव अग्रसर रहते हैं उनका कहना है कि जनता ने हमें इस पद पर बैठाया है तो हम उनके मध्य सदैव उनकी समस्याओं को संज्ञान में रखकर प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों तब ग्राम सभा की समस्याओं को पहुंचाना हमारा परम कर्तव्य है वहीं उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष ग्राम प्रधान द्वारा प्रत्येक घर में वृक्षारोपण हेतु पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर ग्रामीण आमिर खान विवेक सतीश शाहिद मनोज अवधेश कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे वही ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में कोटेदार के दरवाजे पर बना मार्ग लगभग 500 मीटर जो कि प्रधान द्वारा अपने निजी खर्चे से ऊंचा करवाया गया इसी क्रम में सादुल्लापुर प्रधान रामचंदर एवं रमन वर्मा प्रधान प्रतिनिधि संध्या देवी बर्मा मुबारकपुर द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम को साफ सुथरा करवाया

आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका चयन के लिए आम सभा का किया गया आयोजन

बौंसी/बांकाः- प्रखंड क्षेत्र के बाबूडीह आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका चयन के लिए थाना गेट समीप काली मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने की। मालूम हो कि, बाबूडीह गांव में आंगनवाड़ी सेविका का चयन किया जाना है। चयन की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों के द्वारा हंगामा शुरू कर दिया गया। जिसके बाद चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दिया गया। बताया गया कि, बाहुल्य वर्ग मैपिंग पंजी में गलत दिखाया गया है। मालूम हो कि 2019 से अब तक यहां पर सेविका की बहाली इन्हीं कारणों की वजह से नहीं हो पा रही है। जिसके कारण केंद्र संख्या 11 के नौनिहाल शिक्षा से प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा मैपिंग पणजी में गड़बड़ी की

शिकायत करने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के द्वारा मामले की जांच की गई और तत्काल रुप से बैठक को स्थगित कर दिया गया। जिसके बाद हंगामा कर रहे लोग बाहर चले गए और सेविका बहाली पर रोक लग गई। बताया गया कि, मतदाता सूची की बहुल्यता को लेकर पुनः इसकी जांच कराई जाएगी। जिसके बाद सेविका का चयन होगा। इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सहित अन्य लोग मौजूद थे। हालांकि इस तरह की घटना से स्थानीय लोग भी हतप्रभ हैं। लोगों का कहना है कि, लगातार चयन प्रक्रिया बाधित होने से सरकारी कार्य जहां रुक रही है। वहीं आम लोगों को भी परेशानी हो रही है। बार-बार आम सभा की बैठक में अपने-अपने घर से आना पड़ता है।

समस्तीपुर जिले में बढ़ते अपराध को लेकर किया सांसद प्रिंस राज से मुलाकात

दैनिक समाज जागरण
समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- 18 नंबर बांग्ला डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद रोड नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर के सांसद प्रिंस राज से राष्ट्रीय लोजपा के अनुसूचित जाति/जनजाति के जिला अध्यक्ष राजा पासवान ने समस्तीपुर जिले में बढ़ रहे अपराध को लेकर औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात में जिले में आए दिन घट रहे घटनाओं को विस्तार से सांसद को अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष राजा पासवान ने बताया कि जिला प्रशासन मौन है।

हाल ही में वारिसनगर प्रखंड अंतर्गत सारी पंचायत निवासी लक्ष्मण भंडारी के 11वर्षीय पुत्र किशन कुमार की निर्मम हत्या कर दिया गया था। बावजूद अभी तक एक भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और ना ही हत्यारे का पता चला है। खानपुर में भाजपा नेता स्वर्ण व्यवसाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत निवासी दिलीप राय की हत्या अपराधियों ने गोली मारकर कर दिया। ऐसे में जिले के लोग खौफजदा और सहमे हुए हैं। वहीं सांसद ने आश्वासन दिया है कि जिला प्रशासन और बिहार सरकार से बात कर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द ही अपराध पर लगाम लगाया जाएगा।

पोखरा में भैंस नहलाने के दौरान डूबने से युवक की मौत,परिजनों में मचा कोहराम

दैनिक समाज जागरण
समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत स्थित मध्य विद्यालय समर्था के निकट पोखरा में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याणपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या-12,चैनपुर टोला निवासी जयशंकर प्रसाद सिंह के 17 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अंशु कुमार अपने चचेरे भाई केशव कुमार के साथ भैंस को नहलाने के लिए पोखरा गया था। जहां गहरे पानी

में चले जाने के कारण दोनों डूबने लगे। दोनों को डूबते देख कुछ ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया। जब तक ग्रामीण पहुंच कर दोनों को पानी से बाहर निकाले,तब तक अंशु कुमार की मौत हो चुकी थी। वहीं सुधीर कुमार सिंह के 18 वर्षीय पुत्र केशव कुमार को बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही विभूतिपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच,शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं युवक की मौत से मृतक की माता अनीता देवी,भाई अभिजीत कुमार,बहन निक्की कुमारी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

नीतीश जी देखिए आप के राज्य में यह सब क्या हो रहा है ,शाम ढलते ही गरीबों के घरों में अंधेरा ही अंधेरा क्यों दिखाई दे रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों के 90 प्रतिशत घरों में मोमबत्तीयाँ क्यों जल रहे है।

बिजली की कटौती एवं सीनाजोरी से कमजोर वर्ग अंधेरे में हैं तथा उनके बच्चों का पढ़ाई बाधित है बिहार सरकार के आदेश के विरूद्ध वह भी खासकर शाम ढलने के बाद एवं रात्री में बिजली की कटौती का मूल्य वजह क्या हैं।

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद बिहार 1 सितंबर 2022 बिजली विभाग के संरक्षण निर्बाध गति से बिजली की सरेआम चोरी तथा बिहार सरकार के आदेश एवं दिशा निर्देश के विरुद्ध शाम ढ़लते ही बिजली की कटौती का खेल से इन दिनों खासकर कमजोर वर्ग के घरों में अंधेरा छाया हुआ है ,गरीब परेशान है और इनके घरों में अंधेरे छाया हुआ है तथा अंधेरे में रहने को विवश हैं तथा उनके बच्चों का पढ़ाई भी बाधित है।

बताते चले कि बिहार -सरकार के माननीय मुखिया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में बिजली की समुचित ब्यवस्था एवं बिजली में सुधार के पश्चात त बिजली विभाग के अधिकारियों को विशेष हिदायत, आदेश व दिशानिर्देश के साथ बिहार में एपीएल परिवार के बीच से केरोसिन तेल की आपूर्ति बंद कर दिया तथा किरासन तेल की कटौती करते हुए बीपीएल धारको को किरासन तेल भी बंद कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के अधिकारी के संरक्षण मैं निर्बाध गति से जारी बिजली की चोरी की भरपाई हेतु बिजली की कटौती किया जाता है जिससे खासकर कमजोर वर्ग अंधेरे में हैं तथा उनके बच्चों का पठन-पाठन भी बाधित हैः प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम ढलने के बाद विद्युत सेवा आपूर्ति बाधित नहीं करना है तथा दिन में है बिजली मरम्मती के कार्य को करा लेना है । किन्तू विद्यूत आपूर्ति अवर प्रमंडल नवीनगर के अधिकारी ठीक सरकार के आदेश के विपरीत गरीबों को लूटने एवं सरेआम बिजली की चोरी कराकर अनैतिक रूप से पैसा वसूली की कार्य प्रारंभ रखे हुए हैं और उपभोक्ताओं को मीटर मीटर लगाने की जगह मनमानी भील वसूल रहे हैं तथा जिनके घरों में मीटर लग चुका है उनके मीटर रीडिंग के चौगुना बिल भेज कर उसे जबरन वसूली किया जा रहा है इससे स्पष्ट है कि चंद उपभोक्ता बिजली चोरों के जगह बिजली राजस्व का भरपाई कर रहे है और चोरों से प्राप्त धन भ्रष्ट अधिकारियों के खजाने में जमा हो रहे हैं जिसे कारण सरकारी राजस्व अधर में लटका हुआ है और विभागीय अधिकारी माल माल बनते जा रहे हैं

विद्युत सब स्टेशन सबस्टेशन हरदत्ता क्षेत्र अंतर्गत निरंजनापुर फीटर में 01 सितंबर 2022 को लग भग 2:30 बजे 8:00 बजे तक .बिजली बाधित है। एसडीओ साहब के अनुसार उपर के आदेश से बिजली की कटौती किया जाता है आदेश की प्रति की मांग करने पर कहते है उपभोक्ताओं के संबंध में हम जानकारी हिंदुस्तान. प्रभात एवं दैनिक जागरण को देगें।

कुटूम्बा प्रखंड के उपभोक्ताओं ने जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सदर अनुमंडल औरंगाबाद से उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है तथा अनुरोध किया है विद्युत विभाग नबीनगर के वर्तमान एसडीओ साहब को अस्पष्ट दिशा निर्देश जारी करते हुए निर्देशित किया जाए कि बिहार सरकार के गाइडलाइन को अनुपालन सुनिश्चित कराएं ताकि जनता उग्र आंदोलन के लिए विश्वास व बाध्य ना हो ।

आसमानी बिजली गिरने से तीन की मौत दो घायल

दैनिक समाज जागरण देवघर,,देवीपुर ब्यूरो अरविन्द यादव

देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र मथुरापुर स्टेशन के समीप वज्रपात होने से तीन लोगों की मौत हो गई। व करीब तीन लोग घायल हो गायें। बता दें कि मथुरापुर स्टेशन के समीप लगाने वाले साप्ताहिक हाट गुरुवार को कुछ लोग सब्जी बैचने व अपने निजी कार्य से आयें थें कि उसी समय पानी पड़ते देख इन सभी ने पानी से बचने के कारण से महुआ पेड़ के पास चले गयें। जहाँ ठनका गिरने से तीन की मौत मौके पर ही हो गया। व तीन लोग घायल हो गयें। ठनका गिरने की खबर आस-पास के गांव को मिलते ही सेंकड़ों की संख्या लोग जुट गायें। एवं घायल हुए कुछ लोगों को इलाज के लिये देवघर व कुछ लोगों का मथुरापुर स्टेशन में निजी किलिनिक में कराया। वहीं इसकी सूचना देवीपुर थाना व जसीडीह थाना को मिलते ही देवीपुर थाना के एएसआई संजय रजक व जसीडीह थाना के एसआई अविनाश कुमार सुरक्षाबलों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। व शव को अपने कब्जे में लें लिया। किसकी- किसकी हुई मौत- देवीपुर थाना क्षेत्र के मानपुर पंचायत के नाउवाडीह कारीकादो गांव निवासी अहमद शैख लगभग- (65), जसीडीह थाना क्षेत्र के देता गांव के कमरुद्दीन अंसारी लगभग- (50), सारवां थाना क्षेत्र के डुब्बा मणिगढ़ी निवासी लक्ष्मण मंडल लगभग- (25), कौन-कौन थे घायल- घायल लोगों में से देवीपुर थाना क्षेत्र के फूलकरी पंचायत भारतीडीह गांव निवासी राजेश कुमार मंडल लगभग (22), जसीडीह थाना क्षेत्र के मसनजोरा पंचायत कोंकहराजोरी गांव निवासी प्रकाश मंडल लगभग (45) व एक जसीडीह थाना क्षेत्र के पिछड़ीबाद पंचायत साधुजोर निवासी शामिल हैं।

बच्चों को दिलाई गई स्वच्छता का शपथ

दैनिक समाज जागरण संवाददाता राजकुमार भगत

पाकुड़। स्वच्छता पखवाड़े के मौके पर सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिगंज में स्कूली बच्चों को स्वच्छता का शपथ दिलाई गई। विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़े को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार राय द्वारा बच्चों को स्वच्छता का

शपथ दिलाते हुए कहा गया कि हमारे जीवन में स्वच्छता का महत्वपूर्ण स्थान है। खाना खाने के पहले एवं शौचालय जाने के बाद साबुन से हाथ धोना बहुत जरूरी है। मौके पर सहायक अध्यापक तफिजूल शेख, मुश्ताक अहमद, नसिम अहमद, जयनाल आबेदीन, जमीरूल हक समेत बच्चे उपस्थित थे।

चांदन डैम से किसानों को सिंचाई के लिए नहीं मिल पाएगा पानी

बौंसी/बांकाः- किसानों को सिंचाई के लिए 1 सप्ताह के बाद चांदन डैम का पानी नहीं मिल पाएगा। किसानों के लिए लाइफलाइन कहे जाने वाले चांदन डैम का जलस्तर लगातार नहर में पानी छोड़े जाने की वजह से 434 फिट हो गया है। बताया जाता है कि, 425 फीट इसका डेड लेवल है। डेड लेवल में पहुंच जाने के बाद डैम से नहर के जरिए किसानों को पानी नहीं मिल पाएगा। मालूम हो कि इस वर्ष बारिश ठीक से नहीं होने के कारण धान की रोपनी नहीं हो पाई है। हालांकि 13 जुलाई से चांदन डैम से मुख्य केनाल और एकोरिया बियर में पानी छोड़े जाने के कारण नहरों के आसपास के किसानों को सुविधा हुई और बड़े पैमाने पर किसानों के द्वारा धान रोपाई की गई है। लेकिन झारखंड के गिरिडीह, मधुपुर एवं अन्य इलाकों में बारिश नहीं होने के

कारण डैम के जलस्तर में बढ़ोतरी नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि, मई, जून के दिन में 482 फीट तक पानी स्टोर था। जो लगातार नहरों में छोड़े जाने के कारण घटता जा रहा है। वर्तमान में मुख्य केनाल के जरिए एक सौ क्यूसेक पानी नहरों में छोड़ा गया है। अगर डैम के केचमेंट एरिया में बारिश नहीं हुई तो 1 सप्ताह के बाद डैम से नहर में पानी देना मुश्किल हो जाएगा। डैम की स्थिति पर नजर रखे हुए गैज रीडर अनिल सिन्हा ने बताया कि, डैम में जल भंडारण की क्षमता 110000 क्यूसेक है। लेकिन 64% से ज्यादा गाद हो जाने के कारण जल भंडारण में कमी आ गई है।

लगातार बिजली की आंख मिचौली से लोगों की बड़ी परेशानी।

मधुबनी से इमामुद्दीन कि रिपोर्ट

कलुआही प्रखंड मलमल दक्षिण में इन दिनों बिजली को लेकर त्राहिमाम मची हुई है बिजली की कटऑफ की समस्या को लेकर उपभोक्ता परेशान नजर आ रहे हैं। उपभोक्ता मोहम्मद इसराफिल ने बताया इस उमस भरी गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है घरों में गर्मी से परेशान है बिजली नहीं रहने के कारण कूलर पंखा बेकार साबित हो रहे हैं। बिजली कटौती लगातार होने से लोगों को 90 के दशक की याद ताजा हो गई है लोगों का कहना है जिस तरह से 90 के दशक में लाइन रहती थी ठीक उसी प्रकार की हाल हो गया है। अब जिससे कहीं ना कहीं उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता आसिफ अली का कहना है भारी-भरकम बिल भरने के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पा रहा है बिल लेने वक्त लाइन रहती है, जैसे ही बिल लेकर जाता है, उसके बाद फिर से कटप की समस्या तेज हो जाती है। बड़ी मुश्किल से सब मिलाकर 24 घंटा में 5 से 6 घंटे लाइन उपलब्ध हो पाता है महीनों से रात में यह हाल है पांच मिनट के लिए लाइन आती है फिर 5 घंटे के लिए गायब हो जाती है। उपभोक्ता नईम शाह, उपभोक्ता फारुख शाह सहित दर्जनों उपभोक्ताओं के द्वारा बताया गया कि बिजली मिस्त्री के द्वारा भी मनमानी की जाती है, उपभोक्ताओं ने बताया बिजली मिस्त्री के द्वारा मलमल के ही एक प्राइवेट स्टाफ को रखा गया है।

जिनके द्वारा क्षेत्र में उपभोक्ताओं के साथ मनमानी की जाती है। एवं अपने जेब गर्म करने के लिए विद्युत की सप्लाई रोक अपने को कार्य को अंजाम देते हैं। यह प्राइवेट बिजली मिस्त्री। उपभोक्ता के द्वारा बताया गया कोई मंजर नाम का बिजली मिस्त्री है जिनके द्वारा अपने आप को बिजली विभाग के स्टाफ बताया जाता है।

देव सूर्य मंदिर में 02 माह देगा सामुदायिक सेवा।

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 01 सितंबर 2022:- किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी मनीष कुमार पाण्डेय ने आज देव थाना कांड संख्या 94/08 में निर्णय पर सुनवाई किया जिसमें एकमात्र किशोर को किशोर न्याय अधिनियम की धारा में दोषी पाते हुए देव सूर्य मंदिर में 02 माह सामुदायिक सेवा देने का इतिहासिक फैसला सुनाया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी 14 साल पूर्व दर्ज की गई थी जिसमें किशोर 20 दिनो तक कस्टडी में रहा था, निर्णय की कोपी किशोर को दी गई जिसका समय से पालन कर रिपोर्ट किशोर न्याय परिषद में पेश करना है , निर्णय के अनुपालन न होने पर न्यायालय अन्य आदेश दे सकती है।

मवेशी चारा रहे महिला को वज्रपात के चपेट में आने से हुई मौत

दैनिक समाज जागरण संवाददाता पप्पू कुमार बाराचट्टी,गया

गया जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत कहूदाग पंचायत के नौआगार्दन में एक महिला की मौत ठनका गिरने से हो गया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के सुनीता देवी पति कैलास यादव उम्र लगभग 32 वर्ष की मृत्यु आज लगभग 2 बजे ठनका के चपेट में आने से हो गया।इधर कहूदाग पंचायत के पूर्व मुखिया दीनानाथ प्रजापत ने शोक ब्यक्त करते हुए घटना की जानकारी देते हुए

बताते है कि अपने गावँ के कुछ लोगो के साथ गांव के बधार में गाय चराने गयी थी और ठनका के चपेट में आ गई साथ मे रहे लोगो ने गांव में आकर सूचना दिया तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचट्टी लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जिसके बाद शव को अंतिम परीक्षण हेतु मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया गया है। इस घटना से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है मृतका अपने पीछे दो छोटे छोटे बच्चे को छोड़ गई वही परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

कर्मियों को नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू करें सरकार,नहीं तो सड़क से लेकर सदन तक किया जाएगा आंदोलन- चंदन कुमार

दैनिक समाज जागरण,

विश्वनाथ आनंद संवाददाता/ अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ औरंगाबाद

औरंगाबाद (बिहार) 1 सितंबर 2022:- सरकारी विभाग के कर्मियों ने नई पेंशन को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने को लेकर औरंगाबाद के तमाम कार्यालयों में कार्य को करते हुए कर्मियों द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया गया ' सरकारी कर्मियों ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पुरानी पेंशन को सरकार ने समाप्त कर ,न्यू पेंशन योजना लागू किया गया है जो सरकारी कर्मियों के हित में नहीं है ' कर्मियों ने कहा कि हमारी बिहार सरकार से मांग है कि कर्मियों को नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू करें ' कर्मियों ने आगे कहा कि सरकार मेरी मांगों को नहीं मानेगी तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा ' कर्मियों ने अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए एन पी एस गो बैक का बुलंद नारा लगाते दिखे ' जिलाअध्यक्ष हेमंत कुमार हिमांशु ने कहा कि औरंगाबाद के तमाम सरकारी विभागों में कर्मियों ने कार्य को करते हुए काला बिल्ला लगाकर पुरानी पेंशन

योजना लागू करने एवं नई पेंशन योजना को समाप्त करने को लेकर विरोध जताया है ' श्री हिमांशु कुमार ने कहा कि बिहार प्रदेश अध्यक्ष के दिशा- निर्देश के आलोक में औरंगाबाद के सरकारी विभागों के कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने एवं नई पेंशन योजना को समाप्त करने को लेकर सरकारी कार्यालयो में कर्मियों ने" ब्लैक डे" मनाया ' समाहरणालय औरंगाबाद के चंदन कुमार, (राजस्व शाखा) लिपिक, सहित तमाम कर्मियों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने एवं नई पेंशन योजना को समाप्त करने को लेकर चट्टानी एकता का परिचय देने के लिए एकजुटता दिखाई ' चंदन कुमार ने कहा कि जब तक सरकार पुरानी पेंशन योजना को लागू नहीं करती है तब तक सरकारी कर्मी चुप बैठने वाली नहीं ' उन्होंने आगे कहा कि पुरानी पेंशन योजना हमारा अधिकार है ,जो लागू कराकर दम लेंगे ' उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार मेरी मांगों पर अमल नहीं करती है, तो कर्मियों द्वारा चट्टानी एकता का परिचय देते हुए सड़कों से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा ' इसी तरह विभिन्न सरकारी कार्यालयों तथा अनुमंडल कार्यालय दाउदनगर, एवं सभी प्रखंड मुख्यालयो के कार्यालयों में कर्मियों ने काला डे मनाकर रोष जताया '

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) के 76वें और 77वें दौर के अंतर्गत आने वाले विषयों पर 17वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) के 76वें और 77वें दौर के दौरान शामिल विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कोच्चि यूनीवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीयूएसएटी) के कुलपति प्रो. (डॉ.) के.एन. मधुसूदन ने आज विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया। उद्घाटन सत्र में सम्मानित अतिथि सीयूएसएटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) पी.जी.शंकरन, एमओएसपीआई के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) में एडीजी, एमओएसपीआई के अपर सचिव, स्वतंत्र डोमेन विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कार्य समूह के सदस्य, शैक्षणिक समुदाय के प्रतिनिधियों, शोधकताओं और मीडिया के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

उद्घाटन भाषण देते हुए, मुख्य अतिथि, कोच्चि यूनीवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कुलपति ने महसूस किया कि मंत्रालय द्वारा संगोष्ठी के स्थान का चयन सीयूएसएटी द्वारा सांख्यिकी सहित अध्यापन/अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए कार्यों की मान्यता/स्वीकृति है। उन्होंने कोच्चि यूनीवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 17वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी की मेजबानी करने का अवसर देने के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने शैक्षणिक समुदाय के बीच डेटा समर्थित अनुसंधान के पूरे ज्ञान की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया और देश में डेटा तैयार करने वाली विभिन्न एजेंसियों के साथ मजबूत सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने एनएसओ, एमओएसपीआई द्वारा लाई गई विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्टों की सराहना की और स्वीकार किया कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) रिपोर्ट देश में डेटा संचालित ज्ञान की रीढ़ हैं।

तीन शराबी गिरफ्तार

वीरेंद्र यादव।

औरंगाबाद (बिहार) देव थाना क्षेत्र से शराबी 1.उदयराम उम्र 40 वर्ष पिता श्री बाल रूप राम ग्राम सरैया 2. चंदू कुमार उम्र 26 वर्ष पिता सरवन राम ग्राम बिशुनपुर 3 अनिल राम उम्र 35 वर्ष पिता रघुवीर राम ग्राम एक बनिया बीघा सभी थाना देव जिला औरंगाबाद बिशुनपुर गांव में हल्ला हंगामा करते गिरफ्तार किए गए हैं

भैंस की चोरी करते हुए एक व्यक्ति गिरफ्तार

वीरेंद्र यादव

औरंगाबाद (बिहार):- देव थाना प्रभारी ने भैंस चोरी करते हुए चोर नरेश शिकारी उर्फ टिंकू भारती उम्र 35 वर्ष पिता रामकिशन भारती ग्राम बभनडीह थाना इमामगंज ,जिला - गया को औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र के ग्राम करमडीह से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने हेतु दो दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड में वोटर कार्ड को अब आधार कार्ड से जोड़ने की कवायद तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में दो दिवसीय शिविर लगाकर वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का काम गुरुवार से शुरू हो गया। जानकारी देते हुए प्रखंड

विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि वोटर कार्ड को मतदाता का आधार सीडिंग के लिए बीएलओ डोर टू डोर जाकर आधार सीडिंग कर रहे हैं। इसी कड़ी में दो दिवसीय शिविर का आयोजन कर बीएलओ सभी का अनुश्रवण कर रिपोर्ट सौंपेंगे। मालूम हो कि, आधार कार्ड का वोटर कार्ड सीडिंग कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का काम करने में जुटे हुए हैं।

बिहार को यूपी से जोड़ने के लिए बाइपास सड़क का होगा निर्माण।

बेतियाः- विभिन्न एलाइनमेंट को एप्रूव करने के लिए हुआ विस्तृत विचार-विमर्श।

आवागमन में लोगों को होगी सहूलियत, विकास का मार्ग और होगा प्रशस्त।

बिहार-यूपी को जोड़ने वाली बगहा-मदनपुर-पनियहवा सड़क के निर्माण में उत्पन्न हो रही बाधाओं के मद्देनजर बाईपास सड़क का निर्माण एनएच द्वारा कराया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में माननीय विधायक, श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, माननीय विधान पार्षद, श्री भीष्म सहनी, माननीय सांसद, वाल्मीकिनगर के प्रतिनिधि सहित कार्यपालक अभियंता, नेशनल हाईवे डिविजन, मोतिहारी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में दिल्ली से आये कंसलटेंट द्वारा बाइपास सड़क निर्माण हेतु विभिन्न एलाइनमेंट का पावर प्रजेंटेशन किया गया। उन्होंने बताया कि बाइपास सड़क निर्माण हेतु तीन एलाइनमेंट तैयार किया गया है जिसमें एसएसबी कैम्प, बगहा से यूपी बॉर्डर, डुमवलिया से बेलबनिया (यूपी), रतनमाला से निबुआ (यूपी) शामिल हैं।

बैठक में विभिन्न एलाइनमेंट पर विस्तृत विचार-विमर्श की गयी। साथ ही उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बाइपास सड़क निर्माण से संबंधित अपने-अपने विचारों को रखा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले के लिए यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। इस बाइपास के निर्माण हो जाने से आवागमन में लोगों को बहुत सहूलियत होगी तथा विकास का मार्ग और प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को अविलंब फाइनलाईज करना है ताकि तेजी के साथ कार्य करते हुए पूर्ण कराया जा सके।

डे मार्केट किशनगंज ऊकअभय कुमार डेंटल स्पेलिट डालिसिस ने बताया की आज के युवा

(दैनिक समाज जागरण नेशनल रिपोर्टर सरफराज आलम)

मार्केट किशनगंज ऊकअभय कुमार डेंटल स्पेलिट डालिसिस ने बताया की

आज के युवा पीढ़ी के लड़के तम्बाकू स्क्रेट जैसे नसे के आदि बनते जा रहे हैं ऊकअभय कुमार ने युवाओ से अपील कर कहा युवा को नसे के सेवन से बचना चाइए बरते कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से युवा पीढ़ी को बचाया जा सके

एसएफआई ने चलाया सदस्यता अभियान

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई ने जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में विभूतिपुर प्रखंड के डीबीकेएन महाविद्यालय नरहन में सदस्यता अभियान चलाया गया।जिस सदस्यता अभियान में एसएफआई की छात्र नेत्री श्वेता कुमारी एवं शकीना खातून ने अहम योगदान निभाई। इस अभियान में गुंजन

कुमारी,रिंकी कुमारी,रौशन कुमार,राहुल कुमार,रोहित कुमार,पूजा कुमारी सहित दर्जनों छात्र- छात्राओं ने एसएफआई की सदस्यता ग्रहण किया।

बीडीओ के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक, चापाकल व शौचालय की स्थिति खराब

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के हसनपुर प्रखंड अंतर्गत मंगलगढ़ पंचायत में बुधवार को जन कल्याणकारी योजना का जांच करने पहुंचे हसनपुर बीडीओ जय कृष्ण जांच करने के क्रम में जब अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगलगढ़ पहुंचे तो डॉक्टर अनुपस्थिति पाए गये। इसी को लेकर मंगलगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरि शंकर यादव को स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच

करने का आदेश किया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने जब जांच करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो पाया कि चिकित्सक सहित सभी कर्मी उपस्थित नहीं हैं। वहीं स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चापाकल खराब एवं शौचालय की स्थिति काफी खराब देखी गई। इसको लेकर मुखिया ने सही कराने की बात कही।

जिला परिषद् प्रतिनिधि के चाची के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के जिला परिषद् क्षेत्र संख्या 47 के जिला परिषद् प्रतिनिधि सिकंदर आलम की चाची का बुधवार को ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। जिला परिषद् प्रतिनिधि ने बताया कि ऑक्सीजन लेवल काफी नीचे आ गया था। इसके बाद उन्हें बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वहीं जनाजे की नमाज में सैकड़ों की संख्या में जिला परिषद् क्षेत्र की जनता शामिल हुए। मृतक के पति मोहम्मद निसार ने बताया कि उनको एक बेटी और पांच बेटा है। एक बेटा सऊदी अरब में रहने के कारण जनाजा में शामिल नहीं हो सका।

एसएसबी जवान को कुचलने हत्याकांड मामले का हुआ उद्भेदन , दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन भी जब्त।

घटना के 48 घण्टे दो दिनों में पुलिस ने किया उद्भेदन पुलिस को मिली बड़ी सफलता घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान हो गई गिरफ्तारी हेतू पुलिस छापेमारी कर रही है :- डीएसपी विप्लव कुमार

दैनिक समाज जागरण मधुबनी /जयनगर

मधुबनी जिला के जयनगर अनुमण्डल क्षेत्र के लदनिया थानान्तर्गत योगिया टोल में 29 अगस्त सोमवार की रात शराब तस्करों के द्वारा एसएसबी जवानों को चार पहिया से कुचल कर घयाल कर देने और एक जवान की मौत हत्याकांड कांड मामले का पुलिस के द्वारा घटना के 48 घण्टे में उद्भेदन करते हुए मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए वाहन को जप्त करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के उद्भेदन और आरोपियों की गिरफ्तारी जप्त वाहन को लेकर गुरुवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय के प्रकोष्ठ में डीएसपी विप्लव कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। डीएसपी विप्लव कुमार के प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर जानकारी देते हुए बातया की दिनांक 29.08.22 की संध्या में लदनियाँ थानान्तर्गत ग्राम योगिया सिमरा टोल मे एस०एस०बी० के जवानों के द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर पर शराब तस्करी पर करवाई धर पकड़ को लेकर शराब तस्करों पर निगरानी रखी जा रही थी। उसी क्रम में एक बाईक पर सवार मोटरसाईकिल पर दो बोरा संदिग्ध सामान ला रहा था । जिसे रोकने का इशारा किया तो बाईक चालक द्वारा एस०एस०बी० जवान को धक्का मार दिया गया बाईक के धक्के से जवान गिर गया तथा बाईक पर लदे दोनो बोरीयों को छोड़कर बाईक सवार व्यक्ति बाईक समेत बाईक पर लदी बोरी को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर बाईक सवार व्यक्ति शराब तस्कर भाग गया । जबतक एसएसबी जवान सम्भल पाते तब तक इतने में एक स्कार्पियो चार पहिया वाहन काफी तेजी से आया और दोनों एस०एस०बी० जवान को धक्का मारते एवं रौंदते हुए भाग निकला। जिससे एसएसबी के दो जवान घयाल हो गया।स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना एसएसबी को दी गई स्थानीय लोगों और अन्य एसएसबी के सहयोग से दोनों घयाल जवानों के ईलाज हेतू अस्पताल लाया गया। लेकिन इनमें एसएसबी के एक जवान एचसी देवराज गंभीर रूप से जख्मी थे जिनकी ईलाज के दौरान मौत हो हो गई तथा दूसरा घयाल

एस. एस.बी. का जवान का ईलाज जारी है। घटना स्थल पर एक लाल रंग का प्लेटीना मोटरसाईकिल बी०आर० 32 यू० 3526 एवं 90 लीटर शराब बरामद हुआ। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के उद्भेदन और आरोपियों की पहचान और वाहन जप्त को लेकर एस आई टी विशेष टीम का गठन किया गया । अनुसंधान के क्रम में उक्त कांड में चार पहिया वाहन स्कार्पियों डी०एल० सी०ए०जे०-0027 को एवं उसके चालक आरोपी मधुबनी जिला के बाबूबरही थाना क्षेत्र के भुपट्टी निवासी राज कुमार यादव का पुत्र दिलीप कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी दिलीप के निशानदेही पर उक्त स्कार्पियों को उसके घर के पास से बरामद किया गया । गिरफ्तार चालक आरोपी दिलीप के द्वारा बताया गया कि घटना के दिन वह उक्त स्कार्पियों को लेकर ग्राम योगिया में सिकन्दर यादव, नवल यादव, विवेक यादव के साथ शराब लाने के लिए ले गया था। इसी क्रम में राकेश यादव, पालो यादव, मनोज यादव एवं उसका चचेरा भाई पहाड़ी यादव द्वारा मुख्य सड़क पर लाईनिंग का काम किया जा रहा था। जब शराब लेकर बोर्डर से विवेक यादव, सिकन्दर यादव, नवल यादव तथा प्लेटीना मोटरसाईकिल पर सवार विजय यादव के साथ शराब लेकर आ रहा था कि एस०एस०बी० के जवानो ने रोकना चाहा तो विजय यादव द्वारा धक्का मार दिया गया। उसके बाद विवेक यादव एवं अन्य साथी के कहने पर स्कार्पियों चालक द्वारा एस०एस०बी० जवानों के उपर चार पहिया वाहन चढ़ा दिया गया और जवान को रौंदते हुए भाग निकले। जिससे जवान की मृत्यु हो गई। मामले के उद्भेदन को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के विप्लव कुमार के नेतृत्व एस०आई०टी० टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम में जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर आर. के . भानू , जयनगर पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष अमित कुमार, लदनिया थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, देवधा थाना अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा, समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी ,पुलिस बल शामिल है। बरामद सामान में शराब लदी हुई एक बी.आर. 32 यू. 3526 नम्बर की एक बाईक एवं 90 लीटर शराब और डी एल 3 सी ए जे 0027 नंबर की एक चार पहिया वाहन, एक मोबाईल जब्त है। वही मामले में गिरफ्तार दूसरा आरोपी जयनगर थाना क्षेत्र के सेलरा गांव निवासी लखन यादव का पुत्र राकेश यादव बताया जाता है। प्रेस वार्ता के दौरान जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, लदनिया थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एस आई सचिन कुमार, एएसआई एस एस प्रसाद , मो. समसुद्दीन समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे । अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतू छापेमारी जारी है।

हम चाहें तो हवा का रूख मोड़ दें : प्रशांत किशोर

हाजीपुर(वैशाली)जिले से जन सुराज अभियान की शुरूआत करने के बाद प्रशांत किशोर दूसरी बार आज वैशाली के हाजीपुर पहुंचे हाजीपुर के एक स्थानीय होटल में प्रशांत किशोर ने जन सुराज की सोच से प्रभावित वैशाली के सैकड़ों लोगों से मुलाकात की इस बैठक में चेहरा कलां,राजा पाकर और जंदाहा प्रखंड के अलावा वैशाली के विभिन्न प्रखंड से आए लोग शामिल हुए प्रशांत किशोर के साथ इन प्रखंडों से आए लोगों ने जन सुराज अभियान के प्रखंड समिति के गठन पर गहन चर्चा की और आने वाले दिनों में वैशाली के सभी प्रखंडों में लोकतांत्रिक तरीके से जन सुराज अभियान समिति के गठन का निर्णय लिया प्रशांत किशोर ने वैशाली जिले से आए सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों का अभिवादन किया और जन सुराज की सोच पर अपनी बात रखी प्रशांत किशोर ने कहा जन सुराज अभियान समिति के गठन की प्रक्रिया बिहार के लगभग 50 प्रखंडों में पूरी हो चुकी है। सीवान के जीरादेई और वैशाली के जंदाहा प्रखंड में समिति की घोषणा हो चुकी है और आने वाले दिनों में एक-एक कर सभी समितियों की घोषणा की जाएगी समिति के गठन में पूरे तौर पर लोकतांत्रिक तरीके का पालन किया जा रहा है समाज जिसके नाम की अनुशंसा कर रहा है वही लोग समिति के सदस्य बन रहे हैं और उन्हीं लोगों के बीच सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन हो रहा है प्रशांत किशोर ने जन सुराज की राजनीतिक भविष्य पर बात करते हुए कहा कि बिहार के सभी प्रखंड समिति के

लोग ही पदयात्रा के बाद राजनीतिक दल बनाने पर फैसला लेंगे और मैं इस प्रक्रिया से बाहर रहूंगा। उन्होंने कहा कि जो भी दल बनेगा उसका अध्यक्ष प्रशांत किशोर नहीं होंगे बल्कि समिति से लोकतांत्रिक तरीके से चुना गया कोई व्यक्ति होगा। प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि जो लोग इस अभियान में अभी कंधा लगा रहे हैं आने वाले समय में चुनाव लड़ने और लड़वाने की जिम्मेदारी भी वही लोग निभाएंगे जन सुराज की सफलता पर उन्होंने कहा कि यहां लड़ने के लिए लड़ने नहीं आए हैं। जीतने के लिए लड़ने आए हैं और अभी 2-3 साल है भरोसा रखिए हम लोग हवा का रुख मोड़ देंगे जन सुराज अभियान से जुड़े पूर्व आईपीएस अधिकारी संत कुमार पासवान ने सभा में मौजूद सभी लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया इसके बाद प्रशांत किशोर ने स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से आने वाले बसंत राय,लाल देव सिंह,जेपी सेनानी चंद्र देव सिंह और राम नारायण सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया पूरे कार्यक्रम में मंच का संचालन युवा समाजसेवी अमित कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी किसलय किशोर ने किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक राजेश कुमार,जंदाहा प्रखंड से शिक्षक अमर सिंह,राजा पाकर प्रखंड से सामाजिक कार्यकर्ता अरशद हुसैन और चेहरा कलां प्रखंड से पूर्व जिला परिषद सदस्य आभा राय ने जन सुराज की सोच से सहमति जताते हुए इस अभियान को मजबूत करने के संकल्प को दोहराया इसके अलावा कार्यक्रम में विंदेश्वर प्रसाद,राम ललित सिंह,सुधीर शुक्ला,उत्पल कांत,अनिल कुमार,राज कपूर सिंह,हरिनंदन,प्रमोद झा,मुकेश कुमार मुन्ना,जितेंद्र कुमार,अंशु शर्मा,नीलू देवी,अवधेश पासवान,विनोद कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सेविका बच्चों के मुंह से छीन रही निवाला

दैनिक समाज जागरण किशनगंज

किशनगंज:ठाकुरगंज प्रखंड के बरचौंदी पंचायत के वार्ड नंबर 13 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 103 की सेविका लवली बेगम पर ग्रामीणों ने मनमाने ढंग से आंगनवाड़ी केंद्र को संचालित करने का आरोप लगाया है। बच्चों को रूटिंग के हिसाब से दिन में मिलने वाले भोजन से भी वंचित रखा जाता है।बृहस्पतिवार को सहायिका सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सेविका लवली बेगम मनमाने ढंग से

आंगनवाड़ी केंद्र को संचालित कर रही हैं बच्चे को मिलने वाले सुविधाओं से भी वंचित रखा जाता है। बच्चों को खेलने के लिए खिलौने भी नहीं दिए जाते हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे को बिना दाल वाली खिचड़ी बना कर खिलाया गया जबकि आज बच्चों को रसीया और मौसमी फल खाने को दिया जाना चाहिए। सहायिका शहनाज बेगम ने बताया कि बच्चों को अंडा भी नहीं खिलाया जाता है जबकि दूसरे आंगनवाड़ी केंद्र में अंडा भी बच्चों को खिलाया जाता है। सहायिका शहनाज बेगम ने बताया कि किसी भी चीज के विषय में पूछने पर सेविका उनके साथ दुर्व्यवहार करती है। इससे पूर्व भी एलएस ने बताया कि इससे पूर्व भी सेविका लवली बेगम के बारे शिकायतें आती रहती हैं आगे उन्होंने बताया कि आज का रूटीन रसीया और मौसमी फल है जो बच्चों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जांच के उपरांत कारवाई की जाएगी।

किशनगंज के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

दैनिक समाज जागरण किशनगंज

श्री गोरखनाथ भा०प्र०से०, आयुक्त, पूर्णियाँ -सह- कोशी प्रमंडल के द्वारा जिला स्थापना प्रशाखा, किशनगंज के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

आयुक्त महोदय द्वारा जिला स्थापना प्रशाखा, किशनगंज में संधारित कर्मियों के लागबुक, निर्गत पंजी, प्राप्त पंजी, सूचना का अधिकार पंजी, विभागीय कार्यवाही पंजी, लोक सभा / विधान सभा प्रश्नोत्तरी पंजी का अवलोकन किया गया तथा लंबित पत्रों को शीघ्र निष्पादित कराने हेतु स्थापना उप समाहर्त्ता, किशनगंज को निदेश दिया गया।

विभागीय कार्यवाही पंजी के अवलोकन के क्रम में कुछ विभागीय कार्यवाही के मामलें लंबित पाये गये, जिसे एक पक्ष के अन्दर निष्पादित कराने का निदेश दिया गया।

स्थापना प्रशाखा में स्वीकृत बल एवं कार्यरत बल की समीक्षा की गई। स्वीकृत बल से संबंधित सभी विभागीय निदेश को एकीकृत करने का निदेश दिया गया तथा वर्तमान में फलित रिक्ति के अनुरूप लिपिक संवर्ग, आशुलिपिक संवर्ग, जीप चालक संवर्ग का रोस्टर क्लीयरेंस कराने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला स्थापना प्रशाखा में कर्मचारी एवं कार्यालय परिचारी का स्थापना नहीं है, जबकि जिला स्तर पर कर्मचारी एवं कार्यालय परिचारी का स्थापना भी जिला स्थापना प्रशाखा में होना चाहिए। कर्मचारी एवं अनुसेवक की स्थापना को जिला स्थापना में एकीकृत करने का निदेश दिया गया ।

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार, पटना से कुल 23 अभ्यर्थियों की अनुशंसा लिपिक संवर्ग में नियुक्ति हेतु भेजी गयी है। नई नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

जिला स्थापना प्रशाखा के निरीक्षण के दौरान सेवांत लाभ का एक मामला लंबित पाया गया, जिसे एक पक्ष के अन्दर निष्पादित करने का निर्देश स्थापना उप समाहर्त्ता को दिया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चालक संवर्ग में स्वीकृत बल की तुलना में कार्यरत बल कम रहने के कारण विभिन्न अंचलों एवं प्रखण्डों में जीप चालक दैनिक पारश्रमिक के आधार पर रखा गया है, जो विधि सम्मत नहीं है। बिहार पर्यटन विकास निगम से चालक प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाने का निदेश आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित कार्यालय अधीक्षक, समाहरणालय किशनगंज को प्रत्येक माह किसी न किसी कार्यालय का निरीक्षण करने तथा प्रत्येक माह प्रधान लिपिकों की बैठक आहुत कराने का निदेश दिया गया।

निरीक्षण के समय जिला पदाधिकारी किशनगंज, श्री मंजूर आलम, स्थापना उप समाहर्त्ता किशनगंज, श्री राजेन्द्र दास प्रधान लिपिक जिला स्थापना प्रशाखा किशनगंज, श्री मनीष रंजन लिपिक जिला स्थापना प्रशाखा किशनगंज आदि कर्मी उपस्थित रहे।

पुराना पेंशन लागू होने तक जारी रहेगी लड़ाई:कुशवाहा काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य

दैनिक समाज जागरण,रिपोर्ट मोहम्मद शाहनवाज अता

हाजीपुर(वैशाली)बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला शाखा वैशाली ने नई पेंशन योजना को समाप्त करने एवं पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए पूरे जिले में आज हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए अपना शैक्षणिक कार्य करते हुए सरकार का विरोध किया एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए जोरदार आवाज बुलंद किया।आज ही के दिन पुरानी पेंशन योजना को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा समाप्त किया गया था।इसलिए पुरानी पेंशन योजना के लड़ाई का शंखनाद आज के ही दिन से ही प्रारंभ हो गया। हाथ में काली पट्टी बांधे प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि जो व्यक्ति जीवन भर सरकार की सेवा करते हैं उनके लिए पुरानी पेंशन योजना समाप्त कर पूर्ववर्ती सरकार ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कमर ही नहीं तोड़ा बल्कि बुढ़ापे का इकलौता सहारा भी छीन लिया।आश्चर्य है कि जिन लोगों ने पेंशन बंद किया वह सभी लोग पेंशन लेते हुए स्वर्ग सिधारे।जिस लोकसभा से लेकर विधानसभा में नियम बनते हैं सदन के सदस्यों ने अपना पेंशन जारी रखा और भारत के सभी कर्मचारियों का पेंशन बंद करके यह बता दिया कि देश में आज भी दोहरी नीति अपनाई जा रही है।देश के युवाओं को नियोजन,ठेका संविदा पर बहाल करके इनको सभी सुविधाओं से वंचित कर नरक में धकेल दिया गया जबकि नियम बनाने वाले स्वर्ग का आनंद ले रहे हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की लड़ाई तब तक चलेगी जब तक पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं हो जाती।खासकर इस कार्यक्रम में नियोजित शिक्षकों के

साथ साथ नियमित शिक्षकों ने भी सहयोग किया है जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं।आज के कार्यक्रम में चिन्हितआदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक, प्रखंड अध्यक्ष अशर्फी दास,अरुण कुमार,सत्येंद्र कुमार,अमित कुमार, मोतीलाल पासवान,राघवेंद्र कुशवाहा,मोहम्मद अफजल हुसैन,सुधा कुमारी,संगीता कुमारी,रंजीता कुमारी,गीता कुमारी, सजीना परवीन,सारिका कुमारी, आशा कुमारी,विनीता कुमारी,हरि कुमार,मुकेश कुमार,संजीव कुमार गिरी के अलावा काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

राष्ट्रीय नाई महासभा में किया प्रखंड स्तरीय बैठक

बिहार दैनिक समाज जागरण,रिपोर्ट मोहम्मद शाहनवाज अता

हाजीपुर(वैशाली)राष्ट्रीय नाई महासभा एवं सामाजिक न्याय संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में जिले के जंदाहा स्थित कार्यालय पर प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता युगल ठाकुर एवं संचालन राजद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर ने किया।इस बैठक को जिला अध्यक्ष

महेंद्र ठाकुर ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नाई समाज पर हो रहे जुल्म,हत्या,शोषण,दोहन के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है।हमारा समाज,शैक्षणिक, राजनीतिक,सामाजिक,आर्थिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ हैं। इस बैठक के माध्यम से बिहार सरकार से आग्रह करते हैं कि नाई समाज को विशेषाधिकार देकर इस समाज को आगे बढ़ाने में मदद करे।मौके पर कंचन ठाकुर,बैद्यनाथ ठाकुर, डॉक्टर रामनरेश ठाकुर,उत्तम ठाकुर, महेश ठाकुर,रामलगन ठाकुर,सुरेश ठाकुर,सूरज ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुमन ठाकुर,दिलीप ठाकुर,पवन ठाकुर,रामप्रवेश ठाकुर,अरविंद ठाकुर, संतलाल ठाकुर,सत्येंद्र ठाकुर के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

अज्ञात बाइक की ठोकर से दूसरा बाइक सवार घायल।

जितेंद्र कुमार/समाज जागरण,त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के एनएच 327 ई स्थित बस स्टैंड के समीप गुरूवार की दोपहर दो बाइक की ठोकर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल।मिली जानकारी के अनुसार लतौना दक्षिण पंचायत के तितुआहा वार्ड नंबर 12 निवासी राजेंद्र यादव का 21 वर्षीय पुत्र पोसक कुमार अपने ससुराल मनगंज से पार्ट थर्ड का

फॉर्म भरने के लिए अनूप लाल महाविद्यालय आ रहा था कि उसी क्रम में बस स्टैंड के समीप अज्ञात बाइक की ठोकर से गिर गया जहां बाइक सवार पोसक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया जहां मौजूद लोगों के द्वारा आनन-फानन में त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. सुमन कुमारी व उनकी टीम के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया गया।

प्रखंड में धूम - धाम से की जा रही है गणेश पूजा, गणपति बप्पा की जयकारे से माहौल हुआ गुंजयमान।

सोनू भगत/समाज जागरण, छातापुर, सुपौल

जिले के छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है। इसके निमित अगले चार दिनों तक भगवान शिव के पुत्र विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा-अर्चना होगी। सार्वजनिक गणेश पूजा समिति छातापुर के सदस्यों द्वारा गणेश पूजा धूमधाम से की जा रही है। चुन्नी निवासी पंडित कुलानंद झा के द्वारा विधिवत पूजा कर गणेशजी को लड्डू का भोग लगाया गया। तत्पश्चात हुए पुष्पांजलि एवं आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूजा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। प्रथम दिन के

पूजा समापन पश्चात श्रद्धालुओं के बीच लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समिति के द्वारा पूजन स्थल पर श्रीगणेशजी की विशालकाय प्रतिमा समेत अन्य प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाकर उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मुख्यालय बाजार पूजा स्थल से लेकर बस पड़ाव तक पताकों से पटा हुआ है वहीं सड़क किनारे लगी रोड लाईट से बाजार रोशनी से सराबोर है। चार दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजनोत्सव के शुभारंभ होने से मुख्यालय बाजार में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और हर तरफ लोगों के बीच उमंग व उत्साह का माहौल है।

खजौली स्थायी पौधशाला पर पर धरना प्रदर्शन करते वन कर्मी लोग.

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अमोद कुमार श्रीवास्तव,

खजौलीः प्रखंड़ मुख्यालय स्थित मधुबनी वन प्रक्षेत्र स्थायी पौधशाला में कार्यरत वन कर्मियों को विगत 18 माह से मानदेय भुगतान विभाग द्वारा नही किये जाने को लेकर वन कर्मियों के परिवार भूखमरी के कगार पर पहुँच गयी है. वन कर्मियों की मानदेय भुगतान नहीं होने को लेकर गुरुवार को वन कर्मीय सबुरी दास के नेतृत्व में दर्जनों वन कर्मियों ने विभाग के वरीय पदाधिकारी के विरोध में जमकर धरना प्रदर्शन किया गया. वही वन कर्मी सबुरी दास ने वन विभाग के वरीय पदाधिकारी पर आरोप लगाया है कि वन कर्मियों वर्षो से विभाग में तीसों काम करते आ रहे है लेकिन विभाग द्वारा तीस दिन के बदले 26 दिन का नया रेट 318 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता है. वही विभाग द्वारा वन कर्मियों के साथ वर्षो से सौतेलापन करते आ रहे है. वही वन कर्मी को लंम्बित वेतन भुगतान नही होने से वन कर्मियों की वच्चो को पठन पाठन में स्कूल की फीस नही भरने से वच्चो की पढ़ाई बंद होने की कगार पर है..उन्होंने कहा कि स्थायी पौधशाला में उपलब्ध कटहल,नींबू, अमरूद,आम,सागबान सहित अन्य एक लाख पेड़ को प्रखंड़ खजौली,बाबूबरही,कलुआही,जयनगर,राजनगर स्थित जीविका कार्यालय को वितरण करने के लिए वन कर्मी को लगाया गया है. वे वन कर्मी एक जुट होकर पौधा वितरण पर तब तक रोक रखा जाएगा, जब तक सभी वन कर्मियों का मानदेय भुगतान विभाग द्वारा नही किया जाता है वही वन विभाग के यूनियन लीडर वन कर्मी सबुरी दास ने वन विभाग को आगाह किया है कि

जब तक वन कर्मियों का पिछला भुगतान नही किया जाता है तब तक सभी वन कर्मियी द्वारा विभाग के खिलाफ आंदोलन जारी कर पौध शाला से पौधा वितरण अनिश्चित काल तक बंद रहेगा. वही वन विभाग में वर्षो से कार्यरत वन कर्मी को डेली मजदूर के रूप में 304 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान दिया जा रहा है.उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा अप्रैल 022 से नया रेल 318 रुपया लागू किया है.वन कर्मी सबुरी दास ने कहा कि सभी वन कर्मी को समान काम के बदले समान वेतन बिहार सरकार वन विभाग द्वारा वन कर्मियों को लागू नही करने तक यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा. इस धरना प्रदर्शन के मौके पर दर्जनों वन कर्मी मौजूद थे.

कर्म प्रधान होता है और कर्म जैसा करोगे भाग में वैसा भी लिख जाएगा -: बाल विदुषी देवी सुनैना कृष्णा जी

जितेंद्र कुमार/समाज जागरण,त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले में त्रिवेणीगंज मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में गणेश महोत्सव के मौके पर आयोजित आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के पहले दिन बुधवार की शाम श्री धाम अयोध्या से पधारी बाल विदुषी देवी सुनैना कृष्णा जी ने अपने प्रवचन में कहा की जैसी करनी वैसी भरनी जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है उसको बाद में भुगतान पड़ता है। इसलिए हमेशा अच्छा कर्म करना चाहिए। भगवान ब्रह्मा जी खुद से भाग्य कभी नही लिखत हैं। उनकी कोई गलती नहीं हैं। क्योंकि वह आपको एक कर्म रूपी कलम दी है। कर्म प्रधान होता है और कर्म जैसा करोगे भाग में वैसा भी लिख जाएगा। इसलिए हमेशा इंसान को अच्छा कर्म

करना चाहिए। वही बाल विदुषी देवी सुनैना कृष्णा जी के साथ आए भजन टीम ने श्रोताओं को मनमोहक भजन प्रस्तुत कर झूमने को मजबूर कर दिया। कथा के लिए मंदिर परिसर में भव्य ढंग से सजाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बप्पा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंघल, सचिव मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज भगत, उपसचिव शुभम चोखानी, संरक्षक उपेन्द्र चंदन आदि सदस्य सक्रिय रहे।

प्रखंड के बीआरसी में शुरू हुआ शिक्षकों का 5 दिवसीय गैर आवासीय उन्न मुखीकरण प्रशिक्षण।

सोनू भगत/समाज जागरण,छातापुर, सुपौल

जिले में छातापुर के बीआरसी में शिक्षकों का 5 दिवसीय गैर आवासीय उन्न मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वर्ग एक के नामित शिक्षक तथा विद्यालय प्रधान की यह महत्वपूर्व प्रशिक्षण बिभाग द्वारा बताया गया है। इसके तहत बच्चों को स्कूल की पहली कक्षा में चहक के माध्यम से कैसे पढ़ाई कराना है। इस निमित यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इसमे प्रखण्ड क्षेत्र के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु प्रशिक्षकों को 10 दिन का समय निर्धारित किया गया है। जिसके तहत प्रखण्ड क्षेत्र के आधे स्कूलों को प्रथम फेज में 5 दिवसीय तथा द्वितीय फेज में 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है। इसकी जानकारी छातापुर बीईओ राम नारायण मेहता ने देते हुए कहा कि छातापुर प्रखण्ड क्षेत्र के शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को लेकर

एफ एल एन कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल रेडिनेस मॉड्यूल चहक के कार्यान्वयन को हेतू यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रधान तथा वर्ग एक के नामित शिक्षक को यह 5 दिवसीय गैर आवासीय उन्न मुखीकरन प्रशिक्षण देने का कार्य प्रशिक्षक द्वारा किया जा रहा है। इसमे प्रशिक्षक तथा मेंटर्स द्वारा प्रथम दिन से पांचवी दिन तक दिन के 10 बजे से शाम के 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण समापन के उपरांत प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं को विरमित होकर मूल विद्यालय में योगदान अगले दिन से देना है। प्रशिक्षक में प्रशिक्षक के रूप में मुख्य प्रशिक्षक दीपक कुमार झा तथा अशोक कुमार गुप्ता थे। जिन्होंने शिक्षकों को विस्तृत रूप से चहक की महत्ता को समझाते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा देने की बात कही। वही मेंटर्स फेज अहमद द्वारा भी प्रशिक्षण गतिविधियों को देखा जा रहा था। छातापुर के बीआरसी समेत मिडिल स्कूल छातापुर तथा मिडिल स्कूल संकुल संसाधन केंद्र में तीन बेचों में चल रही प्रशिक्षण में कुल 137 प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए। मौके पर श्याम सुंदर शर्मा, राम कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार, मिहिर कुमार मिश्रा, धनंजय कुमार, संतोष कुमार मल्लिक आदि थे।

एन पी एस स्कीम योजना के विरोध में सुपौल सदर अस्पताल के कर्मियों एवं डाक्टर द्वारा काला बिल्ला लगाकर कार्य पर पहुंचे

मो0 नजीर आलम/समाज जागरण,सुपौल

जिले में सदर अस्पताल के कर्मियों एवं डाक्टरों के द्वारा काला बिल्ला लगाकर नई पेंशन योजना ठढर स्कीम के तहत मिलने वाली पेंशन के विरोध में कार्य पर पहुंचे वही चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे ने बताया हम लोग पुरानी पेंशन योजना लागू करवाना चाहते हैं और नई पेंशन स्कीम को रद्द करवाना चाहते हैं हम लोगो को जो रिटायरमेंट में छाता का काम करता था वह सरकार के द्वारा हमसे छीन लिया गया है सभी विभाग के लोग मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से काला बिल्ला लगाकर सरकार को एक मैसेज दे रहे हैं की जिस तरह झारखंड, छत्तीसगढ़ ,राजस्थान एवं अन्य राज्यों में एनपीएस को बंद कर दिया गया है उसी तरह बिहार में भी एनपीएस को बंद कर दिया जाए और और पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए क्योंकि नई एनपीएस जो लागू की गई है 1 सितंबर 2005 को

उसमें कोई निश्चित नहीं है 14 परसेंट हम लोग के पेमेंट से काटकर शेयर बाजार में लगाया जाता है जो के जोखिमों के अधीन है जो की अभी हम लोग देख रहे हैं वैश्विक महामारी में सारा शेयर मार्केट घाटे में चल रहा है हम लोग देख रहे हैं जो भी हमारे सीनियर 10 वर्ष वर्क करने के बाद रिटायर किए हैं उन्हें सोलह सौ सत्रह सौ रुपए पेंशन के रूप में दिया जा रहा है जिससे हम लोग काफी आहूत हैं और हम लोग बिहार मैं जो नई सरकार बनी है उनसे मांग करते हैं कि हम लोगों को भी पुरानी पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जाए और एनपीएस योजनाओं को पूरी तरह बंद कर दी जाए साथ ही सुपौल सदर अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मियों ने बताया जिस तरह अभी हम लोग मेहनत कर रहे हैं और सरकार की जो नीति है उससे हमें लगता है कि बुढ़ापे की जिंदगी हमें वृद्धा आश्रम में गुजारना पड़ेगा वही कर्मियों के द्वारा बताया गया कि जिस तरह महंगाई चरम सीमा पर है सरकार को इस पर ध्यान देते हुए हम लोगों को पुरानी पेंशन योजना लागू कर देना चाहिए ।

बिजली करंट लगने से एक भैंस की हुई मौत।

सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के दुबियाही पंचायत में गुरुवार को एक भैंस बिजली खंभा की संपर्क में आने से भेस की मौत मौके पर हो गई। जानकारी अनुसार दुबियाही पंचायत के वार्ड 5 निवासी वीरेंद्र यादव दोपहर के समय अपने भेस को चराने मैदान में ले गया जहां सड़क किनारे एक बिजली खंभा था जिसमे किसी कारणवश बिजली का संपर्क अर्थ के तार से हो गया। इसी दौरान भैंस चरते ,चरते बिजली खंभे के पास चला गया जहां खंभे में बिजली रहने के कारण भेस तार के संपर्क में आ गया और वहीं गिर गया उसके बाद घटनास्थल पर ही भैंस की मौत हो गई। इस बाबत कनीय अभियंता अजय कुमार ने बताया की जानकारी प्राप्त हुआ है आवेदन प्राप्त होने के बाद अग्रेतर कानूनी कार्रवाई कर जो उचित मुआवजा है वह दिया जाएगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा का सिविल सर्जन डॉ मिहिर कुमार वर्मा ने किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश।

अमरेश कुमार/समाज जागरण,पीपरा, सुपौल

जिले के पीपरा प्रखंड में सिविल सर्जन डॉ मिहिर कुमार वर्मा सुपौल द्वारा पिपरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और थुमहा उप स्वास्थ्य केन्द्र का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। सिविल सर्जन के औचक निरिक्षण से अस्पताल कर्मियों में हरकंप मच गया। पिपरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आउट सर्चिंग को लेकर काफी अनियमितता देख सर्जन बिफर पड़े। प्रसव कक्ष वार्ड में गंदगी देख काफी नाराजगी जाहिर करते हुए उपस्थित कर्मियों को कहा साफ- सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा व्यवस्था में सुधार लाएं नहीं तो कारवाई की जाएगी। स्वास्थ केन्द्र में मरीजों को मिलने वाली सुविधा खाना, पीना एवं बेड साफ सुथरा नहीं रहने को लेकर कड़ी फटकार लगाई। सिविल सर्जन ने मुख्य भंडार, दवा वितरण केन्द्र, प्रसव पंजी, भंडार पंजी, उपस्थित पंजी का बारिकी से जाच किया दवा की अद्यतन स्थिति संतोषजनक पाया। वहीं लेव जाच में शुगर की जांच की स्थिति संतोषजनक नहीं रहने पर लेव कर्मी को जांच का दायरा बढ़ाने के लिए निर्देश दिया। एक्सरे रिपोर्ट संतोषजनक पाया। स्वास्थ केन्द्र परिसर को साफ सुथरा

रखने का कड़ा निर्देश दिया। वहीं थुमहा उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जहा जन आरोग्य समिति का गठन नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा 10 सितम्बर तक समिति का गठन अनिवार्य रूप से करें। दवा वितरण एवं भंडारण आनलाइन नहीं किए जाने पर मौजूद कर्मी को फटकार लगाई। वहीं अस्पताल की सभी स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।

पालीगंज में गणेश प्रतिमा को देखने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़

पालीगंज/ गुरुवार की शाम स्थानीय बाजार स्थित दुर्गा स्थान के पास स्थापित श्री गणेश की प्रतिमा को देखने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी।

जानकारी के अनुसार गणेश चतुर्थी के अवसर पर पालीगंज स्थानीय बाजार स्थित दुर्गा स्थान के पास स्मार्ट रॉयल क्लब की ओर से श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया है। जिसका अनावरण बीते बुधवार को गणेश चतुर्थी के दिन किया गया है। यह पर्व एक महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। वही श्री गणेश की प्रतिमा की सजावट व भव्य पूजा पंडाल को देखने के लिए बुधवार से ही भीड़ जुटने लगी है। जबकि वुरूवार की शाम श्रद्धालुओ की भीड़ अधिक दिखाई दिया। वही पूजा समिति के सक्रिय कार्यकर्ता

हिमांशु राज ने बताया कि यहां गणेश चतुर्थी के दिन से गणेश महोत्सव का आरंभ किया गया है जो 9 सितंबर को समाप्त होगी तथा उसी दिन श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन विधिवत रूप से किया जाएगा।

वही मौके पर महोत्सव के आयोजन में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में भूमिका निभा रहे रोहित राज, सोनू राज, विक्की राज, राहुल राज, सागर कुमार, रौशन कुमार, दीपक कुमार, गोलू कुमार, मनीष राज, रितिक राज, रोशन राज व हिमांशु राज मौजूद थे।

रामानंद को जिला महासचिव बनाने पर जताई खुशी

राजीब मिश्रा/समाज जागरण,करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले के राघोपुर प्रखंड के बायसी पंचायत निवासी रामानंद मेहता को जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ, सुपौल जिला का महासचिव प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र यादव ने उन्हें इस पद पर नियुक्त करते पत्र सौंपा। वहीं रामानंद मेहता को महासचिव नियुक्त करने पर

सांसद दिलकेश्वर कामत, विधायक रामविलास कामत, पूर्व विधायक लखन ठाकुर, पूर्व मुखिया सत्यनारायण मेहता, भगवान चौधरी, पूनम देवी, सूर्य नारायण मेहता, चंदन मेहता, सुनील कुमार मेहता, ओमप्रकाश यादव, युवा सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मेहता ने खुशी जाहिर की है।

वार्ड सदस्य के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ।

राजीब मिश्रा/समाज जागरन, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में पंचायत सरकार भवन हरिराहा में तीन पंचायतों के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत के मुखिया खुशबू कुमारी, जिला के बीएफ कुमार राहुल, जेई राघोपुर, समाजसेवी विकास कुमार टुनटुन, लेखपाल सावित्री कुमारी, लवली कुमारी एवं निक्की कुमारी के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में जिला से आए बीएफ कुमार राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण में तीन पंचायत बौराहा, हरिरहा एवं मोतीपुर के कुल 39 प्रशिक्षु को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण के माध्यम से सभी वार्ड सदस्यों को पंचायत नियमावली ग्राम पंचायत धारा ई ग्राम स्वराज वित्तीय संबंधी एवं अनुदान सहित अन्य कई तरह की जानकारियां दी जाएगी।

ग्राम सभा व वीडियोग्राफी के साथ योग्यता के आधार पर सेविका हुई चयन

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

चान्दन/बांका/चांदन प्रखंड क्षेत्र के चांदवारी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 13 के हीरारायडीह गांव अवस्थित विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को जिला अधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर बांका एस.डी .एम प्रीति कुमारी व सी.डी.पी.ओ विभा कुमारी की अध्यक्षता में सैकड़ों ग्रामीण व आंनदपुर ओपी पुलिस की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कर विवादास्पद चांदवारी पंचायत 13 नंबर वार्ड की आंगनवाड़ी सेविका चयन ग्रामीणों के शोरगुल के बीच विधिवत तौर पर बेबी कुमारी को चयन किया गया। बता दें कि यह मामला उक्त केंद्र संख्या 154 पर सेविका चयन की मामला चार साल होने को जा रहा है जहां गाँव के कुछ गिने चुने मनचलों द्वारा हर बार कुछ ना कुछ बहाना एवं विरोध करके आम सभा

को रद्द कराते आ रहे थे। जो कुल 12 आम सभा को रद्द किया गया। जिसे लेकर कुछ मनचलों द्वारा सेविका चयन को विरोध करते हुए बांका न्यायालय में याचिका दायर किया गया था। जिसका मूल्यांकन करते हुए अंत में बिहार बोर्ड की मान्यता पर बेबी कुमारी को सेविका चयन हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके आलोक में कड़ी सुरक्षा के बीच आम सभा आयोजित कर कागजी तौर पर बांका एस डी एम प्रिति कुमारी ने बेबी कुमारी, पति पंकज यादव को सेविका पद से चयन किया गया। मौके पर चान्दन बीडीओ राकेश कुमार एवं बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षिका राजकुमारी व संगिता कुमारी के अलावा मुखिया प्रतिनिधि नरेश यादव उप मुखिया मनोज यादव किसान सलाहकार सुरेश यादव, वार्ड सदस्य अजय शर्मा, आदि के साथ सेकड़ों ग्रामीण मोजुद थे।

पांच पंचायत के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्य का हुआ उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो उमाकांत साह

चांदन/बांका/गुरुवार 1 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा वार्ड सदस्यों के लिए पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रवीश कुमार,चांदन बीडीओ राकेश कुमार, अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हिमांशु शेखर ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रमेश कुमार पंचायती राज पदाधिकारी हिमांशु कुमार को गुलदस्ता भेंट किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख रवीश कुमार के अलावा आदि पदाधिकारियों ने सम्बोधित करते हुए उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों को मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा अपने अपने दायित्वों,अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी के विषय में चर्चा कर प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत पंचायती राज पदाधिकारी हिमांशु कुमार ने

बताया कि इस प्रशिक्षण में ट्रेनर के रूप में चंदन कुमार,अमित कुमार, नीरज कुमार निराला, शिवापित कुमार, बाल मुकुंद कुमार, सूरज कुमार व रविंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें पहले राउंड में प्रखंड के पांच पंचायत से कुल 117 वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार, कर्तव्य और दायित्व के निर्वहन के साथ योजनाओं और उसके क्रियान्वयन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सरकार की योजनाओं का पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन की भी जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। ज्ञात हो कि वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज्य में उनके अधिकार एवं वार्ड सदस्य का महत्व के साथ उनका कितना और किस रूप में योगदान होना चाहिए आदि इसकी जानकारी देना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश है। इस मौके पर आवास पर्यवेक्षक जीतेन्द्र कुमार वर्मा, के अलावा दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

अचानक आग लगने से एक लाख से अधिक की संपत्ति हुई राख, मुआवजे की मांग।

राजीब मिश्रा/समाज जागरण,करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले के राघोपुर प्रखंड अन्तर्गत करजाईन बाजार में हरिराहा पंचायत के वार्ड नंबर-8 निवासी किशुनवती देवी के घर में बुधवार की देर रात में अचानक आग लग जाने से घर सहित एक गाय, नगदी एवं सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़िता ने बताया कि देर

रात में अचानक आग लगने के बाद घर के सदस्य जब जगे एवं शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तथा आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सबकुछ जल गया था। किसुनवती देवी ने बताया कि इस घटना में कपड़ा, नगदी, अनाज सहित करीब एक लाख से ऊपर का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से अविलंब पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

फुल्लीडुमर प्रखंड सभा भवन में तीसरे बैच के 3 पंचायतों के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू

दैनिक समाज जागरण संवाददाता
कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका

त्रिस्तरीय पंचायत के तहत फुल्लीडुमर प्रखंड मुख्यालय सभा भवन में वार्ड सदस्यों के तीसरे बैच का प्रशिक्षण गुरुवार को आरंभ हो गई वहीं प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत का गांव के विकास में क्या योगदान है, वार्ड सदस्य के अधिकार एवं कर्तव्य, पंचायत द्वारा विकास के लिए संचालित योजना, आय व्यय का लेखा जोखा, आम सभा ,वार्ड सभा,

पंचायत निगरानी समिति के कार्य एवं उद्देश्य के बारे में वार्ड सदस्यों को विस्तार से जानकारी प्रशिक्षण दी जा रही है प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर जेई राकेश कुमार, लेखापाल संदीप कुमार, देवनारायण सिंह, बाल किशोर कुमार मंडल, कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा प्रखंड के खेसर, फुल्लीडुमर और भितीया पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है

फुल्लीडुमर प्रखंड राजद अध्यक्ष का चुनाव कोरम के अभाव में अगले आदेश तक स्थगित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता
कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड राजद अध्यक्ष पद पर चुनाव हेतु फुल्लीडुमर प्रखंड राजद कार्यकताओं की बैठक प्रखंड मुख्यालय के पास के खेल के मैदान में बने सभा मंच पर प्रखंड राजद अध्यक्ष परमानंद मंडल की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई वहीं प्रवेक्षक के रूप में शंभू यादव तथा सहायक पर्यवेक्षक के रूप में शिव शंकर शर्मा उपस्थित थे प्रखंड अध्यक्ष के चयन हेतु आयोजित बैठक में कोरम के अभाव में पर्यवेक्षक शंभू यादव के द्वारा फुल्लीडुमर राजद प्रखंड अध्यक्ष का चयन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया`इस संबंध में पर्यवेक्षक श्री

यादव द्वारा बताया गया कि यहां 88 बुथ हैं अतः प्रखंड अध्यक्ष चयन हेतु 54 सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी लेकिन बैठक में कुल 31 सदस्य ही उपस्थित हुऐ इसी कारण प्रखंड अध्यक्ष का चयन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गयो वहीं मौके पर प्रखंड राजद अध्यक्ष परमानंद मंडल, प्रखंड महासचिव अमरेंद्र कुमार राय, युवा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर यादव, जयद्रथ कुमार यादव, सुनील कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजेश यादव, करण कुमार राय ,पिंकूल कुमार राय, चंदन कुमार, प्रखंड राजद मीडिया प्रभारी राहुल रंजन सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे

गणेश महोत्सव पर मईया जागरण का हुआ आयोजन।

राजीब मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले के राघोपुर प्रखंड अन्तर्गत करजाईन बाजार में बुधवार की रात्रि में मैय्या जागरण का आयोजन जागरण में स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत की। कलाकार बालाजी, डॉ०अनिल कुमार,

भवेश कुमार, राहुल,जयकृष्ण कामत,सुभाष दास,डॉ०विजय सिंह, शेखर,सुमन,रूपे, राजा पूर्वे ने भक्ति भजन एवं संगीत से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बुधवार देर शाम से ही शुरू हुए कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालू पहुंचे। इस दौरान देवेंद्र प्रसाद शारदा, गोविंद डागा,आनंद अग्निहोत्री, कृष्णा सोमानी, अभिषेक सिंह, ऋषव शर्मा, सुमित चौरसिया, शशि मिश्र, अमन चौरसिया, मनीष गुप्ता, अंकित चौरसिया का कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बड़ा ही सराहनीय योगदान रहा।

प्रदेश राजद अध्यक्ष के निदेर्शानुसार यशवंत प्रसाद राय को शिक्षक प्रकोष्ठ राजद बांका जिलाध्यक्ष पद पर किया गया नियुक्त

दैनिक समाज जागरण संवाददाता
कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका

प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निदेर्शानुसार शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय द्वारा पटना प्रदेश कार्यालय में फुल्लीडुमर प्रखंड निवासी यशवंत प्रसाद राय को शिक्षक प्रकोष्ठ के राजद बांका जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गयो वहीं फुल्लीडुमर प्रखंड निवासी यशवंत प्रसाद राय को बांका राजद

जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ पद पर नियुक्त किये जाने पर पूर्व सांसद सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, धोरैया विधायक भुदेव चौधरी, पूर्व मंत्री जावेद इकवाल अंसारी, पूर्व विधायक रामदेव यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश यादव, अनिल कुमार राय, प्रखंड अध्यक्ष परमानन्द मंडल सहित फुल्लीडुमर प्रखंड के दर्जनों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थेवहीं इसकी जानकारी फुल्लीडुमर प्रखंड राजद मिडिया प्रभारी राहुल रंजन ने दी

शिक्षकों का पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण शुक्रवार से

दैनिक समाज जागरण
कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

प्रखंड संसाधन केंद्र कटोरिया में शुक्रवार से 186 विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को पांच दिवसीय गैर आवासीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू किया जाएगा ।जिसकी तैयारी गुरुवार को पूरा कर ली गई ।बता दें कि यह प्रशिक्षण रीडीनेस , मॉड्यूल चहक प्रशिक्षण के नाम से जाना जाता है। कक्षा 1 मे आने वाले बच्चों को किस तरफ

सरल तरीक से पढ़ा जाए। इसकी जानकारी प्रशिक्षक द्वारा दी जाएगी। साथी पहली बार विद्यालय आने वाले बच्चे को किस तरह से बर्ताव किया जाए प्रशिक्षण में बताया जाएगा। शुक्रवार से चलने वाले गैर आवासीय प्रशिक्षण 4 बैच में चलेगा। पहले यह प्रशिक्षण छाताकरूंम विद्यालय में रखा गया था ।बाद में कटोरिया बी ई ओ लक्ष्मी सिंह ने स्थान बदलते हुए बीआरसी प्रशिक्षण कराने का आदेश दिया ।

बीडीयो ने संभाला नए भवन में अपना कार्यभारे

दैनिक समाज जागरण।
कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

कटोरिया बीडीयो प्रेम प्रकाश ने गुरुवार को नए भवन में कार्यभार संभाल कर बैठना शुरू कर दिया । गुरुवार को अपने चेंबर में बैठकर कई फाइलों का निष्पादन किया । हालांकि पूरी तरह सब विभाग अभी काम करना शुरू नहीं किया है। बीडीयो ने बताया कि प्रखंड कार्यालय पूरी तरह फर्स्ट फ्लोर में शिफ्ट हो चुका है। वही अंचल कार्यालय नीचे अंडर ग्राउंड में शिफ्ट

किया गया, । आरटीपीएस कार्यालय भी नीचे शिफ्ट किया गया ।जबकि बाल विकास विभाग कार्यालय अभी नए भवन में शिफ्ट नहीं हुआ है। खास बात यह है कि नए भवन में सब विभाग का कार्यालय खुलने से प्रखंड आने वाले आगंतुकों को अपनी समस्या का समाधान करने के लिए विशेष परेशानी नहीं उठाना पड़ेगा। वही नए भवन में कार्यालय के शिफ्ट होने से पुराना भवन में सन्नाटा पसरा हुआ था।

पंजवारा चेक पोस्ट से शराब के नशे में तीन युवकों को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय बांका भेजा

बांका, पंजवारा। पंजवारा थाना पुलिस ने झारखंड सीमा से लगे हुए उत्पाद विभाग चेक पोस्ट पर बुधवार रात जांच के क्रम में तीन युवकों को शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव ने बताया कि बुधवार रात चेकपोस्ट पर जांच अभियान चलाया जा रहा था एवं झारखंड के गोड्डा जिला की ओर से आने वाले लोगों की जांच की जा रही थी। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के क्रम में तीन

युवकों के शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद तीनों युवको को हिरासत में ले लिया गया एवं गुरुवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुतीकरण के लिए पुलिस अभिरक्षा में बांका भेज दिया गया। गिरफ्तार शराबियो की पहचान भागलपुर जिला के हबिबपुर थाना क्षेत्र के भैरोपुर गाँव के भवेश कुमार और घोघा थाना क्षेत्र के जानीडीह गॉव के मृत्युंजय कुमार मंडल एवं विवेकानंद गोस्वामी रुप में हुई है।

पुलिस द्वारा छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

सरोज कुमार/समाज जागरण,किसनपुर, सुपौल

जिले में किसनपुर थाना पुलिस ने बुधवार देर रात्रि छापामारी कर दो वारंटी

को हिरासत में लेकर भेजा जेल।

जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया की देर रात्रि कांड संख्या 110/18 के अभियुक्त सुखासन गांव के वार्ड नंबर 10 निवासी पप्पू पासवान को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है जो बहुत दिनों से फरार चल रहा था। वहीं दूसरे आरोपी कांड संख्या 220/21 के अभियुक्त दुबियाही लालगंज निवासी रामचंद्र मेहता को भी देर रात्रि उसके घर से हिरासत में लिया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया हे।

मनरेगा योजना से बने बांध की लोकपाल ने की जांच

बौंसी/बांकाः- बांका लोकपाल आलोक कुमार मिश्रा के द्वारा डांड़ खुदाई में अनियमितता और गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने की शिकायत पर मनरेगा योजना की जांच की गई। मालूम हो कि करीब 4 लाख 37 हजार रुपये की राशि से कालिक बांध से तेतरिया बांध के बीच डांड़ की खुदाई की गयी थी। बताया गया कि करीब 3000 फीट लंबी डांड़ की खुदाई में 24 फीट की खुदाई हुई है और सारी राशि की निकासी भी अब तक नहीं हो पायी है। 6 फीट की खुदाई में विवाद के बाद इसे बंद कर दिया गया था। यह कार्य मनरेगा के द्वारा कराया जा रहा था। खरौनी गांव के ग्रामीण प्रदीप झा सहित दर्जनों लोगों ने एक हस्ताक्षर युक्त शिकायत 19 अगस्त को लोकपाल को दिया था, जिसमें बताया गया था कि डांड़ की खुदाई में बढ़ती जा रही अनियमितता, सरकारी धनराशि के दुरुपयोग के अलावे गाइड बाल का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया गया है। जिसके बाद लोकपाल की तीन सदस्यीय टीम के द्वारा खरौनी गांव स्थित बहियार में पहुंचकर पूरे मामले की जांच की गयी और ग्रामीणों से बात की गयी। ग्रामीणों ने कार्य को संतोषजनक बताया है। साथ ही जांच के क्रम में पता चला कि बनाया गया

गाइडबाल योजना से नहीं बल्कि ग्रामीणों के द्वारा बनाया गया है। लोकपाल ने बताया कि मामले की जांच के बाद इसका अवलोकन किया जा रहा है। इस मामले में जल्द फैसला सुनाया जायेगा और इसकी रिपोर्ट मुख्य सचिव के साथ-साथ केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव दिल्ली और ग्रामीण विकास विभाग बिहार के सचिव को भी सौंपी जायेगी। साथ ही इसकी रिपोर्ट लोकपाल न्यायालय पटना को भी दिया जायेगा। इसके पूर्व पपरवा गांव समीप बने पंचायत सरकार भवन में कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव कुमार, असनाहा पंचायत के पीआरएस और मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सहित अन्य से आवश्यक पूछताछ की गयी। इस मौके पर लड्डु झा, राकेश झा, शेखर तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

जैन समुदाय का 10 दिवसीय दशलक्षण महापर्व हुआ शुरू

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड स्थित जैन धर्मशाला में जैन समुदाय का महापर्व 10 दिवसीय दशलक्षण महापर्व की शुरूआत हो गई। आत्म शुद्धि का यह पर्व 9 सितंबर तक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के पूर्व प्रबंधक पवन जैन ने बताया कि, दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण पर्व का उद्देश्य सांसारिक प्रवृत्तियों को अहिंसा से सराबोर रखना है। दशलक्षण के पहले दिन जैन मंदिर परिसर में प्रबंधक कमल जैन की अगुवाई में लोगों ने उत्तम क्षमा धर्म की पूजा संपन्न की। इस दिन जैन धर्मावलंबी अपने अपने घरों में विशेष पूजा अर्चना कर यथाशक्ति व्रत को रखना आरंभ किया। बताया गया कि, पहले दिन उत्तम क्षमा, जबकि 1 सितंबर को उत्तम मार्दव धर्म के बाद उत्तम आर्जव धर्म, उत्तम शौच धर्म, उत्तम सत्य धर्म, उत्तम संयम धर्म, उत्तम तप धर्म, उत्तम त्याग धर्म, उत्तम अकिंचन्य धर्म, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म आदि की पूजा

की गई। प्रबंधक कमल जैन ने बताया कि, दशलक्षण पर्व के अंतर्गत त्याग और संकल्प आराधना पर विशेष जोर दिया गया है। मंदिर परिसर में शांति धारा विशेष पूजन और शांति पाठ का आयोजन किया गया। बताया गया कि 9 दिनों तक यह कार्यक्रम जैन धर्मशाला में मनाया जाएगा। जबकि अंतिम दिवस का कार्यक्रम मंदारगिरी में मनाया जाएगा। इस अवसर पर काफी संख्या में जैन समुदाय के धर्मावलंबी शामिल होंगे।

गरीब बिमार वृद्धावस्था आदमी से धमकी देकर झोला छाप डाक्टर ने दो बोतल सलाइन के वशुले 3400 रूपया

बाँका/कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट

बाँका/कटोरिया/जयपुर थाना झेत्र के कटियारी पंचायत अन्तर्गत कुमहरबाँक गाँव के रहने वाले झोला छाप डाक्टर अशोक यादव ने एक गरीब परिवार के घर मे एक पेसेन्ट वृद्धावस्था आदमी जिनका नाम तिरघुन यादव ग्राम धरवा से धमकी देकर वसुले 3400 रुपए जो कि बिलकुल गलत हे ।एक बोतल प्लेन सलाइन के टफ्छ दाम 34 रूपया

मात्र था ।जोकि उस सलाइन चढाने का फिश 3400 सौ रूपया धमकी देकर ले लिए ।उस झोला छाप डाक्टर ने वृद्धआदमी को बताया एक बोतल सलाइन का दाम 1300 रूपया हे ।जो कि मजबुरी मे किसी से मांग कर दिया जो बिलकुल गलत है। आखिर ये सब एक गरीब के साथ क्यू हो रहा है।

माइक्रो फाइनेंस कर्मी से नकदी लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण एकमा (सारण)। हथियार के बल पर फाइनेंस कम्पनी के कर्मी से हुई एक लाख पांच हजार रुपये लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि एकमा बाजार में संचालित भारत माइक्रो फाइनेंस कम्पनी का कर्मी हजारी राय बीते 22 अगस्त को केशरी मठिया से नकदी की वसूली कर एकमा लौट रहा था। इसी क्रम में केशरी गांव के समीप एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक हथियार का भय दिखाकर दिनदहाड़े रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गये थे। जिसकी प्राथमिकी एकमा थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार की गई। जहां दोनों आरोपियों की पहचान जनता बाजार थाना क्षेत्र के चकदेह गांव निवासी रामाशंकर यादव के पुत्र रोहित कुमार व योगेंद्र साह के पुत्र नीरज साह के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से आवश्यक पूछताछ कर जेल भेज दिया है।

ललई सिंह यादव के विचार आज भी प्रासंगिकः डॉ. लालबाबू यादव

दैनिक समाज जागरण छपरा (सारण)। बहुजन नायक उत्तर भारत में पाखण्ड एवं अंधविश्वास के खिलाफ समाज को जागृत करने वाले परियार ललई सिंह यादव की 111वीं जयन्ती समारोह का आयोजन छपरा शहर स्थित यादव छात्रावास में प्रो ललन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रारंभ में ललई सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. लालबाबू यादव ने कहा कि ललई सिंह ने बीसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत के जननायक रामासामी पेरियार के विचारों से प्रभावित होकर उनकी पुस्तक सच्ची रामायण को हिन्दी में अनुवाद किया। जिसे तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने निषिद्ध कर दिया। बाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय ने लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद ललई सिंह को सच्ची रामायण को जनमानस में प्रचारित-प्रसारित करने अधिकार प्राप्त हो गया। हिन्दी के प्राध्यापक डॉ. दिनेश पाल का कहना था कि उनके विचारों की प्रासंगिकता आज भी बरकरार है और हम समाज के 25 प्रतिशत बहुजनों को एकजुट कर सत्ता पर अपना अधिकार जमा सकते हैं। समारोह को अन्य लोगों के अलावे रामलाल राम, रामबाबू शर्मा, डॉ. नागेंद्र राय, प्रो. शंभु प्रसाद, मानिक चन्द्र ढोढ़ी, लक्ष्मण माँझी, व्यास माँझी आदि ने भी सम्बोधित किया। प्रारंभ में आगत अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अरुण कुमार ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन स्कूल संचालक रमेश कुमार ने किया। आयोजन के संयोजक कमलेश राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मिशन गायक धीरज धर्मेंद्र ने अपने समाजियों सहित संगीत प्रस्तुति से कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की।

आए थे दुकान में चोरी करने, चौकीदार को देख बाइक छोड़ भागे चोर

दैनिक समाज जागरण मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा बाजार में बुधवार की रात चौकीदारों की सजगता से चोरी की बड़ी घटना होने से बच गई। बताया जा रहा है कि कोहड़ा बाजार पर बुधवार की रात चौकीदार लालजी मांझी व राजदेव मांझी की ड्यूटी थी। दोनों चौकीदार आधी रात को गश्ती करते हुए जब त्रिलोकी साह के किराना दुकान के समीप पहुंचे तो सामने सब्जी मार्केट रोड पर एक बाइक खड़ी मिली तो वे लोग सचेत हो गए। तभी कुछ दूरी पर गतिविधि महसूस होने पर चौकीदारों ने आस-पास टार्च जलाकर देखा मगर कोई नही दिखा। उसके बाद चौकीदारों ने कुछ दूर तक उनका पीछा किया। उसके बाद चौकीदार लालजी मांझी व राजदेव मांझी ने रोड पर खड़ी बाइक सिटी हंड्रेड को अपने कब्जे में लेकर दाउदपुर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम को जानकारी दी। उधर सूचना मिलने पर दुकानदार त्रिलोकी साह ने पहुंच कर अपने किराना दुकान का मुआयना किया तो पाया कि एक साइड से चोरों ने दुकान में घुसकर दाल आदि चोरी करने का प्रयास किया था। बगल के मनोज साह के दुकान में भी कोशिश की गई थी। गुरुवार की सुबह पुलिस बाइक को जप्त कर थाने ले गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस बाइक से सम्बंधित जांच कर रही है।

ट्रक व बाइक की टक्कर में यूपी के दो लोग घायल

दैनिक समाज जागरण एकमा (सारण)। एकमा थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली सड़क एस एच 96 पर एकमा के नवतन गांव के लाला गाछी के समीप अचानक ट्रक और बाइक में सीधी टक्कर हो गयी. जिसमें बाइक सवार उत्तर प्रदेश के बैरिया गांव निवासी मोहम्मद भुटुल व पिंटू कुमार घायल हो गए। बताया गया है कि आसपास के लोगों ने पुलिस के सहयोग से दोनों घायलों को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ. पंकज कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मोहम्मद भुटुल व पिंटू कुमार सीवान से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया गांव स्थित अपने घर बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान मांझी- बरौली सड़क एस एच 96 पर नवतन गांव के लाला गाछी के समीप इनकी बाइक एकमा की ओर आ रही एक ट्रक से अनियंत्रित होकर टक्कर गयी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि दोनों का उपचार सदर अस्पताल में हो रहा है।

पांच लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण एकमा (सारण)। रसूलपुर थाने की पुलिस ने गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के टेसुवार गांव स्थित एक तेल मील व आटा चक्की के परिसर से पांच लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने इस दौरान तेल मिल व आटा चक्की के मालिक और शराब के धंधेबाज सीवान जिले के सीसवन प्रखंड के महानगर गांव निवासी रघुवीर साह को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद धंधेबाज को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

उच्च विद्यालय हरपुर जान में खिड़की उखाड़ कर 4 पंखे चोरी

मशरक (सारण)। थानादैनिक समाज जागरण क्षेत्र के गुरूकुल उच्च विद्यालय हरपुर जान में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा खिड़की का पल्ला उखाड़ कमरें में लगे 4 पंखे चोरी करने का मामला सामने आया।मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुन्ना मिश्रा ने बताया कि गुरूवार को जब वे विद्यालय पहुंचे तों देखा की कमरें में लगा खिड़की का पल्ला उखाड़ा गया है वही कमरें में लगा 4 पंखा चोरी कर ली गई है। मामले में आदेशपाल सह रात्रि प्रहरी कन्हैया सिंह के द्वारा थाना पुलिस को आवेदन दिया गया है पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

गौसपुर व बलिया सीआरसी में पांच दिवसीय गैर आवासीय चहक प्रशिक्षण का शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण

एकमा (सारण)। एकमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर व बलिया स्थित सीआरसी में दूसरे चरण के अंतर्गत गुरुवार से पांच दिवसीय गैर आवासीय चहक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। गौसपुर सीआरसी में चहक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी, एचएम अनिता पांडेय, हरेन्द्र सिंह, कुमार रश्मि रंजन, उपेंद्र सिंह, दयाशंकर पांडेय आदि के द्वारा संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया गया।

इस अवसर पर बीईओ रागिनी कुमारी ने कहा कि निपुण भारत निपुण बिहार के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल रेडिनेस मॉड्यूल चहक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसका उद्देश्य कक्षा एक में नव-नामांकित बच्चों को मानसिक रूप से विद्यालय के लिए तैयार करना तथा विद्यालय के माहौल को बच्चों के उपयुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि कक्षा प्रथम के नव-नामांकित बच्चों को सत्र के

प्रथम माह तक उनके मुताबिक माहौल बनाने का अभ्यास स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और कक्षा एक के नामित शिक्षकों के माध्यम से कराना है। जिससे बच्चों में शारीरिक, भाषा, मनो सामाजिक, रचनात्मक और संख्यात्मक विकास की समग्रता शामिल हैं। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर शिक्षक अपने बच्चों को खेल खेल में विद्यालय और शिक्षकों के साथ सहज बनाकर सर्वांगीण गुणों का विकास भी कर सकेंगे।

प्रशिक्षण के पहले दिन विविध गतिविधियों के माध्यम से गौसपुर सीआरसी में प्रशिक्षक बीरबल माह तो, अभिषेक कुमार, सोनाली नंदा, मेंटर विवेक कुमार और बलिया सीआरसी पर ट्रेनर डॉ शशि भूषण शाही, स्मिता सिंह, वेद प्रकाश, मेंटर कविता कुमारी, सीआरसी संचालक हरिशंकर शाही आदि ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस अवसर प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय, हरिशंकर शाही, व्यास सिंह, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, उपेंद्र सिंह, मनजीत तिवारी, कमल कुमार सिंह, ओम प्रकाश यादव, दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश सिंह,अंजू कुमारी, शैलेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, सुनील सिंह, प्रशांत पांडेय, राज मोहम्मद अंसारी आदि मौजूद रहे।

अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार, एक फरार

दैनिक समाज जागरण मशरक (सारण)। थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो को गिरफ्तार कर लिया वही एक फरार हो गया। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि कांड संख्या 220/22 जमीन हड़पने में मारपीट के मामले में फरार चल रहे खिलेन्दर राय पिता राजकुमार राय गांव बली विशुनपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया।वही दूसरे मामले में कांड संख्या 176/22 मारपीट के मामले में फरार चल रहे प्रमोद साह उर्फ प्रमोद कुमार पिता राजकुमार गांव लखनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।वही तीसरे मामले में अवैध शराब बरामदगी के लिए छापेमारी में बहुआरा गांव में भलख नट पिता संता नट के घर के पीछे दो लीटर देशी शराब बरामद किया गया वही शराब धंधेबाज भलख नट पिता संता नट फरार हो गया। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों को मंडल कारा छपरा भेज दिया गया वही फरार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

बरुआ पंचायत क्विज प्रतियोगिता का टॉपर रहा सत्यम

दैनिक समाज जागरण

दिघवारा (सारण)। दिघवारा प्रखंड की ऐतिहासिक भूमि गांव मलखाचक में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पंचायत के सभी बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। उन बच्चों की जितनी तारीफ की जाए कम है। उन सभी बच्चो की हाजीर जवाबी में शिक्षा रुपी संस्कार की परिपूर्णता दिख रही थी, और ये परिपूर्णता हो भी क्यों न यहां के लोगों का सांस्कारीक प्रेम अपने अतीत को फिर से दोहराने जा रही है। इस क्विज प्रतियोगिता में सैकडों बच्चो ने अपनी अपनी भागीदारी दी सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में दस बच्चों ने टॉप टेन में स्थान पाने वालों में कुनाल कुमार, राजलक्षमी कुमारी, सत्यम कुमार,यहम आनन्द, खुशी कुमारी, पल्लवी कुमारी, आयुश सिंह, रीत कुमारी,,कृती सिंह,संध्या कुमारी, इन टोपर बच्चों में से टौप 4 निकाला गया जो ग्रुप ए, ग्रुप बी,ग्रुप सी और ग्रुप डी का लीडर बनें जिसमें ग्रुप ए ने प्रथम स्थान पाया। जिसके लिडर सत्यम थे। ग्रुप डी ने द्वीतीय स्थान पाया जिसके लिडर खुशी थी, और ग्रुप सी ने तीसरा स्थान पाया जिसके लिडर राजलक्ष्मी कुमारी थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमरनाथ सिंह ने कहा की हमारे बच्चों में काफी प्रतिभा है। जिसे मंच मिलने की आवश्यक्ता है, जो को अब बरुआ पंचायत क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से हो रहा है। वहीं बरुआ पंचायत के पुर्व मुखिया सुधीर सिंह जी ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम हमारे नन्हें मुन्हें बच्चों को निखरने का मौका देता है। वहां अभिभावक के रुप में मौजुद थे। अमरनाथ सिंह, सुधीर सिंह, कुणाल सिंह, चंदन सिंह, सोनु सिंह, इन्द्रजीत सिंह, सुजीत सिंह, जय राम सिंह, उज्वल सिंह, आयुष सिंह, निशांत सिंह आदी लोग मौजुद थे।

जियो और जीने दो का संदेश लेकर आता है आर्जव धर्म

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज', इन्दौर,

जियो और जीने दो का संदेश लेकर आता है आर्जव धर्म। यह धर्म व्यक्ति से समष्टि, एकल से समग्रता, घर से मुहल्ला, शहर, प्रदेश, देश और समस्त देशों में शांति का संदेश देता है। प्रत्येक व्यक्ति में सरलता आ जाये तो संपूर्ण दुनिया में शांति आ जाये। छलकपट, मायाचारी, बेईमानी छोड़कर आर्जव धर्म अपनाने से स्वच्छ समाज का निर्माण होगा। दुनिया के सारे देश यदि छल-कपट छोड़ दें तो सारी दुनिया में सुख-शांति आ जाये। आज नीचे से ऊपर तक कहीं न कहीं छल-कपट पुष्पित-पल्लवित है। वस्तुओं में मिलावट, कालाबाजारी, डाक्टरों द्वारा अपना पैसा बनाने के चक्कर में अवश्यकता न होने पर भी आपरेशन कर देना, पैसा बनाने के चक्कर में निगेटिव की पांजिटिव, पाजिटिव की निगेटिव रिपोर्ट बना देना आदि मरीजों के साथ बेईमानी, कर्मचारियों द्वारा अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं निभाना, सौदों में बीच में कमीशन लेना, काम करवाने की ऐवज में रिश्वतखोरी करना, मुह से कहना कुछ और तथा करना कुछ और ये सब मायाचारी में आते हैं। इनको छोड़ने पर ही व्यक्ति के गुण प्रकट होता है। सरलता ही मनुष्य का वास्तविक स्वभाव है। हमारे संत आचाय विद्यासागर, आचार्य सुनीलसागर, मुनि पूज्यसागर जी आदि कहते हैं कि मन, वचन और कार्य से सात्विक व्यक्ति के आचारण को आर्जव धर्म माना है। जब मनुष्य का मन, वचन और काय किसी एक कार्य में लग जाय तो समझ लेना चाहिए कि उसके तीवन में आर्जव धर्म का प्रवेश हो गया है। जब व्यक्ति मन, वचन और काय को शुभ कार्य में लगाता है तो सुख, शांति और समृद्धि का अनुभव करता है, वहीं जब अशुभ कार्य में मन लगाता है तो दुख, क्लेश का अनुभव करता हुआ मानसिक सुतुलन खो बैठता है। इससे भी कहीं अधिक जब शुभ-अशुभ कार्य को छोड़ स्वयं में स्थिर हो जाता है तो वह परमात्मा बन जाता है। आर्जव धर्म के अभाव में वर्तमान में जीने वाला व्यक्ति ही आर्जव धर्म को स्पर्श कर सकता है।

जब कपट, मायाचारी जाती है तो आर्जव धर्म आता है, निर्मलता, पवित्रता, आती है। छल-कपट करने वाले लोगों की बहुत बुरी दशा होती है। छल-कपट जो करते हैं, मायाचारी जो करते हैं, वो हमेशा शंकित रहते हैं। हमारा छल किसी को मालूम ना पड़ जाए, बेईमानी किसी को मालूम न पड़ जाय, हमारा षडयंत्र लोगों को मालूम न पड़ जाय, ये हमेशा उसको शंका रहती है। छलकपट की उम्र बहुत नहीं होती है। और जितनी भी होती है वो व्यक्ति में बेचौनी बनाये रखती है। दुकानदार छल-कपट करता है, तो लेते समय, रखते समय उसको एक शंका तो रहती है। एक भय तो रहता ही है, अगर इनको मालूम पड़ गया तो क्या होगा। खूब छल-कपट होता है दुनिया में। आज कल तो नेता-अभिनेता, घर-परिवार सब जगह छलकपट होने लगा है। यहां तक डॉक्टर और वैद्य भी छलकपट करने लगे हैं।

मायाचारी, छलकपट, बेईमानी समाज में बहुत चल रही है। ऐसे लोगों की समाज में कीमत कुछ नहीं होती। आपको मालूम पड़ गया कि वह व्यक्ति बेईमानी करता है। ज्यादा पैसा लेता है और कम सामान देता है। अब उसके दुकान पर जाना बंद कर देंगे। मालूम पड़ गया कि नौकर है वह बेईमानी करता है, जब हम दुकान पर नहीं रहते हैं तब भी लोगों को माल बेचता है, पैसा अपनी जेब में रखता है। आप को उसका कपट मालूम पड़ गया तो उसको नहीं रखोगे। अब उसकी मायाचारी, छलकपट, बेईमानी मालूम पड़ती हैं तो सब उससे दूर रहते हैं। कपट करनेवाले का उसके सगे मां-बाप भी विश्वास नहीं करते हैं। ये बेईमानी करता है, हमको कुछ बोलता है, उसको कुछ बोलता है और कुछ करता है। और उससे विश्वास खत्म हो जाता है। इस व्यक्ति को कुछ काम नहीं बताना वह स्थिर नहीं है। उसमें सरलता नहीं हैं। इसलिए छलकपट नहीं करना। कपट करने से परिवार टूट जाते हैं। कोई कहेगा कि सरलता से क्या होता है। सरल व्यक्ति की तो कोई कीमत नहीं होती, किन्तु ऐसा नहीं है । सरल व्यक्ति की बहुत कीमत होती है। उसकी कीमत परमात्मा की दृष्टी में होती है। सरल व्यक्ति हैं आप, आपकी कीमत दूसरा करे या ना करे। लेकिन अपने अंतरंग में शांति आती है कि मैंने कोई छलकपट तो नहीं किया, मैंने किसी से बेईमानी तो नहीं की। हम भी किसी से कपट न करें और कोई हमारे साथ कपट न करे ऐसा प्रयास होना चाहिए। स्वयं में मार्दव धर्म को प्रकट होने दें। स्वयं सुखपूर्वक जियें, दूसरों को सुख से जीने दें। यह तो जियो और जीने दो का सूत्र मंत्र है।

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज',
22/2, रामगंज, जिंसी, इन्दौर, 9826091247

सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए शिक्षक नसीम ने लिखीं विषयवार रेफरेंस बुक

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। अपने अनूठे शैक्षिक गतिविधियों व नवाचारों के लिए चर्चित जिला के नगरा प्रखंड के बी बी राम उच्च विद्यालय नगरा सारण के युवा गणित शिक्षक नसीम अख्तर ने एक बार पुनः अपने रचनात्मक कार्यों से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र- छात्राओं के लिए विषयवार सार- संकलन पुस्तक (रेफरेंस बुक) की रचाना की है। जो बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा पर आधारित एवं क्वेश्चन बैंक की तरह है। विषयवार सार- संकलन नामक पुस्तक की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें 100 से अधिक चैप्टरवाइज वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के संकलन के साथ अध्यायवार विषयगत टॉपिक का विश्लेषण करते हुए प्रतियोगी परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नोत्तर का भी संकलन किया गया है। जो इसे काफी आकर्षक एवं अद्भुत बनाता है। यह पुस्तक बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं के अलावें प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी लाभदायक सिद्ध हो रहा है।

ज्ञातव्य हो कि श्री अख़्तर ने कोरोना काल में इसके कंटेंट्स के माध्यम से अपने जिला के अलावें अन्य जिलों में भी व्हाट्सअप ग्रुप व फेसबुक पेज के माध्यम से छात्र- छात्राओं को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। श्री अख़्तर ने बिहार सरकार की उन्नयन योजना एवं

मेरा मोबाइल मेरा विद्यालय पर छात्र- छात्राओं की सहायता कर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खुब सुर्खियां बटोरने का काम किया है। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग, सारण एवं बांका द्वारा संचालित गरीब व मेधावी छात्र- छात्राओं हेतु सुपर-30 योजना में अहम भूमिका निभाई जिसके कारण सारण डीएम व बांका डीएम द्वारा सम्मानित भी किया गया है। छात्र- छात्राओं से लगाव, शैक्षिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना व शिक्षा विभाग सारण के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य करने आदि हेतु श्री अख़्तर राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित है।

पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया कार्य

दैनिक समाज जागरण मशरक (सारण)। पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने के लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंचल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारी और कर्मचारियों ने गुरुवार को काली पट्टी लगा कर विरोध जताया। इसकी जानकारी बीडीओ मो आसिफ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में डा एस के विधार्थी ने दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने 2004 में सरकारी कर्मचारी का पेंशन बंद कर दिया। जिसमें राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर तानाशाही रवैया अपनाकर एक सरकारी कर्मियों का पेंशन बंद कर दिया। सेवानिवृत्ति के बाद इन कर्मियों का गुजर बसर करना कष्टकारी हो जाता है। इन कर्मियों के हित में पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने को लेकर आन्दोलन का बिगुल फूंक दिया गया है। इसके लिए गुरुवार को काली पट्टी बांध कर सांकेतिक विरोध जताया गया। इस पर सरकार इसे लागू नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। डॉ एस के विधार्थी ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा हक है और इसे लेकर रहेंगे। सभी अपना जीवन सरकार को दे देते हैं पर बुढ़ापे में कष्टमय जीवन हो जाता है इसको लेकर पुराने पेशन योजना को लेकर रहेंगे। आज काला बिल्ला लगाकर लगाकर सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराएंगे।

नाला निर्माण पर ग्रामीणों ने लगाई रोक

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत राज मटियार के वार्ड नंबर चार के खजुहट्टी गांव में सड़क के बगल में नाला निर्माण में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। बताया जाता है कि 15 वे वित्त आयोग के द्वारा स्वीकृत राशि के अनुसार ग्राम पंचायत राज मटियार के वार्ड नंबर 4 ग्राम खजुहट्टी में सड़क के बगल से नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। इस दौरान एक पक्ष के द्वारा नाला पर रोक लगाया जा रहा है। वही मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि इस नाले के व्यवधान के संबंध में सूचना मिली तो मैं आया व जायजा लिया। इस संबंध में मैंने अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दे दी है। वही व्यवधान उत्पन्न करने वाले महाजन बीन के पक्ष से योगेंद्र बीन का कहना है कि यह नाला मेरे निजी जमीन में बन रहा है जो सर्वथा उचित नहीं है। वही पंचायत के मुखिया सुशीला देवी के प्रतिनिधि सुशील कुमार सुमन ने कहा कि सड़क के बगल में सरकारी जमीन है, जिसमें ग्रामीणों के सुविधा के लिए नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। सरकारी कार्य जैसे इस प्रकार के नाले के निर्माण में व्यवधान करना सर्वथा अनुचित है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों पर जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रखंड व अंचल कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर नई पेंशन नियमावली का किया विरोध

दैनिक समाज जागरण तरैया (सारण)। तरैया में प्रखंड व अंचल कर्मियों ने गुरुवार को काला बिल्ला लगाकर नई पेंशन नियमावली का विरोध किया। कर्मियों ने एन पी एस गो बैक के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मी नई पेंशन प्रणाली को हटाने और पुराने पेंशन प्रणाली को लागू करने की मांग कर रहे थे। गोप गुट के आह्वाहन पर कर्मियों ने पूरे दिन काला बिल्ला लगाकर काम किया। मौके पर प्रखंड कर्मी जितेन्द्र कुमार, नाजिर रंजीत कुमार सिन्हा, संजय साह, प्रमोद रंजन, संतोष गुप्ता, सुबास पटेल, राजीव गुप्ता, नरेश मांझी, राकेश शर्मा, मुकेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

घर-घर लगे तिरंगे को सम्मान से सहेज कर सुरक्षित रखने की अपील करते सरदार पतविंदर सिंह'

नैनी प्रयागराज /आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विगत 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी स्तर पर घर-घर तिरंगा फहराने का व्यापक सफलता पूर्वक अभियान चला अब अपने घर से झंडा और आसपास के घरों में जो भी झंडे लगे हैं उन्हें सम्मान से सहेज कर रखने व इसे क्षतिग्रस्त होने से बचाने संबंधित सेवा कार्य की मुहिम चलाकर अपने दैनिक दिनचर्या का अंग बना चुके हैं प्रयागराज जनपद के सुप्रसिद्ध समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह '

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा सरदार पतविंदर सिंह ने विगत कई दिनों से मोहल्ले,मोहल्ले पगडंडी,पगडंडी जन जागरूकता करते हुए कहा कि देशवासियों का कर्तव्य है कि वह अपने व अपने पड़ोसियों के घरों,दुकानों,कार्यालय पर जहां कहीं तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहे हो उन्हें सम्मान सहित उतारे व उन्हें तह करके सुरक्षित रखें ताकि अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस अथवा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें फहराया जा सके तेज हवा,बारिश,धूप मिट्टी मे फटने से पहले इन झंडों को आदर व सम्मान सहित उतार लें' सरदार पतविंदर सिंह आगे कहा कि जो लोग अज्ञानता वश राष्ट्रीय ध्वज का दुरुपयोग या अनादर करते दिखाई दें उन्हें बहुत प्यार से समझा बुझाकर ऐसा करने से रोकें तथा तिरंगे की अहमियत व उसके आदर व सम्मान के विषय में बताएं उन्हें यह भी बताएं कि तिरंगे का अर्थ है देश के संविधान का सम्मान,तिरंगा यानी सांप्रदायिकता जातिवाद मुक्त भारत' अब हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि घर-घर तिरंगा अभियान की अपार सफलता के बाद उसी उत्साह और राष्ट्रप्रेम से राष्ट्रीय तिरंगे को सुरक्षित,सम्मान पूर्वक सजोकर रखना है'इस अवसर पर डॉ ऋषि,

आशीष यादव, सत्यनारायण,तूफानीलाल,हरमन जी सिंह,दलजीत कौर सहित कई राष्ट्रभक्त टोलियां बनाकर जन जागरूकता कर रहे हैं'

लखनऊ की आईटीआई को लाईट हाउस आईटीआई बनाने के निर्देश

प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विभाग ने की सभी मण्डलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं का अधिक से अधिक प्लेसमेंट करवायें जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की कमेटी करेगी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच

लखनऊः 01 सितम्बर, 2022 प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विभाग सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ के सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में सभी मण्डलों के संयुक्त निदेशक आई0टी0आई0 ने प्रतिभाग किया। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के लिए प्लेसमेन्ट मेले अधिक से अधिक लगवाने एवं अप्रेन्टिस की संख्या बढाने एवं आई0टी0आई0 में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों के ओ0जी0टी0 की डाटा फीडिंग, डी0एस0टी0 की डाटा फीडिंग एव आई0टी0आई0 को के0पी0आई0 के अचीवमेन्ट प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों के स्किल ग्रो एवं वॉक इन एडमीशिन एवं प्रत्येक मण्डल के किसी एक आई0टी0आई0 में कौशल विकास के माध्यम से मोबाइल रिपेयरिंग, मेडिकल हेल्पर, मेडिकल असिस्टेण्ट, आक्सीजन प्लॉण्ट आपरेटर, ड्रोन टेक्नीशियन, ड्रोन ऑपरेटर, साइबर सिक्योरिटी कोर्स चलाने के निर्देश समस्त संयुक्त निदेशको को दिये। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की कमेटी बनाकर निर्माण कार्यो के गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिये गये है। समीक्षा बैठक में अभिषेक सिंह, विशेष सचिव, डॉ0 नन्द किशोर धर द्विवेदी, वित्त नियंत्राक, नीरज कुमार, अपर निदेशक, मानपाल सिंह, अपर निदेशक, डी0के0 सिंह निदेशक प्राविधिक, राजेन्द्र प्रसाद, संयुक्त निदेशक, एस0सी0बी0टी0 सहित मण्डलों के संयुक्त निदेशक तथा निदेशालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का समापन हरिकेश चौरसिया, निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ ने धन्यवाद के साथ किया।

पाकुड़िया में अंकिता को इंसाफ दिलाने के लिए निकाल गया आक्रोश जूलूस

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट-मृत्युंजय कुमार

पाकुड़िया (पाकुड़) दुमका की बेटी अंकिता कुमारी को न्याय दिलाने हेतु एवं हत्यारा शाहरुख हुसैन को फांसी की मांग करते हुए युवा संगठन पाकुड़िया की ओर से मुकेश यादव के नेतृत्व में आक्रोश जुलूस निकाला गया एवं सिद्धू कानू मोड़ में पोस्टर पर कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ज्ञात हो कि बीते दिनों दुमका की बेटी अंकिता कुमारी को उसी के गांव की एक युवक शाहरुख हुसैन ने उसके शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर जला कर मारने का प्रयास किया गया था और अंतत इलाज के क्रम में ही उनकी मृत्यु हो गई थी` इस घटना से पूरा समाज चिंतित एवं व्यथित है पाकुड़िया के लोगों ने विभिन्न नारो जैसे अंकिता के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो राज्य सरकार होश में आओ करते हुए पुरा बजार भ्रमन किया मौके पर सौरभ भगत, सोनू भगत नितेश यादव, चंदन भगत, अक्की वर्मा, रवि वर्मा, शुभम भंडारी मयंक वर्मा विशाल वर्मा सुमित सहा विवेक कुमार इमरान अंसारी लालू महतो सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

राज्य सरकार के विरोध में किया पुतला दहन

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राज कुमार भगत

पाकुड। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी के निर्देश पर पलामू के मुरुमातु के 35 महादलित परिवार को विशेष समुदाय के द्वारा बेघर किये जाने और दुमका की बेटी अंकिता सिंह को मो शाहरुख के द्वारा जला कर हत्या किए जाने के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ पुतला दहन का कार्यक्रम पाकुड़ नगर के स्थानीय अंबेडकर चौक पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत रविदास के नेतृत्व में किया गया। मौके पर उपस्थित जिला मंत्री पार्वती पसवान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जयंत मंडल, नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साहा, नगर महामंत्री पार्थ रक्षित, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रतन भगत, किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी बिक्रम मिश्रा, सुजीत रविदास, अमित हाजरा, निपेन भास्कर, आदि उपस्थित रहे।

ठनका गिरने से मवेशी की मौत

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट सतनाम सिंह

पाकुड़/ महेशपुर बड़कियारी पंचायत में अचानक तेज बारिश होने से और बर्जपात होने से लखीराम गांव के खेतों में चर रह मावेशी के उपर ठनका गिरने से एक गाएं की मौत हो गई। ग्रामीण अपने मवेशी को सुबह ही खेतों मैं चरने के लिए छोड़ देते है,लेकिन कुदरत के आगे किसी न चली बस यही हकीकत है,आज दोपहर तेज बारिश और आकाशीय तांडव ने बिजली नुमा कहर बरसा कर बड़कियारी खेतों में चर रहे एक मवेशी जो की कोलेस हेंब्रम की थी और साथ ही साथ बड़कियारी के मुखिया के बेल के उपर भी आकाशीय बिजली का तांडव होने बेल की भी मृत्यु हो गई,सभी ग्रामीणों ने अपने मवेशी की मृत्यु को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

धोवाडांगा में बजरंग युवा क्लब द्वारा सोमवार को भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ (हिरणपुर)गणेश पूजा को लेकर चारों ओर उत्सव का माहौल है। प्रखंड के धोवाडांगा में बजरंग युवा क्लब द्वारा सोमवार देर शाम भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत, प्रखंड प्रमुख रानी सोरेन, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मशहूर गायका कुमकुम बिहारी ने अपनी गायकी से लोगों समां बांधा। गाने के दौरान लोगों के बीच पहुंच कर उनका अभिवादन किया। कुमकुम बिहारी के साथ अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर धोवाडांगा के मुखिया एंथोनी सोरेन, हिरणपुर हिन्दू धर्मशाला निर्माण के अध्यक्ष दीपक साहा, समजसेवी चंदन भगत, कमिटी के अध्यक्ष चंद्रमोहन साहा, एसआई देवानन्द प्रसाद, कमिटी के सचिव शंभु कुमार साहा, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार साहा, विष्णु कुमार साहा, संजीवन साहा, दिनेश प्रसाद साहा, वीरेन, संजय, मिलन, तरुण, दीपक, महावीर आदि मौजूद थे। गौरतलब हो कि धोवाडांगा के अलावे हिरणपुर मुख्यालय के दो स्थानों पर भी कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

क्षेत्र में कोयला का अवैध भंडारण कर तस्करी जोरों पर 5 ट्रैक्टर अवैध कोयला को पुलिस ने किया जब्त

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

हिरणपुर- क्षेत्र में अवैध कोयला का भंडारण कर पश्चिम बंगाल के लिए वाहनों से तस्करी का खेल खूब हो रहा है. यह मामला बुधवार को थाना क्षेत्र के जामबाद गांव में भारी मात्रा में अवैध कोयला का भंडारण किये जाने की गुप्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर कोयला को जब्त किया. मिली जानकारी के अनुसार जामबाद गांव के खाली जमीन में भारी मात्रा में अवैध कोयला का भंडारण किया गया था. जिसे माफियाओं ने वाहन एवं जुगाड़ गाड़ी में लोड कर पश्चिम बंगाल के लिए तस्करी करने की फिराक में थे. सूत्रों की माने तो इस क्षेत्र में प्रतिदिन भारी मात्रा में अवैध कोयला का भंडारण किया जाता है. इसके बाद कोयला अवैध तरीके से तस्करी करते हैं. इस काला खेल में कई अलग-अलग गिरोह काम करते हैं. वहीं माफियाओं ने नियम कानून को ठेंगा दिखाते हुए दिन के उजाले में कोयला का भंडारण एवं तस्करी करते हैं. उधर, पुलिस अवैध रूप से लगभग 5 ट्रैक्टर भण्डारण कोयला को जब्त कर थाना लाया. इस बावत थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारण कोयला को जब्त किया गया है. वहीं अवैध कार्य में शामिल लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

थाना क्षेत्र के अंतिम सीमावर्ती पंचायत हुसैनाबाद व जसीडीह थाना क्षेत्र मथुरापुर स्टेशन के समीप वज्रपात होने से तीन लोगों की मौत हो गई। व करीब तीन लोग घायल हो गायें।

संवाददाता- अरविन्द यादव देवीपुर,

बता दें कि मथुरापुर स्टेशन के समीप लगाने वाले साप्ताहिक हाट गुरुवार को कुछ लोग सब्जी बैचने व अपने निजी कार्य से आयें थें कि उसी समय पानी पड़ते देख इन सभी ने पानी से बचने के कारण से महुआ पेड़ के पास चले गयें। जहाँ ठनका गिरने से तीन की मौत मौके पर ही हो गया। व तीन लोग घायल हो गयें। ठनका गिरने की खबर आस-पास के गांव को मिलते ही सेंकड़ों की संख्या लोग जुट गायें। एवं घायल हुए कुछ लोगों को इलाज के लिये देवघर व कुछ लोगों का मथुरापुर स्टेशन में निजी किलिनिक में कराया। वहीं इसकी सूचना देवीपुर थाना व जसीडीह थाना को मिलते ही देवीपुर थाना के एएसआई संजय रजक व जसीडीह थाना के एसआई अविनाश कुमार सुरक्षाबलों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। व शव को अपने कब्जे में लें लिया। किसकी- किसकी हुई मौत- देवीपुर थाना क्षेत्र के मानपुर पंचायत के नाउवाडीह कारीकादो गांव निवासी अहमद शैख लगभग- (65), जसीडीह थाना क्षेत्र के देता गांव के कमरुद्दीन अंसारी लगभग- (50), सारवां थाना क्षेत्र के डुब्बा मणिगढ़ी निवासी लक्ष्मण मंडल लगभग- (25),

कौन-कौन थे घायल-

घायल लोगों में से देवीपुर थाना क्षेत्र के फूलकरी पंचायत भारतीडीह गांव निवासी राजेश कुमार मंडल लगभग (22), जसीडीह थाना क्षेत्र के मसनजोरा पंचायत कोंकहराजोरी गांव निवासी प्रकाश मंडल लगभग (45) व एक जसीडीह थाना क्षेत्र के पिछड़ीबाद पंचायत साधुजोर निवासी शामिल हैं।

विद्यार्थी परिषद के प्रताब साहा ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत (पाकुड़)

पाकुड़ मैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रताब साहा ने बृहस्पतिवार को अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ जाने पर पुराना सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में किडनी डायलिसिस के मरीज बिरेन रक्षित को रक्तदान किया।

मरीज के परिजनों ने विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक विकास कुमार दास जी से संपर्क कर रक्त मुहैया करवाने को आग्रह किया।

विकास कुमार दास जी ने तुरंत विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अमित साहा से संपर्क कर ब्लड बैंक जाने को कहा।अमित साहा ने प्रताब साहा से रक्त दान करवा कर मरीज के परिजनों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाया।

विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री सत्यम भगत ने बताया कि विद्यार्थी परिषद सदैव रक्तदान के लिए तत्पर रहती है हमारा प्रयास रहता है कि रक्त की कमी से किसी भी मरीज की जान ना जाए। वही मरीज के परिजनों ने रक्त लेते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद समाज में हर परिस्थिति में मदद के लिए तैयार रहती है आज हम बोरिओ साहिबगंज से पाकुड़ जिले में इलाज के लिए आए हैं लेकिन फिर भी रक्त की आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थी परिषद की मदद से हमें तुरंत रक्त उपलब्ध हो गया।

उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के पोषण जागरूकता रथ एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट सतनाम सिंह

पाकुड़ उपायुक्त वरुण रंजन ने रविंद्र भवन टाउन हॉल परिसर से समाज कल्याण विभाग के पोषण जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि आज रवाना किए पोषण जागरूकता रथ जिले के सभी ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहाँ अतिकुपोषण की समस्या है, वहां जाकर सैम-मैम बच्चों तथा कुपोषण ग्रसित महिलाओं के बीच जनजागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें पोषण युक्त भोजन ग्रहण करने के साथ-साथ शिशुओं में उचित पोषण स्तर को बढ़ावा देने के लिए माताओं को स्तनपान के साथ ऊपरी आहार के महत्वों के विषय में जानकारी प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि पोषण जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य पाकुड़ जिले को कुपोषण से आजाद करते हुए सुपोषित बनाना है। इस अभियान के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बच्चे के जन्म के छह माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाने हेतु प्रेरित करना, शिशुओं के छह माह पूरे होने पर उन्हें स्तनपान के साथ-साथ पूरक आहार की जानकारी देना तथा खाना बनाने से पहले, खाने से पहले, शौच के बाद, कूड़ा-कचरा उठाने के बाद अपने हाथों को साबुन से धोने आदि विषयों की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। उपायुक्त ने परिसर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं आगनवाड़ी सेविका तेजस्विनी परियोजना कर्मियों को शपथ दिलाया कि हम महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वच्छ और मजबूत करने का वचन देता हूं। के दौरान में हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाऊंगा। सही पोषण का अर्थ पोस्टिक आहार, साफ पानी और रैली में शामिल कर्मियों कार्यकताओं के द्वारा पोषण संबंधी विभिन्न संदेशों को तख्ती बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया । पोषण जागरूकता रथ एवं रैली की रवानगी के अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजु कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व्यास ठाकुर, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, जिला समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण व अन्य उपस्थित थे।

चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़े कृषि उद्यमियों शेयर धारकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़े कृषि उद्यमियों शेयर धारकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज रविंद्र भवन टाउन हॉल में आयोजित की गई।

इस कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त वरुण रंजन, वरिष्ठ वैज्ञानिक, आई.सी.ए.आर, रांची, डॉ ए.के झा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड के.भी.के, महेशपुर डॉ० श्रीकांत सिंह, रीजनल हेड,अपेडा, कोलकता संदीप साहा, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रवीण मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस डीपीएम प्रवीण मिश्रा द्वारा कृषक उत्पादन पर एक विस्तृत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। जिसमें किसान उत्पादक संगठन की उत्पत्ति से लेकर अब तक का विवरण प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलना है लोगों को आमदनी के साथ-साथ प्रोफेशनल और साईंटिफिक पद्धति के तरीके से कैसे खेती किया जाए। उन्होंने कहा कि 1 एकड़ में 1 लाख रुपये कम से कम आमदनी किसानों को होना चाहिए। विगत एक वर्षों में चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी बनाया गया, और इसमें 500 दीदियों को शेयर होल्डर बनाया गया है। चास हाट प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा लिज्जत पापड़ भी बनाया जाएगा। चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़े हुए कृषि उद्यमियों/ शेयर धारकों को आने वाले वर्षों में 50 करोड़ टर्न ओवर का उपायुक्त ने लक्ष्य दिया। उपायुक्त ने कहा कि 2025 तक देश का सबसे बड़ा चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी बनना है। इस लक्ष्य को अचीव कैसे करना है, इसको लेकर उपायुक्त ने विस्तार से दीदियों को समझाया। आज कार्यशाला इसलिए रखा गया है कि सभी दीदियों को कृषि के क्षेत्रों में अलग-अलग एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। वैसे दीदियों को चिन्हित कर इस कार्यशाला में लाया गया है। चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी के लिए जेएसएलपीएस के साथ एक एमआईएस सॉफ्टवेयर बनाया जाय तो बेहतर होगा। इसके लिए मैं जेएसएलपीएस सीईओ से वातार्लाप करूंगा। इससे चीजों को एक्सपोर्ट करने में आसानी होगा। चास हाट फार्म प्रोड्यूसर कंपनी के लिए एक सीईओ का चयन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 20 मीट्रिक टन कचु की मांग एपीडा संस्था, कोलकाता से की गई है। 10 दिनों के अंदर 20 मीट्रिक टन कचु आप सभी कृषि उद्यमियों उपलब्ध करेंगे। चास हाट से जुड़े किसान अभी तक सिचाई 74 पी एम किसान योजना, 1 हजार से अधिक ड्रिप एरिगेशन एवं आत्मा से एक हजार से अधिक किसानों को बीज वितरण किया गया है। इस वर्ष अधिक से अधिक किसानों तक पहुचाने का निर्देश भी दिया गया। कार्यशाला के दूसरे भाग में सभी किसानों द्वारा अपने अपने क्लस्टर का कार्य योजना भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें सभी पैनिलसिट द्वारा बहुमुल्य सुझाव भी दिया गया। सभी शेयर धारकों को इस मौके पर शेयर सर्टिफिकेट भी वितरण किये गए।

पुरे आस्था के साथ की गई मां मनसा देवी की पूजा-अर्चना

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट-मृत्युंजय कुमार

पाकुड़िया (पाकुड़) । पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र स्थित मां मनसा की मंदिरों में गुरुवार को नागों की देवी माँ मनसा की पूजा प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम व भक्ति भाव से पूजा की गयी। शनिवार की सुबह घट भराई के बाद माँ मनसा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा प्रारंभ की गयी इस दौरान पाकुड़िया,मोंगलाबांध, बन्नोग्राम एवं आसपास के गाँवो के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से फल, फूल, प्रसाद लेकर पूजा में शामिल हुए और भक्ति भाव से पूजा- अर्चना कर माँ मनसा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दरमियान फुलास रखकर श्रद्धालुओं ने मन्नते माँगी और पाठे की बलि दी। इस मंदिर में अन्य समुदायों के कुछ लोगो का भी अटूट आस्था है। अन्य समाज के कई लोगो की मन्नते यहाँ माँ मनसा के दरबार में पूरी हुई है, जिस कारण उन ऐसे लोगों का भी आस्था इस मंदिर से जुड़ा है । प्रत्येक वर्ष पूजा में अन्य समुदाय के कुछ परिवार के लोग शामिल होकर चढ़ावा चढ़ाते हैं । ग्रंथो के अनुसार मनसा देवी को भगवान शिव की मानस पुत्री तथा नागो की देवी के रूप में पूजा जाता है। इनका प्रादुर्भाव मस्तक से हुआ है इस कारण इनका नाम मनसा पड़ा है। इन्हें नागराज वासुकी की बहन के रूप में भी पूजा जाता है ।

हो जाइए सावधान बिजली बिल अप टू डेट करने का आ रहा है फ्रॉड मैसेज,हो जाएंगे रुपए गोल

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड। एक मैसेज व्हाट्सएप नम्बर 9334799828 से, मैसेज आया कि आपका बिजली बिल अप टू डेट नहीं है । फल स्वरुप बिजली लाइन आपका काट दिया जाएगा। कुछ हद तक बात सही थी ,कि हमारे बिजली बिल जमा करने के बावजूद भी अप टू डेट नहीं है। हमने सोचा सच ही होगा । क्योंकि मैं संवाददाता राजकुमार भगत जब आपने मोबाइल से पैसा पैड करना चाहा तो उसमें भी पुराना बिजली बिल जुलाई महीना का शो कर रहा था ।हमने सोचा सही होगा। फिर मैंने उसके दिए गए नंबर 9692810087 पर फोन लगाया और पूछा की हमारी बिजली क्यों कटेगी ।हमने तो पैसा जमा कर दिया है ? उधर से बताया गया कि फिर भी कटेगा । क्योंकि आपका बिजली बिल अप टू डेट नहीं हो रहा है ।जो कुछ हद तक बात सही थी ।जब हमारे फोन पर से बिजली बिल पूर्व की तरह जमा करना चाहा तो क्रेंट बिल उसमें नहीं दर्शा रहा था! फल स्वरुप हमने बिजली विभाग पहुंच कर वहां कंप्यूटर से अपना बिजली बिल जमा किया था।किंतु वहां भी 24 अगस्त कोपुराना बिजली बिल ही शो कर रहा था । इसलिए मैंने मैसेज को सच मान लिया। फिर मैंने पूछा कि सर क्या करना होगा ।मैं बिजली ऑफिस आऊं क्या? उसने कहा कुछ नहीं आप प्ले स्टोर में जाकर मात्र ड्1 दे कर बिल अप टू डेट करा सकते हैं। हमने पूछा वह कैसे सर ,तो बोला कि पहले आप प्ले स्टोर खोलिए फिर एक-एक करके बताते हैं । इससे पहले कि मैं प्ले स्टोर खोलता मैंने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया। इसकी जांच पड़ताल करने के लिए मैंने 1 अगस्त गुरुवार को बिजली कार्यालय गया और घटना की जानकारी दी ।तो वहां बताया गया अगस्त को कटा ड्906 का बिजली बिल प्राप्त हुआ है ।तो यह फोन में पुराना बिल 618 रुपैया क्यों सो कर रहा है आज तक।अपडेट क्यों नहीं हुआ ? जब वहां कार्यालय में पैसा जमा करने गया तो भी पुराना ही बिल उसमें ड्618 दर्शा रहा था। जबकि हमने 906 के जगह पर ड्1000 रू 24 अगस्त को जमा किया।जब रसीद काटा तो उसमें भी ड्618 ही दिखा रहा था और एडवांस में जमा हो गया है। यह बहुत ही सोचनीय प्रश्न है कि जब बिजली बिल अप टू डेट आ रहा है तो शुल्क जमा करने पर अप टू डेट क्यों नहीं हो रहा है। क्या इसमें भी कोई गहरी साजिश है या फिर नेटवर्क का डिस्टर्ब। नेट में अप टू डेट नहीं दिख रहा था तभी तो मैंने इस बात को सच मानते मानते बच गया। व्हाट्सएप से सूचना दे रहा है। डरता भी नहीं है !फोन भी नहीं बंद करता है ! उसकी फोन चालू हालत में मिलेगी ।अतः पुलिस प्रशासन एवं विद्युत विभाग के अधिकारी इस बात पर ध्यान दें आखिरकार पैसा जमा करने पर भी अप टू डेट क्यों नहीं हो रहा हैं।



अगर यह नंबर लगातार चालू है तो इसे आसानी से पकड़ा जा सकता है। हालांकि बिजली विभाग में इस बात की नोटिस दी गई है की ऐसी फ्रॉड सूचना आ रही है ,जनता सावधान रहें।

अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक नाका को और मजबूत किया जाएगा

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट सतनाम सिंह

पाकुड़/आज एसडीएम पाकुड़ ने अपने कार्यालय में अवैध परिवहन को रोकने के जिले भर में जितने भी चेक नाका बने है,सभी चेक नाका की जानकारी और समीक्षा के लिए आज अपने कार्यालय में एक मीटिंग रखी गई थी,जिसे एसडीएम पाकुड़ हरिवंश पंडित के नेतृत्व में किया गया है,चेक नाका और सक्ति प्रदान करने की बातें की गई,आज की इस मीटिंग में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल,अंचल अधिकारी पाकुड़ आलोक वरुण केसरी,अंचल अधिकारी हिरणपुर, पाकुड़ जिला खनन पदाधिकारी और जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया एवं पोषण जागरुकता रैली निकाली गई।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट बिक्की सन्याल (अमड़ापाड़ा)

अमड़ापाड़ा :- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाल विकास परियोजगत अमडापाडा के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया एवं पोषण जागरुकता रैली भी निकाला गई, जिसमें सेविका, सहायिका, सहिया, बच्चे, किशोरियाँ एवं गाँव की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं रैली में सही पोषण देश रौशन का नारा भी लगाया गया। यह राष्ट्रीय पोषण माह दिनांक 01 अगस्त से 30 अगस्त तक मनाया जाना जिसमें ग्राम स्तर, पंचायत स्तर एवं परियोजना स्तर पर किए जाएँगे। महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी ने प्रखण्ड क्षेत्र के सभी महिलाओं, किशोरियाँ, बच्चे, सेविका, सहायिका, सहिया से अपील करते हुए कहा कि सभी इस पोषण माह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले ओर कार्यक्रम को सफल बनाए।

दो नाबालिग लड़की को किडनैप कर बंद कमरे में किया कैद, गिरोह का सरगना गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड का है जहाँ लिटिपाड़ा गाँव में स्थित भरत सोरेन के घर से देर शाम को दो बच्ची को किडनैप कर मॉब लिंचिंग के इरादे से दोनों बच्ची को बंद एक बंद कमरे में कैद कर दिया! बताया जा रहा है किडनेप करने वाला व्यक्ति प्रखंड क्षेत्र के प्रॉजेक्ट+2विद्यालय धर्मपुर में आदेशपाल पद पर कार्यरत हैं। और यह व्यक्ति करीब दो सप्ताह से किराये के मकान में रहता है। मिली जानकारी के अनुसार असोनी मरांडी, 6वर्ष एवं अन्नू सोरेन 8वर्ष सड़क पर खेल रही थी। इसी दरमियान राकेश हांसदा नामक एक व्यक्ति उस दोनों बच्ची को बिस्कुट चॉकलेट देकर अपना भाड़े के मकान पर भरत सोरेन का घर पर लाया एवं अंदर से दरवाजा को बंद कर दिया। जब बच्ची घर काफी देर तक नहीं पहुंची तो बच्ची की मां ने काफी खोजबीन शुरू कर दी। इतने में ही लिट्टीपाड़ा गांव की एक 10वर्षीय बच्ची ने किडनेप करने वाले राकेश हांसदा के साथ जाने की बात बताई। तब बच्ची की मां ने राकेश का किराये वाले मकान पर पहुंचा और कमरे के दरवाजे को खोलने को कहा तो उस व्यक्ति ने दरवाजा नहीं खोला। जिसके बाद बच्ची चोर की घटना पुरे गांव में आग की तरह फैल गया और ग्रामिणों की भीड़ लग गई! फिर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। और सूचना पाकर पुलिस मोके पर पहुंची । वहीं काफी पुलिस के कहने पर भी करीब 40से 45मिनट तक दरवाजा नहीं खोला। अंत में खिड़की को तोड़ने का फैसला किया। फिर करीब एक घण्टे बाद दरवाजा को खोला।जिसके बाद बच्ची को सही सलामत निकाला वहीं थाना प्रभारी अभिषेक राय एवं एएसआई सुरई टापे की सूझ बुझ से मॉब लिचिंग होते होते बचा फिलहाल आरोपी पुलिस कस्टडी में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस कढ़ाई से आरोपी की पूछताछ कर रही हैं।